सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 30 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 29, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 631 अंकों की उछाल

मजबूत रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में लिवाली आने से सेंसेक्स 631 अंक चढ़कर बंद हुआ। } 14

महाकुम्भ में हादसे पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जताया दुख

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा महाकुंभ में हुए दुखद हादसे से अत्यंत व्यथित हूं। हादसे में अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। } 14

महाकुम्भ में भगदड़, 30 श्रद्धालुओं की मौत

60 से अधिक श्रद्धालु घायल, मेला प्रशासन ने जारी किया हेल्प लाइन नम्बर 1920

विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ के संगम क्षेत्र में मंगलवार देर रात पवित्र स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया है। उत्तर प्रदेश सरकार भगदड़ में मरने वालों की संख्या को लेकर दिन भर चुप्पी साधे रही। हालांकि घटना के लगभग 16 घंटे बाद बुधवार देर शाम पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) वैभव कृष्ण ने मेला अधिकारी विजय किरण आनंद के साथ संयुक्त रूप से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भगदड़ में कुल 90 लोग घायल हुए थे, जिनमें से 30 की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि 25 मृतकों की पहचान हो गयी है और बाकी की पहचान की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में कर्नाटक के चार,

असम और गुजरात के रहने वाले एक-एक व्यक्ति भी शामिल हैं। डीआईजी ने बताया कि कुछ लोग घायल हुए अपने परिवार के सदस्यों को लेकर चले गये। अधिकारी ने बताया कि इस समय 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा है। कृष्ण ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया है, जिस पर अगर कोई व्यक्ति लापता है तो उसके संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने भगदड़ के कारण के बारे में बताया, मौनी अमावस्या पर स्नान के लिये ब्रह्म मुहूर्त से पहले देर रात एक से दो बजे के बीच मेला क्षेत्र में अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ का दबाव बना। उस दबाव के कारण दूसरी ओर के अवरोधक टूट गए और भीड़ के लोगों ने अवरोधक लांघ कर दूसरी तरफ ब्रह्म मुहूर्त के स्नान का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं को अनजाने में कुचलना शुरू कर दिया। इसी वजह से यह घटना हुई। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने कहा मेला प्रशासन की प्राथमिकता है कि जो भी लोग स्नान करने आए हैं, वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक वापस ...शेष पृष्ठ 14 पर

❍ भगदड़ की जानकारी देते डीआईजी वैभव कृष्ण

दर्दनाक हादसे पर भावुक हुए मुख्यमंत्री योगी

जांच करेगा न्यायिक आयोग, मृतक आश्रितों को 25-25 लाख की मदद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मौनी अमावस्या के शाही स्नान से ठीक पहले सोमवार-मंगलवार की रात भगदड़ में अब तक 30 लोगों की मौत हो गई है। 60 लोग घायल हैं। सीएम योगी ने महाकुंभ भगदड़ पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदना सभी मृतकों के परिजन के साथ है। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान करने के लिए कल शाम 7 बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए और 30 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज में 36 लोगों का इलाज चल रहा है।

यह घटना इसलिए हुई क्योंकि भीड़ ने अखाड़ा मार्ग की बैरिकेडिंग तोड़ दी थी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में स्नान के लिए देर रात मची भगदड़ के कारणों की जांच के लिए न्यायिक जांच का आदेश दिया। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई जबकि 60 लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। जांच आयोग की अध्यक्षता पूर्व न्यायमूर्ति हर्ष कुमार करेंगे और इसमें पूर्व पुलिस महानिदेशक वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) डीके सिंह भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि न्यायिक जांच के साथ-साथ पूरे मामले की अलग से पुलिस जांच भी की जाएगी। उन्होंने कहा, पूरे मामले की तह तक जाना जरूरी है कि ऐसी घटना कैसे हुई। योगी ने कहा कि मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक गहन जांच के लिए बृहस्पतिवार को महाकुंभ का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाएं की गई थीं। 300 से ज्यादा ट्रेनें चलाई जा रही हैं। 8 हजार से अधिक बसें लगी ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धाजुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों।

महाकुम्भ में जो दु:खद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोट भी आयी है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं व घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

महाकुंभ में हुए दुखद हादसे से अत्यंत व्यथित हूं। इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दें। घायलों का अस्पतालों में उपचार हो रहा है।

मौनी अमावस्या पर 7.64 करोड़ ने लगायी डुबकी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर शाम 7.45 बजे तक स्नान का कुल आंकड़ा 7.65 करोड़ तक पहुंच गया है। इसमें पिछले 16 दिनों की 20 करोड़ की संख्या को जोड़ा जाए तो यह डेटा 26 करोड़ तक पहुंच गया है। कुंभ मेला में भगदड़ के बावजूद मौनी अमावस्या पर शाम ...शेष पृष्ठ 14 पर

सभी अखाड़ों ने संगम में किया अमृत स्नान

विशेष संवाददाता

महाकुम्भ नगर। उत्तर प्रदेश के महाकुम्भ मेले में विभिन्न अखाड़ों का मौनी अमावस्या पर्व पर अमृत स्नान किया। मंगलवार देर रात संगम नोज के पास भगदड़ की घटना के कारण अखाड़ों का अमृत स्नान सुबह टल गया था और भीड़ नियंत्रित होने के बाद दोपहर में स्नान विलंब से शुरू हुआ। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने भगदड़ को विपक्ष की साजिश करार देते हुए इसे जांच का विषय बताया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने संवाददाताओं को बताया साधु-महात्माओं और नागा संन्यासियों सहित सभी ने स्नान किया। इसके लिये माननीय मुख्यमंत्री जी (योगी आदित्यनाथ) को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। हमारे मेला प्रशासन को भी बहुत-बहुत साधुवाद।

भगदड़ के कारण संगम में अखाड़ों का स्नान सुबह के बजाय दोपहर करीब ढाई बजे शुरू हुआ। विभिन्न अखाड़ों के साधुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगायी। कुंभ मेले की परंपरा के अनुसार, तीन संप्रदायों संन्यासी, बैरागी और उदासीन से संबंधित अखाड़े संगम घाट पर एक भव्य, विस्मयकारी जुलूस के बाद एक निर्धारित क्रम ...शेष पृष्ठ 14 पर

राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सी श्रेणी के शीरा से उत्पादित एथनॉल का खरीद मूल्य बढ़ाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बुधवार को 16,300 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) को स्वीकृति दी। इस मिशन को अगले सात वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से 18,000 करोड़ रुपये का निवेश भी मिलने की संभावना है। देश के भीतर और अपतटीय स्थानों पर महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को बढ़ावा देने पर यह निवेश किया जाएगा। तांबा, लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी खनिज जैसे महत्वपूर्ण खनिज तेजी से बढ़ती हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों

के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी निर्माण तक में इनका इस्तेमाल कच्चे माल के तौर पर बढ़ रहा है।

वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए सी श्रेणी के शीरा से प्राप्त एथनॉल की कीमत (एक्स-मिल) 1.69 रुपये बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को मंजूरी दे दी। एथनॉल का आपूर्ति वर्ष एक नवंबर से 31 अक्टूबर तक चलता है। चीनी उद्योग के उप-उत्पादों से एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मूल्य वृद्धि ऐसे समय में की गई है, जब भारत 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहा है। पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य पहले 2030 तक था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने बुधवार को बैठक में यह निर्णय लेने के बाद कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

घाटी में 25 आतंकवादी ठिकानों पर छापेमारी

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राजौरी जिले में सक्रिय आतंकवादियों के 25 ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बड़े पैमाने पर की गई तलाशी के दौरान अभियोजन योग्य सामग्री और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद तथा जब्त किए गए हैं।

अधिकारियों ने पहले कहा था कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों की जांच के तहत सीमावर्ती जिले के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस के साथ ...शेष पृष्ठ 14 पर

नेविगेशन उपग्रह का सफल प्रक्षेपण

इसरो का 100वां मिशन, भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित

एजेंसी

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को अपने ऐतिहासिक 100वें मिशन के तहत एक उन्नत नेविगेशन उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।

बुधवार तड़के किया गया यह प्रक्षेपण इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन है। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। इसके अलावा यह 2025 में इसरो का पहला मिशन है। इससे पहले, इसरो ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया था। इस प्रयोग के तहत 30 दिसंबर, 2024 को प्रक्षेपण किया गया था जो अंतरिक्ष

एजेंसी का 99वां मिशन था। नारायणन ने कहा कि उन्हें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि 2025 में इसरो का पहला प्रयास सफल रहा। उन्होंने सफल प्रक्षेपण के बाद कहा कि उपग्रह को आवश्यक (जीटीओ) कक्षा में सटीकता से स्थापित किया गया। यह मिशन 100वां प्रक्षेपण है जो एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी रॉकेट के जरिए नेविगेशन उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए 27.30 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को शुरू हुई थी। उल्टी गिनती समाप्त होने के बाद स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से तड़के छह बजकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	43.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- मौनी अमावस्या पर अयोध्या में आस्था का महासागर (पृष्ठ-02)
- महाकुंभ में भगदड़ : विपक्षी दलों ने व्यक्त किया दुख (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले रुपया बढ़कर 86.56 पर (पृष्ठ-14)
- नौकाओं, वाहनों के आयात पर प्रतिबंध हटा (पृष्ठ-14)
- डीजीसीए को हवाई किराये में वृद्धि पर लिखा पत्र (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की परेड में जम्मू कश्मीर राइफल्स सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल से सम्मानित, दूसरे स्थान पर रही त्रिपुरा की झांकी

यूपी की झांकी प्रथम, उत्तराखण्ड को मिला तीसरा स्थान

एजेंसी

नयी दिल्ली। महाकुंभ का आयोजन प्रदर्शित करती उत्तर प्रदेश की झांकी को इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में पहला पुरस्कार मिला वहीं जम्मू कश्मीर राइफल्स के दल को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी घोषित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों में त्रिपुरा की झांकी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड को नित नई उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर परेड में उत्तराखंड की झांकी को तीसरा स्थान मिलने का गौरव हासिल हुआ है। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल पर आधारित उत्तराखंड की झांकी को लोगों ...शेष पृष्ठ 14 पर

सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने यौन शोषण के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने यह आदेश सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता ने यह मुकदमा चार वर्ष के बाद दर्ज करवाया है और उनके मुवक्किल को इस मुकदमे में झूठा फंसाया गया है। शिकायतकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने दलील दी कि कांग्रेस सांसद राकेश राठौर एक दबंग नेता हैं, जिसके डर के कारण उनकी मुवक्किल ने मुकदमा देर से दर्ज करवाया।

C M Y K

सन्देश
वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक (औद्योगिक क्षेत्र-गीडा, तहसील सहजनवां) के समस्त सुधि पाठकों, ईष्टमित्रों एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या व बसंत पंचमी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
घनश्याम कुमार
जिला ब्यूरोचीफ/
जिला प्रभारी
यजुगेन्द्र श्रीवास्तव
संवाददाता
गीडा

विकास खण्ड
पिपरौली के
समस्त सम्मानित
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
धनन्जय सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-भौवापार
विकास खण्ड-पिपरौली

विकास खण्ड
पिपरौली के
समस्त सम्मानित
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजीत पासवान
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खण्ड
पिपरौली

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मिथिलेश निषाद
ग्राम प्रधान - हरैया
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

विकास खण्ड
पिपरौली की समस्त
सम्मानित जनता को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
अमरजीत
रोजगार सेवक
ग्राम पंचायत-कलोनी खुर्द

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद यादव
ग्राम पंचायत नगवा
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विनिता सिंह
ग्राम प्रधान-सरया
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर
गंगेश्वर सिंह
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन कुमार
ग्राम प्रधान- बलुईगाड़ा
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
नागेन्द्र यादव
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि - बरहुआ
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र निषाद
ग्राम प्रधान - कोलिया
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण शुक्ला
ग्राम प्रधान - पिछौरा
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
बरसाती देवी
ग्राम प्रधान-बड़गहन
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजू निषाद
ग्राम पंचायत - पेवनपुर
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल यादव
ग्राम प्रधान-नन्दावार
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण पासवान
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि- रामपुर मलौली
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय यादव
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि-कालेसर
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती रीता देवी
ग्राम प्रधान - बाघागाड़ा
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित पाण्डेय
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि- भिलोरा खुर्द
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सर्वजीत साहनी
ग्राम प्रधान- खानिमपुर
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
मान सिंह
ग्राम प्रधान-साथीपार
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक प्रताप शाही
पूर्व ग्राम प्रधान/प्रधान प्रतिनिधि - जंगल दीर्घन सिंह
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
उपेन्द्र कुमार गौड़
जिलाध्यक्ष एस.टी. मोर्चा भाजपा
एवं
ग्रामप्रधान प्रतिनिधि-जैतपुर
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
जर्नादन यादव
ग्रामप्रधान प्रतिनिधि- तेंदुआ
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप शुक्ला
विधायक सहजनवां
आलोक पाण्डेय
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि - खोरिया उर्फ भीटी
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर
सबका साथ
सबका विकास

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेन्द्र प्रताप सिंह
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि-भगवानपुर
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर


सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
काली प्रसाद सिंह
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, छपिया
विकास खण्ड-पिपरौली
गोरखपुर
जनता पशु बाजार छपिया
कालेसर-जगदीशपुर फोरलेन बाईपास, तेनुआ टोल प्लाजा से 2 किमी. आगे बाएं तरफ

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस एवं
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
US SMART CITY
Pvt. Ltd.
तुरंत रजिस्ट्री, तुरंत कब्जा
3 साल की आसान मासिक किस्तों उपलब्ध
फुल पेमेन्ट करने पर आकर्षक उपहार
Smart Dream City
बलवंत सिंह
डायरेक्टर
Office
646 Awas Vikas Colony, Near Munsipremchand Park, Betihata, Gorakhpur-273001
Contact : 7380370001, 9935291153
Website : www.ussmartcity.com I www.ussmartcity.in

ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मिनट टू मिनट दौड़ने लगीं 50 से अधिक एंबुलेंस

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भनगर। योगी सरकार की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और तत्परता की वजह से बड़े हादसे को सीमित कर दिया। घटना में प्रभावित लोगों को बचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दो से तीन मिनट के भीतर 50 से अधिक एंबुलेंस संगम नोज पर पहुंच गईं। लोगों की जान बचाने के लिए एम्बुलेंस से 100 से अधिक राउंड लगाए गए। इसके साथ ही दो से तीन मिनट के भीतर एक्सपर्ट डॉक्टरों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। इस मौके पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस टीम भी चिकित्सकों के साथ घायलों की मदद में जुटी रही। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भनगर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों का उपचार किया। इसमें योगी सरकार की आपातकालीन एंबुलेंस सेवा की बड़ी भूमिका रही। हादसे के बाद ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस पूरी रफ्तार से घटनास्थल तक पहुंचाई गईं। सिर्फ दो से तीन मिनट के भीतर एक्सपर्ट डॉक्टर और मेडिकल टीम ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। 50 से अधिक एंबुलेंस ने बिना रुके फर्राटा भरी और घायलों को तत्काल केंद्रीय अस्पताल पहुंचाया। घटनास्थल पर ही घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर मरीजों को सेंट्रल हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उनका इलाज किया गया। जिसके बाद मरीजों को रवाना कर दिया गया। जरूरत पड़ने पर कुछ मरीजों को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल या तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली अस्पताल) शिफ्ट किया गया। पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने भी चिकित्सा सहायता के लिए एंबुलेंस के मूवमेंट में सहयोग दिया। ग्रीन कॉरिडोर ने एंबुलेंस को हर लोकेशन पर मिनटों में पहुंचने में मदद कीए जिससे हादसे में घायल श्रद्धालुओं को बचाया जा सका। करोड़ों की भीड़ के बीच एम्बुलेंस पूरी रफ्तार से चल सके इसके लिए तत्काल ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इसने लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉक्टरों की सारी शिफ्ट एक हो गई। घायलों के इलाज के लिए 100 प्रतिशत यानी 1000 से ज्यादा मेडिकल स्टाफ अस्पताल में मौजूद रहा। सुबह और शाम की ड्यूटी वाले सभी डॉक्टर्स अस्पताल में मौजूद रहे। इसके अलावा, वार्ड बॉय और नर्स बड़ी संख्या में डॉक्टर के साथ घायलों को बचाने में लगे रहे। पूरे मेला क्षेत्र में अलग अलग लोकेशन से डॉक्टर मात्र 3 मिनट में अस्पताल पहुंच गए।

- **योगी सरकार की एम्बुलेंस सेवा बनी महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की लाइफलाइन**
- **लोगों की जान बचाने के लिए एम्बुलेंस ने लगाए गए 100 से अधिक राउंड**
- **दो से तीन मिनट के भीतर एक्सपर्ट डॉक्टर पहुंचे मौके पर और संभाला मोर्चा**
- **एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस टीम भी चिकित्सकों के साथ घायलों की मदद में जुटी**

महाकुंभ में भगदड़ के बाद अब हेलीकॉप्टर से हो रही निगरानी

लखनऊ। महाकुंभ में भगदड़ के बाद अब हेलीकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ में हर हरकतों पर नजर रखी जा रही है। कुंभ मेला क्षेत्र में हेलीकॉप्टर उड़ते दिखाई दे रहा है। प्रशासन हाई अलर्ट पर है। उधर, मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में प्रदेश के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह विभाग के प्रमुख सचिव तथा अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हाईलेवल बैठक की। अफसरों को कई निर्देश दिए गए। आगे स्नान सुचारू रूप से होता रहे। हर किसी संभव सहायता मिले। अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन मुस्तैद है। प्रशासन पूरी तत्परता से श्रद्धालुओं की मदद करे। सभी श्रद्धालुओं से भी अपील है कि वे अफवाह पर ध्यान ना दें। संयम से काम लें। यह आयोजन सभी लोगों का है। प्रशासन उनकी सेवा के लिए पूरी तत्परता से लगा हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार पूरी मजबूती के साथ वहां पर हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। आपको बता दें कि महाकुंभ मेले में बुधवार तड़के मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के उमड़ने के बाद भगदड़ जैसी स्थिति बन गई है। आधी रात के बाद लगभग 1 बजे, कुंभ मेला क्षेत्र में लाउडस्पीकरों से गूंजते मंत्रों और श्लोकों के निरंतर उच्चारण के बीच संगम की ओर दौड़ती एम्बुलेंसों और पुलिस वाहनों के तेज सायरन की आवाजें गूंज उठीं। घायलों को मेला क्षेत्र में बने केंद्रीय अस्पताल में ले जाया गया। कई घायलों के रिश्तेदार भी वहां पहुंचे, साथ ही कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी वहां पहुंचे। इस घटना के बाद इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कुंभ मेले की स्थिति को लेकर बात की। मेले के लिए विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा ने पत्रकारों को बताया कि संगम नोज पर बैरियर टूटने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई जिसमें कुछ लोग घायल हुए हैं और उनका अभी इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि किसी की भी स्थिति गंभीर नहीं है। घायलों को मेला क्षेत्र में स्थापित अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां कई घायलों के रिश्तेदार भी पहुंच गए हैं। उल्लेखनीय है कि मौनी अमावस्या पर सुबह 10 बजे तक 3.96 करोड़ लोगों ने स्नान किया, जबकि इससे पूर्व मकर संक्रांति पर 3.5 करोड़ और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई थी।

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर संगम में स्नान करते वक्त करतब दिखाते नागा साधु

कुंभ में हादसों का इतिहास, भारी भीड़ से धरे रह गये इंतजाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/प्रयागराज। महाकुंभ की चर्चा देश-विदेश चारों तरफ हो रही है। 144 वर्षों के बाद होने वाले इस पर्व में शामिल होने के लिए हजारों-लाखों लोग रोजाना शामिल हो रहे हैं। 29 जनवरी को होने वाले मौनी अमावस्या स्नान के लिए करोड़ों लोगों का हुजूम देखने को मिल रहा था। इस भीड़ को देखकर जिस अनहोनी का अंदेशा लग रहा था आखिर हुआ भी कुछ वैसा ही। मौनी अमावस्या पर स्नान से पहले करीब रात 1 बजे संगम नोज पर भीड़ के चलते भगदड़ मच गई, जिसमें 17 लोगों की मौत और कई लोग घायल हो गए है। महाकुंभ हादसे से आने वाली तस्वीरों ने झकझोर कर रख दिया है। बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं जब कुंभ के दौरान भगदड़ मची है बल्कि इसका इतिहास आजादी के दौर से जुड़ा है।

2013 में 42 लोगों की हुई थी मौत

इससे पहले 2013 में प्रयागराज कुंभ में हादसा हुआ। ये हादसा इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर एक फुटब्रिज पर रेलिंग गिरने के बाद भगदड़ मचने से हुआ था। इस हादसे में 42 लोगों की मौत हो गई थी और 45 लोग जख्मी भी हो गए थे।

2010 हरिद्वार कुंभ में 7 लोगों ने गंवाई जान

इसी तरह साल 2010 में हरिद्वार में कुंभ मेला हो रहा था। जानकारी के अनुसारए 14 अप्रैल 2010 को शाही स्नान के दौरान साधुओं और श्रद्धालुओं के बीच झड़प के बाद भगदड़ मच गई, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 15 लोग घायल हो गए।

2003 नासिक कुंभ हादसे में 39 लोगो की हुई मौत

वहीं 2003 में नासिक कुंभ में भी हादसा हुआ। नासिक में आयोजित कुंभ मेले के दौरान एक भयानक भगदड़ मच गई थी, जिसमें 39 तीर्थयात्रियों की जान चली गई थी। इस हादसे में 100 लोग जख्मी हो गए थे। इस घटना ने लाखों लोगों को झकझोर कर रख दिया था।

1986 में हुई थी सैंकड़ों लोगों की मौत

1986 में हरिद्वार में कुंभ मेला लगा था। बताया जाता है कि 14 अप्रैल 1986 को इस मेले में यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह, कई राज्यों के सीएम और सांसदों के साथ हरिद्वार पहुंचे थे। इस कारण आम लोगों की भीड़ को तट पर पहुंचने से रोका गया। इससे भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई। जानकारी के अनुसारए इस हादसे में भी सैंकड़ों लोगों की मौत हो गई थी।

आजादी के बाद पहली बार 1954 में हुआ था हादसा

वहीं आजादी के बाद पहली बार 1954 में प्रयागराज कुंभ में बड़ा हादसा हुआ था। 3 फरवरी 1954 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई थी। इस दौरान 800 लोगों की जान चली गई थी। कुंभ मेले की परंपरा के मुताबिक, सन्यासी, बैरागी और उदासीन अखाड़े भव्य जुलूस के साथ संगम तट पर पहुंचकर एक तय क्रम में अमृत स्नान करते हैं जिसमें क्रम में पहले स्थान पर पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी अमृत स्नान करता है। त्रिवेणी संगम-गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम, हिंदुओं द्वारा सबसे पवित्र माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान और विशेषकर मौनी अमावस्या जैसी विशेष स्नान तिथियों पर इसमें डुबकी लगाने से लोगों के पाप धुल जाते हैं और उन्हें मोक्ष मिलता है। इस बार के महाकुंभ में भगदड़ का यह हादसा रात करीब 1 बजे उस वक्त हुआ, जब संगम पर मौनी अमावस्या के स्नान को लेकर एकाएक भीड़ बढ़ने लगी। लोग मुख्य संगम पर ही स्नान करने की जिद करने लगे। तभी बढ़ते भीड़ के दबाव के कारण संगम के रास्ते में लगी बैरिकेडिंग टूट गई। इससे अचानक मेले में भगदड़ मच गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब लोग स्नान के लिए जा रहे थे, तभी बैरिकेडिंग के पास लोग सोए हुए थे। इसके चलते लेटे हुए लोगों के पैरों में फंसकर कुछ लोग गिर गए। उनके गिरते ही पीछे से आ रही लोगों की भीड़ एक के ऊपर एक गिरती चली गई और यह हादसे में बदल गया। हालांकि हादसे के तुरंत बाद प्रशासन ने तत्परता दिखते हुए राहत कार्य प्रारम्भ कर दिया गया और घायल लोगों को अस्पताल भेजने के साथ भीड़ को नियंत्रित करने का व्यवस्था होने लगी।

महाकुंभ में भगदड़ : विपक्षी दलों ने व्यक्त किया दुख

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विपक्षी दलों ने प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ पर दुख व्यक्त करते हुए सरकार से राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने की अपील की है।

मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाकुंभ में मची भगदड़ पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा, "महाकुंभ में अव्यवस्थाजनित हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। श्रद्धांजलि। उन्होंने इसी संदेश में आगे कहा," हमारी सरकार से अपील है कि गंभीर रूप से घायल हुए श्रद्धालुओं को एअर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। मृतकों के शवों को चिन्हित करके उनके परिजनों को सौंपने और उन्हें उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध किया जाए। जो लोग बिछड़ गये हैं, उन्हें मिलाने के लिए त्वरित प्रयास किये जाएं। हेलीकाप्टर का सदुपयोग करते हुए निगरानी बढ़ाई जाए। यादव ने कहा, कि सतयुग से चली आ रही शाही स्नान की अखण्ड-अमृत परंपरा को निरंतर रखते हुए, राहत कार्यों के समानांतर सुरक्षित प्रबंधन के बीच मौनी अमावस्या के शाही स्नान को संपन्न कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा, कि श्रद्धालुओं से भी हमारी अपील है कि वे इस कठिन समय में संयम और धैर्य से काम लें और शांतिपूर्वक अपनी तीर्थयात्रा संपन्न करें। सरकार आज की घटना से सबक लेते हुए श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने, भोजन-पानी व अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त प्रबंध करे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महाकुंभ भगदड़ मामले को लेकर राज्य सरकार की आलोचना करते हुए एक्स पर कहा, कि जिसका डर था वही हुआ। महाकुंभ की तैयारी करने के बजाय मंत्री निमंत्रण देने का ड्रामा रच रहे थे। महाकुंभ को भाजपा ने फोटो और वीडियो सेशन का अड्डा बनाकर रख दिया। आम श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की कोई चिंता नहीं, आज मौनी अमावस्या पर भगदड़ उसी अव्यवस्था का दुष्परिणाम है। उन्होंने कहा, कि आज मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में अव्यवस्था की वजह से हुई भगदड़ और दम घुटने से श्रद्धालुओं के जान माल के नुकसान के लिए सीधे भाजपा सरकार जिम्मेदार है। तैयारियों के प्रति लापरवाही और महाकुंभ में आम श्रद्धालु की व्यवस्था और चिंता के बजाय ज्यादा बजट का प्रचार करने वाली भाजपा सरकार में महाकुंभ का बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। राय ने कहा, कि हम पहले दिन से श्रद्धालुओं के लिए चिंता व्यक्त कर रहे थे कि सरकार प्रचार नहीं, तैयारियां करे। जब तक शाही स्नान हैं तब तक वीआईपी कल्चर बंद करे, श्रद्धालुओं के लिए वीडियो सोशल मीडिया पर आते रहे लेकिन सरकार ने सबक नहीं लिया। आज मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की जान माल का नुकसान उसी का दुष्परिणाम है। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी महाकुंभ में मची भगदड़ पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा, कि प्रयागराज की संगम स्थली पर, महाकुम्भ में हुई भगदड़ में, श्रद्धालुओं का घायल होना, उनकी जान जाना अति-दुःखद व चिन्तनीय है। ऐसे समय में पीड़ितों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति मिले, पार्टी की यही कामना है।

मौनी अमावस्या पर अयोध्या में दिखा आस्था का महासागर

अयोध्या। मौनी अमावस्या पर अयोध्या में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा। मौन रहकर भोर में ही श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान किया। इसके बाद श्रीराम के जयकारों से अयोध्या धाम गुंजायमान हो गया। देर शाम तक अयोध्या श्रद्धालुओं से पटी नजर आई। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी के बाहर देर रात तक। श्रद्धालु कतारबद्ध दिखे। जानकारों का कहना है कि पिछले 72 घन्टे में 50 लाख से भी अधिक श्रद्धालु राम नगरी पहुंच चुके हैं। आने वाली वसंत पंचमी तक श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी रहेगा।

- **72 घंटे में अयोध्या पहुंचे 50 लाख से भी अधिक श्रद्धालु**
- **मौनी अमावस्या पर स्नान के बाद राम मंदिर व हनुमानगढ़ी पहुंचे श्रद्धालु**
- **चार दिन से भारी भीड़ को देखते हुए सीएम योगी खुद रखे हुए हैं नजर**

प्रयागराज के महाकुम्भ की भीड़ का रेला अब अयोध्या की तरफ बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले से ही ऐसी संभावना जताते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया था, जिसके बाद सभी विभागों के प्रमुख सचिवों ने जिले के अधिकारियों के साथ भीड़ प्रबंधन को लेकर तमाम बंदोबस्त कर लिए थे। नतीजा यह रहा कि बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु दर्शन-पूजन करने के बाद लौट जा रहे हैं। सीएम योगी ग्राउंड जीरो से अयोध्या पर नजर बनाए हुए हैं।

राम मंदिर और हनुमानगढ़ी पर सर्वाधिक भीड़ : मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू के घाटों पर डुबकी लगाई। वहीं चौधरी चरण सिंह घाट पर स्नान करते दिखे श्रद्धालु। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सीधे मंन्दिरों का रुख किया। श्रद्धालु सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंच रहे हैं। इसके बाद रामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए श्रृंगार हाट से लेकर मंदिर परिसर तक भारी भीड़ जमा है। यही हाल राम मंदिर का भी है।

व्यापार में इजाफा, कारोबारियों को मुनाफा: अयोध्या धाम में भीड़ बढ़ने के बाद व्यापार में जबरदस्त इजाफा हुआ है। लड्डू प्रसाद कारोबारियों से लेकर होटल कारोबारियों को मुनाफा भी हो रहा है। होम स्टे संचालकों को भी निकल पड़ी है।

सुरक्षा व सेहत के पुख्ता इंतजाम, मार्ग किये परिवर्तित : श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेहत का ख्याल रखने के लिए विशेष इंतजाम किये गए हैं। अयोध्या धाम में पहुंची भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में सभी तरह के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग भी मुस्तैद हो गया है। वसंत पंचमी तक के लिए सभी चिकित्सकों की छुट्टियां रद कर 24 घन्टे आकस्मिक सेवाओं को चालू रखने का निर्देश दिया गया है। सीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि 13 जगहों पर आस्थायी स्वास्थ्य शिविर का संचालन 26 फरवरी तक जारी रहेगा। वहीं आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि भीड़ को देखते हुए यातायात डायवर्ट किया गया है। हाईवे पर बड़े वाहनों को रोका गया है।

दुष्कर्मी को सुनाई 20 वर्ष की सजा

बलरामपुर। चार्ज फ्रेम होने से निर्णय होने तक की न्यायालय विचारण अवधि मात्र 16 दिवस न्यायालय के मात्र 10 कार्य दिवस के अन्दर नाबालिग के साथ दुष्कर्म के अभियुक्त को नए कानूनभारतीय न्याय सहिता के तहत न्यायालय द्वारा 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 10000 रु0 का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा एक माह में सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार * के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में वादी मुकदमा साधूराम पुत्र रामलाल निवासी थाना गौरा चौराहा की तहरीरी सूचना के आधार पर कि विपक्षी मालिकराम उर्फ अमर प्रताप पुत्र उदयभान निवासी चिल्ही खुर्द मश0 रोवारी थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर द्वारा वादी की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आधार पर दिनांक- 29.12.2024 को गौरा चौराहा पर पॉक्सो एक्ट बनाम मालिकराम उर्फ अमर प्रताप पुत्र उदयभान निवासी चिल्ही खुर्द मश0 रोवारी थाना गौरा चौराहा पंजीकृत हुआ।

उद्यमियों की समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण

डीएम ने किया जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की समीक्षा बैठक

गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने उद्यमियों की समस्याओं का गुणवत्तायुक्त समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने का संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को समय सीमा के अंदर ही निस्तारित करें। उक्त निर्देश जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की समीक्षा बैठक में दिया। बैठक के दौरान उद्यमियों द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया में नालियों की साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, पानी की आपूर्ति तथा विद्युत से संबंधित समस्याओं से अवगत कराए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को उद्यमियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित करने का निर्देश दिया। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 18 आवेदन लंबित है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों को दो कार्यदिवस के अंतर्गत निस्तारण हेतु निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने योजना में शतप्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हेतु अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि यथाशीघ्र लंबित आवेदन पत्रों को स्वीकृत करने एवं स्वीकृत आवेदन पत्रों को तत्काल धनराशि वितरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सम्बंधित विभागो के अधिकारी गण तथा जिला उद्योग बन्धु समिति के सदस्यगण उपस्थित रहें।

गीडा बोर्ड बैठक में धुरियापार मास्टर प्लान व चकभोग के ले आउट प्लान को मिला अनुमोदन

गोरखपुर। मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार में मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप जनपद/गीडा में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए गीडा बोर्ड की बैठक में धुरियापार के मास्टर प्लान को तथा चकभोग के ले आउट प्लान का अनुमोदन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि चकभोग की परियोजना के लिये एक सप्ताह मे टेन्डर कर लिया जाये तथा धुरियापार योजना का ले आउट 45 दिनों में तैयार करके प्रस्तुत किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कर ली जाए तथा विलंब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर सहायक प्रबन्धक, वरिष्ठ प्रबन्धक तथा दो अवर अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया की गीडा की सभी परियोजनाओं की जानकारी ऑनलाइन कर दी जाए, उसकी पूरी सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित रहें। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि गीडा के द्वारा जो भी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं उनके सभी आवेदन ऑनलाइन रूप से स्वीकृत किए जाएं किसी भी दशा में कोई आवेदन ऑफलाइन स्वीकृत न किया जाए तथा सभी अधिकारी नियमित रूप से उद्यमियों से वातालर्लाप करते रहे और उनकी समस्याओं का समयबद्व ढंग से निस्तारण किया जाये। बैठक में बताया गया कि सीईटीपी का आरएफटी किया जा चुका है तथा आगामी सप्ताह से डीपीआर बनाने का कार्य भी आरम्भ हो जायेगा। सीईओ गीडा ने बताया कि अभी तक गीडा द्वारा 600.90 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर ली गयी है और साथ ही गीडा के पास 1000 एकड़ का लैण्ड बैंक है। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहें।

श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक सुंदर कांड पाठ

प्रतापगढ़। मौनी अमावस्या की पूर्व संध्या पर पौराणिक शिवस्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने अपनी सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल की कामना की। लालगंज नगर निवासी रामफेर प्रजापति के संयोजन में आयोजित सुन्दरकाण्ड पाठ के समापन के बाद आचार्य राजेश मिश्र की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने राम दरबार की आरती उतारी। वहीं लोकगायक परशुराम क्रोधी के भजन संकीर्तन ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस मौके पर नगर पंचायत प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सुशील पाण्डेय, आदर्श मिश्र, विकास मिश्र, गुडडू तिवारी, दिनेश सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

दीवार गिराने को लेकर छः पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। दीवार गिराने को लेकर लीलापुर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना के गहिरी निवासी पवन कुमार जायसवाल पुत्र रामसजीवन जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रास्ते को लेकर उसका विपक्षी से विवाद चल रहा है। जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। पीड़ित का आरोप है कि सोलह जनवरी को आरोपी सूर्यलाल प्रजापति, सजन लाल प्रजापति, विमला देवी पत्नी सूर्यपाल, कृपाला पत्नी रामबदल, रामपाल व दसाराम प्रजापति ने एकराय होकर उसकी दीवार गिराने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते आरोपियो ने उसे दौड़ा लिया। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

दो वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरोगा ज्ञानेन्द्र कुमार बुधवार सुबह पुलिस बल के साथ चेकिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर संत बाबा कुटी के पास से वांछित अंकित शुक्ल पुत्र भारत प्रसाद शुक्ल निवासी पटखौली गदियान तथा इसी गांव के अजय मिश्र पुत्र मनोज कुमार मिश्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के आधा दर्जन लोहे का फर्मा की बरामदगी भी की गयी है। एसओ मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

चकमार्ग से हटवाया गया अतिक्रमण

प्रतापगढ़। चकमार्ग पर किया गया अवैध अतिक्रमण जांच में सही पाए जाने पर हटवाया गया। विकासखण्ड सांगीपुर के गदियान गांव में एक व्यक्ति द्वारा चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने जन सूचना अधिकार के तहत की थी। शिकायत को लेकर बीती रविवार लोकपाल मनरेगा चंद्रशेखर ने टीम के साथ गांव पहुंचकर इसकी जांच की। टीम द्वारा पंचायत भवन में बैठक कर ग्रामीणों की शिकायत सुनीं गयी। जांच में चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत सही मिलने के बाद लोकपाल मनरेगा चंद्रशेखर ने बीडीओ सांगीपुर विनोद यादव इसे खाली करवाए जाने को कहा। इस पर बीडीओ ने जेसीबी के जरिए चकमार्ग पर बने अवैध अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण हट जाने से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

प्रमोद और मोना ने जताया दुःख

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा रामपुरखास की विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रयागराज में कुम्भ क्षेत्र में भगदड़ से हुई दुर्घटना में श्रद्धालु मृतकों के प्रति गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने दुर्घटना में घायल हुये श्रद्धालओं के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है। नेताद्वय ने सरकार से कहा है कि वह इस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये अनुग्रह राशि तथा घायलों को बीस-बीस लाख रुपये चिकित्सीय सहायता प्रदान करे।

सूचना

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1480150 का अंक प्रमाण पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **केशव कुमार पुत्र पन्तूलाल नि. ग्राम पूरे तेजी मिश्रोली तह. गौरीगंज जनपद अमेठी।**

Notice

We Sanchay Jain S/o Mr. Sukant Jain & Seema Jain W/o Mr. Sanchay Jain, R/O- 104 Sotiyana, Madar Darwaja, Mainpuri- U.P.- 205001 - India, My Receipt No. 1631355 Date: 23.03.18 Amount Rs. 291483.00, Receipt No. 1672360 Date: 16.11.18 Amount Rs. 291483.00 & Receipt No. 1950208 Date: 24.02.23 Amount Rs. 254403.00, Against Customer Id- LGH/547 respectively issued by Omaxe Limited are misplaced somewhere. Any person who finds it please return it to zonal office of OMAXE LTD. at OMAXE LTD., Cyber tower 2nd floor, TC-34/V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow Or Call on No- 9935092305.

बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

प्रतापगढ़। क्षेत्र के धधुआगाजन स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने धमाल मचाया। बतौर मुख्य अतिथि श्री विभवभूषण शुक्ला ने ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होनें अपने वक्तव्य में गणतंत्र दिवस की महत्ता बताते हुए राष्ट्र के वीर अमर सपूतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि ने शिक्षकों व बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं सौंपी। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, सामूहिक स्वागत गान, शिवताण्डव नृत्य की प्रस्तुतियों से बच्चों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा ग्यारह की छात्रा स्नेहा शुक्ला का हिन्दी भाषा पर दिया गया भाषण सराहा गया। वहीं प्राथमिक वर्ग की आराध्या त्रिपाठी, अशोक ओझा, सोनम मिश्रा, जारा इरफान की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सराही गयी। मिडिल वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत पुलवामा अटेक नाटक देखकर सभी की आंखे नम हुई दिखीं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सुप्रिया ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने शिक्षण स्वाध्याय, नई तकनीकी के द्वारा ग्रहण करने पर बल देते हुए सभी के प्रति कर्तव्य निष्ठापूर्ण अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने को प्रेरित किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य आंद्रे डिसिलुआ ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ. सौरभ मिश्रा, महेन्द्र पाठक, गरिमा मिश्रा, सुषमा यादव आदि मौजूद रहे।

महाकुंभ में उनवल के दो लोगों की मौत

गोरखपुर। प्रयागराज मौनी अमावस्या स्नान करने गए नगर पंचायत उनवल के नगीना देवी व पन्ने निषाद समेत दो लोगों की वहां हुए भगदड़ में दबकर मौत हो गई। इसकी सूचना साथ में बलोरो गाड़ी से गए लोगों ने मौत होने की पुष्टि किए तथा अन्य मुहल्ले के लोग भी घटना स्थल पर मौजूद हैं। मृतकों के घरों पर लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। मुहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत उनवल से बोलेरो गाड़ी से 27 जनवरी को प्रयागराज मौनी अमावस्या स्नान करने श्रद्धालुओं का जत्था गया था। मौनी अमावस्या अमृत स्नान से पहले ही संगम तट पर मचे भगदड़ में फंसकर उनवल वार्ड नं चार निवासिनी नगीना देवी उम्र 61वर्ष पत्नी स्व.मोतीलाल निषाद की भगदड़ में दबकर मौत हो गई वहीं वार्ड नंबर चार निवासी पन्ने निषाद पुत्र स्व. महंगी निषाद उम्र 58 वर्ष की मौत हो गई। मृतका नगीना पत्नी स्व मोती लाल के चार लड़के संतोष 47, धर्मेंद्र 44, सिकंदर 38, जितेन्द्र 32वर्ष है सभी का विवाह हो चुका है जिसमें दो संतोष,व सिकंदर घर पर हैं दो बाम्बे है। इसी तरह मृतक पन्ने के दो लड़के शैलेश 35, कमलेश 24,तथा चार लड़की फूलमती,शिखा,पूजा, सुधा चारों लड़कियों का विवाह तथा बड़े लड़के शैलेश का विवाह हो चुका है छोटे लड़के कमलेश की सादी नहीं हुई है।

मृतक पन्ने पुत्र स्व महंगी की पत्नी कुशुम मृतक के साथ स्नान करने गई थी धक्का नक्की में पत्नी कुशुम का साथ छुट गया था यह लोग स्नान कर के वापस लगभग 8 बजे आ रहे थे धक्का के कारण दोनों मृतक नीचे गिर गये थे। मृतक की पत्नी ने 9 बजे फोन पर अपने घर सूचना दिया तथा साथ में गए गजराज पुत्र स्व श्याबली ने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम हेतु गया है दोनों के परिजनों का कहना है कि दोनों का शव घर आयेगा दाह संस्कार उनवल आमी तट पर होगा।

न्यायालय सूचना

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं. 7
न्यायालय उपजिलाधिकारी तह. कादीपुर
जि. सुलतानपुर
हेतु संदर्षित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
वाद सं.-टी-202304680401596
धारा- 116 उ.प्र.रा.सं. 2006
ता.पेशी- 13.02.2025

श्रीमती नीलम सिंह ....वादी

बनाम

1. अमित सिंह पुत्र कपिल देव
2. श्रीमती मिथिलेश पत्नी कपिल देव
3. श्रीमती गीता पत्नी अमित सिंह

समस्त नि. ग्राम टिकरी पर. अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर

...प्रतिवादी

चूकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद द्वारा चेतावती दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 13.02.2025 को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर आपका आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 28.01.2025 को निकाली गई।

न्यायालय

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण

मेरठ। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह द्वारा जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने बैरक, महिला वार्ड, शिशु सदन, पाकशाला आदि का निरीक्षण किया व जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। महिला बैरक में उन्होने महिला कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, पेशी आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। उन्होने वहां स्टॉक रजिस्टर, लाईब्रेरी, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने डीएसओ को हर सप्ताह खाने-पीने का स्टॉक चैक करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का स्टाफ, डीएसओ विनय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नो हेलमेट नो पेट्रोल पर आम जनमानस को किया जागरूक

बलरामपुर। सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जो दिनांक दिनांक 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है , जिसके अंतर्गत डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में दिनांक 29 जनवरी 2025 के अंतर्गत जनपद बलरामपुर के पेट्रोल पंपों पर जाकर आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा कुल 27 वाहन चालकों का हेलमेट के अभियोग में चालान किया गया इसके अतिरिक्त अन्य उद्योगों में आज कल 26 चालान किए गए उक्त जागरुकता कार्यक्रम में एआरटीओ अतिरिक्त यातायात निरीक्षक अतिरिक्त यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर

पत्रांकः- 55/ टी.सी.-04/2024-25 **दिनांक-25.01.2025**

ई-निविदा सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर में 15वॉ वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) परियोजना 01 की ई-निविदा निम्नलिखित तिथियों में http//etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है-

अपलोड करने की तिथि व समय	अपलोड करने की तिथि व समय	निविदा खुलने की तिथि व समय
दिनांक 28.01.2025 समय पूर्वान्ह 11 बजे से	दिनांक 11.02.2025 समय अपरान्ह 05 बजे तक	दिनांक 12.02.2025 समय पूर्वान्ह 11 बजे तक

नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी http//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(वैभव त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1,
नगर पालिका परिषद, सीतापुर

मानवता के दृष्टिकोण से विद्यार्थी अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने का करें प्रयास : सांसद

मेरठ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत बुधवार को विधि अध्ययन संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएचडी एवं एलएलएम पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा सांसद अरुण गोविल ,कार्यवाहक कुलपति प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता (पीवीसी), प्रो. भूपेंद्र सिंह (छात्र कल्याण अधिष्ठाता), प्रो. बीरपाल सिंह (कुलानुशासक), प्रो. कृष्ण कान्त शर्मा (विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग), कुलसचिव श्री धीरेन्द्र कुमार, तथा डा. विवेक कुमार (समन्वयक, विधि अध्ययन संस्थान) द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्थान के समन्वयक डॉ. विवेक कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की स्थापना से अब तक की उपलब्धियों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने 45 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण की शुभकामनाएं दीं और उनके उचित उपयोग के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि सांसद अरुण गोविल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मानवता के दृष्टिकोण से अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। उन्होंने विधि के विद्यार्थियों से आवश्यकतानुसार निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने की अपील की और कहा कि परिश्रम एवं सद्कर्म से ही सफलता प्राप्त होती है। सरकार द्वारा जो टैबलेट दिए जा रहे हैं उनका सदुपयोग करें। ज्ञान में वृद्धि कर समाज व देश के विकास में सहयोग करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो 2047 विकसित भारत का संकल्प लिया है उसमें युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। हमारा देश सबसे युवा देश है। कार्यवाहक कुलपति प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण की शुभकामनाएं दीं।

न्यायालय सूचना

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं. 7
न्यायालय उपजिलाधिकारी तह. कादीपुर
जि. सुलतानपुर
हेतु संदर्षित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
वाद सं.-टी-202404680404430
धारा- 116 उ.प्र.रा.सं. 2006
ता.पेशी- 03.02.2025

पल्टूराम ....वादी

बनाम

1. अरविन्द गुप्ता पुत्र जग्गूराम
2. विनोद कुमार पुत्र जग्गूराम
3. अजय कुमार पुत्र जग्गूराम
4. सिगारी पत्नी स्व. जग्गूराम
5. जोखू राम पुत्र समशेर
6. धर्मराज पुत्र राम सुमेर
7. पारस नाथ सुत हरीराम
8. विमला देवी पत्नी स्व. हरीराम

समस्त नि.- ग्राम सरैया कमौरा, पर. अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर। ...प्रतिवादी

चूकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद द्वारा चेतावती दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 03.02.2025 को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर आपका आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 28.01.2025 को निकाली गई।

न्यायालय

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उन्नाव

समस्त जनपद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
गणतंत्र दिवस पर जिला स्वास्थ्य समिति उन्नाव का जनपद वासियों के लिए संदेश

1 आयुष्मान योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष से अधिक के सभी नागरिक अपना आयुष्मान कार्ड बनवाकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें।
2 राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित 8 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें।
3 जालीदार दरवाजों का प्रयोग करें, जिससे मच्छर मक्खी आदि से बचा जा सके।
4 खुले व कटे फलों का सेवन न करें।
5 एन0बी0सी0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल जाने वाले बच्चों एवं वृद्धजनों की आंखों की जांच कराकर निःशुल्क चश्मा प्राप्त करें।
6 परिवार नियोजन के साधनों को अपनायें और परिवार खुशहाल बनायें।
7 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत टीबी से सम्बन्धित रोग की जांच कराकर निःशुल्क उपचार प्राप्त करें।

-जिला स्वास्थ्य समिति उन्नाव द्वारा जनहित में जारी-

मुख्य चिकित्सा अधिकारी उन्नाव। **जिला अधिकारी उन्नाव।**

जिला सहकारी बैंक लि0, मिर्जापुर

(प्रधान कार्यालयः- कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड, मिर्जापुर)
Email : deb.mirzapur@gmail.com Website : www.dcbmirzapur.com

गणतन्त्र दिवस के पावन अवसर पर बैंक की प्रगति व उन्नति में जनपद मिर्जापुर एवं सोनभद्र के सभी कृषक बन्धुओं एवं बैंक खाता धारकों के सक्रिय योगदान के लिए जिला सहकारी बैंक लि0, मिर्जापुर आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हैं।

हमारी प्रमुख विशेषतायें :-

1. आधुनिक सुविधाओं से युक्त पूर्णतः कम्प्यूटराइज्ड शाखाएं जो कोर बैंकिंग सॉल्यूशन पर कार्य कर रही हैं।
2. धन प्रेषण एवं आहरण हेतु RTGS/NEFT/IMPS/ATM, Mobile ATM VAN एवं M Passbook Sarvatra Card Safe App, BBPS द्वारा समस्त प्रकार के बिलो का भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध।
3. बैंक की शाखाओं में समस्त बैंकों से सस्ती दर पर लॉकर की सुविधा उपलब्ध ।
4. शहरी एवं ग्रामीण जनसंख्या के रोजगार, व्यवसाय वृद्धि, उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद, गृह निर्माण, कार ऋण एवं पशुपालन/मत्स्यपालन हेतु विशिष्ट ऋण की सुविधा।
5. प्रधानमंत्री सूर्यघर योजनान्तर्गत सौर उर्जा संयंत्र का सरकारी छूट सहित ऋण की विशेष सुविधा।
6. किसानों हेतु सबसे सस्ते दर मात्र 3% ब्याज दर पर फसली ऋण एवं के.सी.सी. की सुविधा उपलब्ध।
7. कृषकों के लाभ हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू।

अधिक जानकारी के लिए हमारी निकटतम शाखा में सम्पर्क करें।

(राजकुमार यादव) सचिव/सी.इ.ओ. जिला सहकारी बैंक लि0, मिर्जापुर
(डा0 जगदीश सिंह पटेल) अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि0, मिर्जापुर

नगर पंचायत सिधौली, जनपद सीतापुर

स्वच्छ सिधौली **सुन्दर सिधौली**

26 जनवरी, 2025 गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत सिधौली अपने नागरिकों का हार्दिक अभिनन्दन करती है एवं अपेक्षा करती है-

1. पालीथीन का प्रयोग दण्डनीय अपराध है। इसका प्रयोग कदापि न करें। यदि किसी भी दुकानदार/व्यक्ति को उपयोग करते पाया गया तो उससे अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। पंचायत द्वारा अभियान चलाकर पालीथीन का उपयोग करने/बिक्री करने वालों से जुमार्ना वसूल किया जायेगा।
2. गृहकर जलकर व जलमूल्य व विविध लाईसेन्स शुल्क समय पर जमा करना सुनिश्चित करें।
3. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें तथा नल की टोंटी खुली न छोडें।
4. जन्म-मृत्य का पंजीकरण समय से करायें।
5. सड़को / नालियों में इधर-उधर कूडा न फेकें। निर्धारित स्थल पर रखे कूड़ादान में ही कूडा डालें तथा डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन कर्मचारी को ही कूडा दें जिससे अपना नगर अपना घर गली साफ-सुथरा रहें।
6. खुलें में शौच करना दण्डनीय अपराध है। यदि कोई भी व्यक्ति खुले में शीघ्र करते हुए पाया जाता है तो उससे अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा।
7. आर0आर0आर0केन्द्र को निष्प्रयोज्य सामग्री जैसे कपड़े, जूते, स्टेशनरी आदि दान करें। जिससे आपकी मदद से किसी को सहारा मिले।
8. आप हमें सहयोग देंगें हम आपको समुचित नागरिक सुविधाऐं उपलब्ध कराने हेतु वचनबद्ध है।

नगर आपका है, इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु अपना अमूल्य सुझाव सदैव देते रहें, जिससे नगर पंचायत बेहतर सेवा नागरिक मूलभुत सुविधाएं प्रदान कर सकें।

(रेणुका यादव) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिधौली सीतापुर
(गंगाराम राजपूत) अध्यक्ष नगर पंचायत सिधौली सीतापुर

समस्त सभासद गण- श्रीमती गीता भार्गव, श्रीमती सरोज देवी, श्रीमती अर्चना देवी, श्री हरिनाम वर्मा, श्री रंजीत यादव. श्री सन्तोष कुमार, श्री गिरीन्द्र त्रिपाठी, श्रीमती सुनीता, श्रीमती रेनू, श्री मनीष जायसवाल, श्री दिग्विजय शुक्ला (मुन्नन). श्रीमती आबिदा श्री अनुराग शुक्ला, श्री संजय।

संक्षेप

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) टेढ़ेनाथ मंदिर मुडण्न कराने जा रही ट्रैक्टर ट्राली पर गैस टैंकर पलटने से पांच लोग गंभीर घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम पंचपेडवा से एक ट्रैक्टर ट्राली पर महिला पुरुष मुण्डन कराने टेढ़ेनाथ मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान भीखमपुर के पास गैस टैंकर व ट्रैक्टर में भिड़न्त हो गई और गैस टैंकर ट्राली पर पलट गया। जिसमें पंचपेडवा निवासी भानू (55), अंकित (11) पुत्र अशोक, उर्मिला (35) पत्नी आशाराम, हिटैला देवी (80) पत्नी ऋषिकेश, व मैलानी थाना क्षेत्र के पहाडपुर निवासी प्रेमानंद (29) पुत्र कामता सहित तमाम लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने भानू को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य का उपचार चल रहा है।

व्यापारी की जेब से उचक्कों ने उड़ाये एक लाख रुपये

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर की अलीगंज रोड पर दिन दहाडे फरधान निवासी व्यापारी की जेब से उचक्कों ने एक लाख रुपये पार कर दिए। जिसकी भनक व्यापारी को तब लगी जब वह ई रिक्शा से नीचे उतरा। व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर उचक्कों की तलाश शुरू कर दी है। फरधान निवासी गल्ला व्यापारी बाबूराम बुधवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति गल्ला बेचने आए थे। जहां से उन्होंने एक लाख 80 हजार रुपया का भुगतान लिया। बाबूराम का कहना उन्होंने एक लाख रुपये अपनी जेब और 80 हजार रुपये झोले में रख लिए और ई रिक्शा पर बैठकर सदर चैराहा आ रहे थे। उनका कहना है कि ई-रिक्शा पर दो अन्य लोग भी बैठे थे। बाबूराम बताते हैं कि अलीगंज रोड अंबेडकर पार्क से लेकर सदर चैराहे के बीच उनकी जेब काटकर एक लाख रुपये पार कर दिए गए। जब वह चैराहे पर उतरे और जेब कटी देखी तो दंग रह गए। कोतवाली पहुंच पुलिस को घटना बताई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उचक्कों की तलाश शुरू कर दी है।

कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा आज से

शाहजहांपुर /कुष्ठ जागरूकता अभियान मनाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि 30.01.2025 से 13.02.2025 तक कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं पखवाड़ा मनाया जाना है, जिसमे ग्राम प्रधान द्वारा ग्रामवासियों को कुष्ठ जागरूकता अभियान के लिये सम्बोधित किया जायेगा। इसी प्रकार ग्रामीण/ शहरी क्षेत्र के समस्त विद्यालयों (प्राथमिक/जूनियर/इण्टर कलेज/ डिग्री कालेज/ मेडिकल कालेज/ पैरा मेडिकल कालेज/ नार्सिग कालेज एवं स्वैक्षिक संस्थानों/ नेशनल इण्ट्रीगेशन एसोसिएशन/ दिव्यांग कल्याण) के संस्था अध्यक्षों द्वारा अपने अपने संस्थानों में कुष्ठ रोग से सम्बन्धित आम सवाल जवाब/ भ्रान्तियों पर चर्चा की जायेगी।

आपदा न्यूनीकरण के लिए महिलाओं की भागीदारी आवश्यक

लखीमपुर खीरी। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट में आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई, जिसका नारी सशक्तिकरण के फील्ड में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त थारू जनजाति की आरती राना व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि देश, प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में आपदा के वक्त महिला को फ्रंट रनर माना गया है। समूह की महिलाए प्रशिक्षित होने पर विपदा से निपटने, निजात पाने और उसकी क्षति को न्यूनतम करने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने में सक्षम साबित होगी। प्रशिक्षण पाने के उपरांत मास्टर ट्रेनर बनकर यह महिलाएं कम से कम 50-50 महिलाओं को आपदा से बचाव के लिए ट्रैंड करेंगी। डीएम ने कहा कि आपदा जोखिम प्रबंधन हेतु महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व को प्रोत्साहित करना जरूरी है। किसी भी आपदा के दौरान बच्चे, वृद्ध व अस्वस्थ व्यक्ति तथा महिलाएं सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। महिलाओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण देकर समुदाय के सर्वाधिक संवेदनशील समूह को जागरूक, सुरक्षित बनाया जा सकता है।विभिन्न सत्रों के जरिए जो कुछ सिखाया, बताया जा रहा है, उसको अपने जीवन में उतारे तभी इस कार्यशाला का उद्देश्य पूरा होगा।एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न आपदाओं के प्रकार, कारण तथा संवेदनशीलता से स्वयं सहायता समूहों को अवगत कराना है। समुदाय की अंतिम इकाई तक आपदाओं के संबंध में जागरूकता फैलाना है। आपदाओं की रोकथाम, शमन की तैयारी तथा आपदा के समय ह्यह्यक्या करें व क्या न करेंह्यह्य के संबंध में महिलाओं को जानकारी प्रदान करना है। आपदा पूर्व तैयारी, आपदा के दौरान किए जाने वाले कार्य तथा आपदा के पश्चात पुनर्वास में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को रेखांकित करना इत्यादि है। इनकी रही मौजूदगी कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उपायुक्त स्वत रोजगार जेके मिश्र, एसडीएम अमिता यादव, तहसीलदार (सदर) सुशील प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार श्रीश त्रिपाठी, दैवीय आपदा क्लर्क राम नरेश भार्गव, आपदा विशेषज्ञ अंकित राज सहित करीब 150 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

प्रशिक्षक राज नारायण वर्मा ने सिखाए आपदा से बचाव के तरीके

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रशिक्षक राज नारायण वर्मा ने महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को आग, भूकंप, बाढ़ और दूसरी आपदा के दौरान बचाव करने के तरीके सिखाए। आपदा में घायल हुए लोगों को प्राथमिक उपचार करने की ट्रेनिंग भी दी। कार्यशाला की शुरूआत में एसडीएम अमिता यादव ने कार्यशाला की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताई। आपदा प्रबंधन के विभिन्न चरणों, गतिविधियों के कुशल संचालन में महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में प्रशिक्षित करते हुए सम्पूर्ण समुदाय को जागरूक व प्रशिक्षित कर विभिन्न आपदाओं से होने वाली जन-धन एवं पर्यावरण की हानियों को न्यूनतम किया जा सकता है।

दस समूह की महिलाओं को मिले एक-एक हजार की चेक

कार्यशाला में प्रशिक्षण के उपरांत हुए असेसमेंट में प्रश्नोत्तरी में सही जवाब और बेहतरीन परफॉर्मेंस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एडीएम संजय कुमार सिंह ने रमियाबेहड से आकांक्षी स्वयं सहायता समूह की बीनू कुमारी, कुम्भी से सरस्वती स्वयं सहायता समूह की प्रेमवती, बाकेगंज से जय मा वैणो देवी प्रेरणा समूह की सीमा देवी, मोहम्मदी से अली प्रेरणा की रंगोली, महक प्रेरणा की बुशरा, मितौली से कल्पना प्रेरणा की कल्पना देवी, पलिया से सीता प्रेरणा की मोनिका, बेहजम से जिन्दबाबा समूह की फरजाना बानो, रमियाबेहड से सानवी प्रेरणा की सरस्वती कुमारी और फूलबेहड़ से विजय प्रेरणा समूह की श्रीमती सूफी को 01-01 हजार की चेक प्रदान किए।

जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र और कंबल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) भारतीय शिक्षा एवं जन कल्याण संस्थान द्वारा पीएम श्री संविलियन विद्यालय हरिहरपुर विद्यालय में बच्चों को वस्त्र और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। प्रधानाध्यापिका ने संस्थान के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सुभाष वर्मा, सचिव मोहम्मद आसिफ, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शफीक प्रधान नीरज कुमार, प्रधानाध्यापिका सुनीता वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

युवक का नाले में मिला शव, परिजनों ने कोतवाली के सामने किया प्रदर्शन

लखीमपुर खीरी। कोतवाली लखीमपुर सदर क्षेत्र के जिला अस्पताल के गेट पर हुई मारपीट के बाद गायब हुवे युवक की अगले दिन नाले में मिला शव। शव के मिलने पर परिजनों तीन युवकों पर हत्या का आरोप लगया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती में बुद्ववार को नाले के अंदर एक युवक का शव मिला। शव की पहचान समीर 26 पुत्र जलील अहमद निवासी मोहल्ला नई बस्ती कोतवाली सदर के रूप में की गई। शव मिलने के बाद मृतक के परिजनों ने जमकर कोतवाली के सामने हंगामा काटा। कोतवाली पुलिस ने किसी तरह परिजनों को शान्त कराया। मृतक समीर के पिता जलील ने बताया कि समीर का झंगड़ा कल रात में शादाब व अन्य लोगो के साथ हुआ था। झगड़े के बाद कल रात करीब 9:30 बजे से गायब उनका पुत्र समीर गायब हो गया। कोतवाली में बुद्ववार को जब गुमशूदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने गये तो पता चला कि पुत्र की लाश नाले में पड़ी है। आरोप है कि शादाब दो अन्य लोगो ने उनके पुत्र को मार कर नाले में डाल दिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा दिया लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की। परिजन कोतवाली सदर के सामने शव रखकर प्रदर्शन करते रहे। परिजनों का कहना है कि जब तक एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। पुलिस ने शादाब सहित अन्य लोगो को पूंछ तांछ के लिए हिरासत में लिया है।

भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया का नाम शामिल

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड को भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। नामचीन संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की 347 संस्थाओं की कार्यपद्धि के व्यापक सर्वे के पश्चात कोल इंडिया लिमिटेड को इस सम्मान से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता अपने कर्मियों के लिए एक सहायक और सशक्त वातावरण प्रदान करते हुए विश्वास, गर्व और सौहार्द की संस्कृति को विकसित करने की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।गौरतलब है कि एक समावेशी और टिकाऊ संगठन बनाने की प्रतिबद्धता के लिए कोल इंडिया को पहले ही ग्रेट प्लेस टू वर्क की मान्यता मिल चुकी है।एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न कंपनी है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में कोल इंडिया भारत की 80 प्रतिशत से अधिक घरेलू कोयला मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए, कोल इंडिया भारत के ऊर्जा क्षेत्र और आर्थिक विकास में एक अग्रणी संस्थान की भूमिका निभा रही है।

गोला में परंपरागत उल्लास से मनाया गया मौनी अमावस्या का पर्व

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ठिठुरन भरी ठंड के बीच बुधवार को मौनी अमावस्या पर्व का उल्लास सुबह से ही छलकता नजर आया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां हवन पूजन किया। मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के उपरांत दान पुण्य करते हुए सुखमय जीवन की मनौतियां मांगी और लोगों ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए।पर्व को लेकर सर्दी के बावजूद मेला मैदान में हर अमावस्या को लगने वाले परंपरागत मेले में भारी भीड़ रही। श्रीरामजानकी मंदिर,चीनी मिल के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर,पंजाबी कालोनी के श्रीराम मंदिर, लखीमपुर रोड स्थित श्रीराम मंदिर, मां मंगला देवी मंदिर में भी दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। दिन भर पर्व का उल्लास दिखाई देता रहा। श्रद्धालु कन्याओं के साथ जरूरतमंद लोगों को दान देते हुए नजर आए।

गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों पर लाल पत्थर लगना शुरू

रिटेनिंग और बाउंड्री वाल के निर्माण में आई तेजी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण ने अब तेजी पकड ली है, बुधवार को गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों के निर्माण के साथ नीलकंठ मैदान की ओर सीढ़ियों पर राजस्थान से आए लाल पत्थर लगाए जाने का काम होता दिखाई दिया। तीर्थ की तलहटी को समतल करने के लिए जमीन पर बिछी ईंटों को हटाए जाने का काम भी चलता रहा।

गोकर्ण तीर्थ के पूरब कोने में धार्मिक कर्मकांड के लिए चबूतरा का निर्माण मजदूरों के द्वारा चलता रहा। वही ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से डल्लू राम धर्मशाला होते हुए बाउंड्री वाल खड़ी किया जाना प्रस्तावित है। जिसको लेखक अंगद धर्मशाला के पीछे जर्जर पड़े डल्लू राम धर्मशाला के पास से नींब खुदाई का काम चलता हुआ दिखाई दिया। इसी के साथ स्टेशन मार्ग से शिव मंदिर जाने वाले मार्ग पर रिटेनिंग वाल का काम तेजी के साथ चल रहा है। रिटेनिंग वाल और बाउंड्री वाल के बीच स्थित बिंदु शाह के मकान से समान हटाया जा रहा है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रशासन एक-दो दिन में मकान को ध्वस्त कर सकता है। हालांकि प्रशासन ने साफ कर दिया है कि बिंदु शाह और जर्जर पड़े डल्लू राम धर्मशाला के कुछ हिस्से को ही ध्वस्त किया जाना है। जिससे तीर्थ के लोगों ने राहत की सांस ली है। उधर ध्वस्त किए गए प्रशासनिक कैंप कार्यालय , पार्वती सत्संग भवन और शौचालय की जमीन को समतल किया जा चुका है।

राजा झंडी ने सीएम व डीएम से मुलाकात कर बाढ़ की समस्या से कराया अवगत

निघासन-खीरी। तराई क्षेत्र में हर साल आने वाली बाढ़ किसानों की फसलों को नष्ट कर देती है व उनके घरों को तबाह कर देती है। निघासन क्षेत्र में बाढ़ की तबाही मचाने वाला घाघी नाला के प्रवाह को यदि सही दिशा देते हुए बंद नाले की खुदाई की जाए तो शायद क्षेत्र में बाढ़ जैसी तबाही न आए। इस विषम समस्या को देखते हुए क्षेत्र के सैकड़ों किसान झंडी स्टेट के राजा व भाजपा नेता राज राजेश्वर सिंह से मिले और अपनी समस्या से उन्हे अवगत कराया। जिसके बाद राजा राज राजेश्वर ने सीएम योगी आदित्यनाथ व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात कर क्षेत्र को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए विस्तृत चर्चा की और उन्हें इस समस्या के बारे लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया।

जिसके बाद डीएम के निर्देश पर गिरजा बैराज के अधिशासी अभियंता सोभित कुमार अपनी टीम के साथ झंडी राज महल पहुंचे और राजा राज राजेश्वर सिंह से मुलाकात की व उनके साथ घाघी नाले पर पहुंचे और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ निरीक्षण कर घाघी का पटा हुआ मार्ग चिन्हित कराया। जिससे संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र खुदाई व जहां चौड़ाई कम है वहां चौड़ाई बढ़ाने का आश्वासन दिया है।इस दौरान राज राजेश्वर सिंह ने संबंधित टीम के साथ घाघी नाले का कई जगह पर जाकर निरीक्षण किया ताकि नाले को सही दिशा दी जा सके। वहीं भाजपा नेता राज राजेश्वर ने यह भी बताया की

समय-समय पर क्षेत्रीय समस्याओं का लेते है संज्ञान

अभी हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनी झंडी रोड ऊंची हो गई थी मगर पश्चिम से आने वाली बाढ़ के पानी की निकासी की व्यवस्था संबंधित अधिकारियों द्वारा नही की गई थी। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोग राज राजेश्वर सिंह से मिले तो इन्होंने लखनऊ मंडल के कमिश्नर से इस संबंध में वार्ता की और इस समस्या के बारे में अवगत कराया। जिसके बाद झंडी रोड पर जगह-जगह पाइप डालकर पुलिया का निर्माण हुआ।

घाघी नाले से जुड़ा हुआ तामोलीनपुरवा बंधा जो विगत वर्षों में आई बाढ़ से कट गया था, जिसका विकास विभाग की टीम द्वारा सर्वे किया जा चुका है और इस बंधे को जल्द ही मनरेगा श्रमिकों के द्वारा फिर से बनाया जायेगा। इस दौरान निघासन चेयरमैन बद्रीप्रसाद मौर्य, पूर्व प्रधान नेकीराम शुक्ला, प्रधान रमेश भास्कर, बक्शीश सिंह, अमित सिंह के साथ दर्जनों क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

एसबीआई ने यातायात प्रबन्धन के लिए पुलिस को दिए बैरीकेड

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर में बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक और सहायक प्रबंधक फील्ड सहित कर्मचारियों ने शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने को लेकर कोतवाली पुलिस को 10 बैरीकेड दिए।

शहर में अक्सर लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। यातायात को नियंत्रित करने को पुलिस मशक्कत करती है। पुलिस को भीड़ और वाहन रोकने को इंतजाम करने होते हैं। बुधवार को मौनी अमावस्या वाले दिन भारतीय स्टेट बैंक गोला शाखा के प्रबंधक योगेश कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक फील्ड पवन कुमार और कर्मचारी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्र पाल गौतम, प्रभारी निरीक्षक चन्द्र शेखर सिंह को बैंक की तरफ से उपहार में 10 बैरीकेड प्रदान किए हैं। शाखा प्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने बताया कि आए दिन शहर के अशोक चौराहा सहित विभिन्न तिराहों, चैराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। यातायात को नियंत्रित करने को लेकर भीड़ और वाहन रोकने को इंतजाम करने होते हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा कोतवाली पुलिस को सहयोग के रूप में 10 बैरीकेड दिए गए हैं। सीओ गवेन्द्र पाल ने बैक की सराहनीय पहल बताते हुये बैंक के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को बैरिकेड मिलने से यातायात व्यवस्था में जहां सुधार होगा वहीं बैरिकेड-पॉइंट्स की सुंदरता भी बढ़ेगी। इस मौके पर तमाम पुलिसकर्मी मौजूद थे।

मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

कलान।- शाहजहांपुर/श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि ढाईघाट में चल रहे माघ मेला राम नगरिया में तमाम अव्यवस्थाओं के बीच प्रमुख पर्व मौनी अमावस्या पर सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान शुरू कर दिया।लाखों श्रद्धालुओं ने हरि बोलो मौनी खोलो के उद्घोष के साथ पतित पावनी गंगा मैया में डुबकी लगाकर गंगा पुरोहितों अन्न,वस्त्र,फल,मिष्ठान और नकद मुद्रा दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जिला पंचायत शाहजहांपुर के प्रबंधन में लगे मेले में प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से लगाये गये द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन किये।मेले में साधु-संतों के पंडालों में चल रही श्रीराम कथा,भागवत,हवन,यज्ञ में हिस्सा लिया।महिला श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में श्रृंगार सामग्री के साथ ही घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की और गरमा गरम जलेबी और चाट- पकौड़ी का स्वाद लिया। बच्चों ने मिक्की माउस में उछलकूद और बिजली से संचालित झूले का आनन्द लिया। लगभग तीन किलोमीटर की लम्बाई में लगे मेले में जिला पंचायत की ओर से गंगा तट पर बनाये गए सदर घाटों के समीप बने एकमात्र मूत्रालय में मानव मल से उठती दुर्गंध से श्रद्धालुओं को लघुशंका निजात पाना तो दूर उसके पास से निकलना भी मुश्किल हो रहा था। मेले में आये श्रद्धालुओं को प्यास बुझाने के लिए गंगा मैया का ही सहारा लेना पड़ा।मेले के सदर बाजार तक में एक हैण्ड पम्प दिखाई नहीं दे रहा था।मेले में कुछ चाट-पकौड़ी की दुकानों के समीप ही हैण्ड पम्प लगाए गए हैं।चाट-पकौड़ी बिक्रेताओं ने बताया कि उन्होंने दो सौ रुपये देकर अपनी दुकानों के समीप हैंडपंप लगवाये हैं।सदर घाटों पर तो प्रकाश की व्यवस्था की गई है किंतु शेष घाटों पर अंधेरा छाया रहता है।जिससे ब्रह्ममुहूर्त में गंगास्नान करने घाटों पर जाने वाले बुजुर्ग श्रद्धालु अंधेरे में गिरते नजर आए और घाट पर भीड़ भी अधिक दिखाई दी ।मेले में श्रद्धालुओं की समस्याएं सुनने के लिए बने जिला पंचायत के कैंप कार्यालय में तैनात मेलाधिकारी और कर्मचारी कार्यालय में बैठने के बजाय भीड़ बढ़ने पर अपने आवासीय टैन्ट में आराम करने चले जाते हैं।जिससे श्रद्धालुओं की समस्याओं का निदान भी नहीं हो पा रहा है। मेले में स्वच्छ शौचालय बनवाये जाने के बजाय सदर घाट से पूर्व बने सुलभ शौचालय में प्रति व्यक्ति दस रुपये शुल्क बसूला जा रहा है।जिससे गंगातट पर कल्पवास कर रहे श्रद्धालु मेले के आसपास ही शौच करके गंदगी फैला रहे हैं।

गृह लक्ष्मी महाबचत योजना का किया शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर/ जिला सहकारी बैंक द्वारा गृह लक्ष्मी महाबचत योजना का शुभारंभ जिलाअधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने योजना का शुभारंभ करते हुए कहा की बैंक द्वारा शुरू की जा रही यह योजना बचत के साथ-साथ महिलाओं को अतिरिक्त ब्याज की सुविधा दे रही है इसका लाभ समस्त वर्ग की महिलाएं सूक्ष्म बचत से लेकर बड़ी बचत तक करते हुए अच्छा ब्याज कमा सकती हैं।

उन्होंने कहा की बैंक के लिए शिक्षा, पुलिस, नगर निगम नगर पालिका आदि विभागों में कार्यरत महिलाओं को इस योजना का लाभ उठा सकती हैं क्योंकि इन विभागों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है। बैंक के अधिकारी कर्मचारी योजना का प्रचार प्रचार प्रसार हेतु इन विभागों में विशेष संपर्क अभियान चलाएं और जनपद की मातृशक्ति को इस योजना से जोड़ कर लाभ दिलाने में योगदान दे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2024 - 25 के उपलक्ष में जिला सहकारी बैंक अन्य बैंकों से अधिक ब्याज देकर महिलाओं को बचत के साथ ब्याज का दोहरा लाभ दे रही है। बैंक द्वारा इस योजना में 7.5% का ब्याज दिया जा रहा है जोकि इस समय किसी अन्य बैंक द्वारा नहीं दिया जा रहा इसके साथ ही बुजुर्गों को 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज की सुविधा भी बैंक द्वारा दी जा रही है इसमें कामकाजी महिलाएं एवं अन्य घरेलू महिलाएं न्यूनतम दस हजार रुपए जमा कर 7.5% के ब्याज का लाभ ले सकती हैं। योजना में महिलाएं सावधि जमा (एफडी) के साथ-साथ आवर्ती जमा (आरडी) भी कर सकती हैं। महिलाएं आरडी की शुरूआत मात्र 200 रुपए प्रतिमाह से कर सकती हैं।

मधुमक्खियों के हमले में 12 लोग जख्मी

कलान- शाहजहांपुर /नगर पंचायत में स्थित ब्लॉक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं कृषि बीज भंडार जैसे सरकारी संस्थान हैं।जहां सैकड़ो लोग ब्लॉक, अस्पताल एवं कृषि बीज भंडार में आते जाते हैं,बुधवार करीब सुबह 10 बजे के बाद ब्लॉक प्रमुख कार्यालय के ऊपर यूके लिप्टिस के पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा है। बताते हैं एक पक्षी ने मधुमक्खियों के छत्ते में चोंच मार दी।फिर क्या था मधुमक्खियां ब्लॉक प्रांगण में मौजूद ग्राम सेवक पंकज पाल पर टूट पड़ी और पड़ोस में खड़े एक युवक श्याम बरन शाक्य को भी काट कर घायल कर दिया। इसको देखते ही लोगों में भगदड़ मच गयी और लोगों ने इधर-उधर छिपकर जान बचाई ।बताते हैं कि जब मधुमक्खियां चारों तरफ मंडराने लगी।तभी अस्पताल के प्रांगण के सामने चाय की दुकान लगाए बैठे राजेश कुमार सैनी पर टूट पड़ी और उन्हें बुरी तरीके से काटकर का घायल कर दिया। करीब एक दर्जन लोगों को मधुमक्खियों ने काटा है।बताते हैं कि ब्लॉक,अस्पताल ,कृषि विभाग के कर्मचारियों ने इधर-उधर कमरों में छिपकर अपनी अपनी जान बचाई क्योंकि यहां पर प्रसव केन्द्र होने के दर्जनों की संख्या में महिलाएं मौजूद रहती हैं।उधर मधुमक्खियों की दहशत के कारण कृषि बीज भंडार कर्मचारियों ने मधुमक्खियों के शांत होने पर राजकीय कृषि कृषि भंडार खोला

घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने निकले अवधेश कुमार

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर/सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बार 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारीयों के बीच हो बाबा साहेब के मान पर चर्चा घर-घर पहुंचे पीडीए पर्चा की मुहिम छेड़ दी है जिसके चलते विधानसभा बार सपा के जिम्मेदार कार्यकर्ता और नेता सेक्टर बार कार्यक्रमों के माध्यम से घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचने में जुट गए हैं ।

ददरौल विधानसभा में इसके लिए घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की जिम्मेदारी उपचुनाव में विधानसभा प्रत्याशी रहे अवधेश कुमार वर्मा ने संभाल ली है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर नंबर 9 गोपालपुर ठठिउरा में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के ददरौल विधानसभा प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक एवं मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने समाजवादी पार्टी की नीतियों पर चर्चा करने के साथ-साथ संबोधन में कहा की महिला,किसान,दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, छात्र-छात्रा विरोधी भाजपा सरकार से समाजवादी पार्टी की पीडीए ही मुक्ति दिलाने का काम करेगी उन्होंने कहा हम सब लोगों का दायित्व है पीडीए समाज के जो भी हमारे महापुरुष हैं उनके बताएं रास्ते पर चलकर हम अपने हक और अधिकार के लिए संगठित होकर संघर्ष कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करें तभी हमें दमनकारी नीति से छुटकारा मिल सकेगा इस दौरान अवधेश कुमार वर्मा ने लोगों को पीडीए पर्चा भी वितरित किए और लोगों से घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील की कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने अपने बलबूते उत्तर प्रदेश में 37 लोकसभा सीटें जीतकर इतिहास रचा है अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी पीडीए की बदौलत उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी कार्यक्रम में धर्मवीर सिंह यादव ,लाइक अहमद शाह ,सेक्टर प्रभारी रमेश वर्मा ,सेक्टर सह प्रभारी हुकुम सिंह पाल, पर्यवेक्षक रामसरन सिंह ,सहित सेक्टर के बूथ प्रभारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

बाइक की टक्कर से महिला की मौत

आजमगढ़। अतरौलिया थाना क्षेत्र के पासीपुर कंगलीपुर गांव के पास मंगलवार की रात बाइक की टक्कर से महिला की मौत हो गई। दुर्घटना के समय वह शादी के कार्यक्रम से पति के साथ पैदल घर लौट रही थी। दुर्घटना के बाद बाइकवार गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। अतरौलिया थाना क्षेत्र के पासीपुर कंगलीपुर गांव निवासी 42 वर्षीया आशा गौड़ पत्नी ओम प्रकाश मंगलवार की रात क्षेत्र के शिकहुला गांव में एक शादी के कार्यक्रम में गई थी। रात करीब 11 बजे वह पति के साथ पैदल घर लौट रही थी। अपने गांव के पास पहुंची थी, इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद बाइक सवार भी गिर गया। वह बाइक छोड़ कर फरार हो गया। घायल महिला को लेकर परिजन रानीपुर सीएचसी पहुंचे, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला को दो बेटा दो बेटी हैं, घटना के बाद से परिवार के लोग रो रो कर बेहाल हैं। अतरौलिया थानाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

दो पैसेंजर ट्रेन निरस्त दो का मार्ग का बदला

जौनपुर। महाकुम्भ मेले में भगदड़ के बाद की स्थिति को देखते हुए जफराबाद जंक्शन से प्रयागराज जाने वाली ए.जे. पैसेन्जर 54376/75 व जौनपुर बरेली पैसेन्जर 4201/02 को बुधवार को निरस्त कर दिया गया है और गोरखपुर से चलकर जफराबाद के रास्ते प्रयागराज जाने वाली गोदान एक्सप्रेस 11056 के रूट को डायवर्ट कर वाराणसी के रास्ते से चलाया जा रहा है।स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन एल टी टी एक्सप्रेस जो अयोध्या से चलकर जफराबाद से मड़ियाहूं होकर जाती थी उसे भी वाराणसी के रास्ते चलाया जा रहा है। उक्त जानकारी स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने दी। आरपीएफ चैकी इन्चार्ज प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि कुम्भ मेले की भगदड़ को सुनकर फिलहाल कुम्भ जाने वालें यात्री आज स्टेशन परिसर में नही नजर आ रहे है। जिनका किसी ट्रेन का रिजर्वेशन है वही स्टेशन परिसर में दिख रहे हैं। फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से आर पी एफ व जी. आर पी के सिपाही लगाये गये हैं।

तीन हत्याभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। थाना बरसठी की पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मुकदमे के 3 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ष्षैलेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक बरसठी राजेश यादव के नेतृत्व मे उ0नि0जितेन्द्र बहादुर सिंह अपने सहयोगियों के साथ थाना पर पंजीकृत मुकदमा धारा 85,108 बीएनएस व 3/4 डी0पी एक्ट से सम्बंधित वांछित अभियुक्तगण सचिन्द्र यादव उर्फ लक्ष्मण पुत्र सुरेशचन्द यादव .सुरेशचन्द्र यादव पुत्र जियन्ता ,राजकुमारी यादव उर्फ लल्ली देवी पत्नी सुरेश यादव निवासी पिलकथुआ थाना बरसठी को पिलकथुआ से गिरफ्तार किया गया।

युवती ने लगाई फांसी, मौत

सोनभद्र। जिला अस्पताल चैकी क्षेत्र के पॉलिटेक्निक स्कूल के समीप बुद्धवार को दोपहर बाद संदिग्ध परिस्थितियों में 17 वर्षीय किशोरी का शव पेड़ से लटकते मिला जांच में जुटी पुलिस। लोढ़ी चैक की प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि बुद्धवार दोपहर बाद कुछ लोगों द्वारा सूचना मिली कि पॉलिटेक्निक स्कूल के समीप मंदिर के बगल में पेड़ से लटकता एक युवती का शव है मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों के मदद से जानकारी मिली की चांदनी पुत्री शंकर उम्र करीब 17 वर्ष निवासी कोलिन बस्ती लोढ़ी बताया गया मृतक के परिजन को सूचित करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी पुलिस।

कब्जा हटाने के लिए पुलिस ने महिला को घसीटा

जौनपुर। केराकत कोतवाली पुलिस के कारनामों का एक वीडियों इन दिनों वायरल हो रहा है। वीडियों में एक पुलिस कर्मी ने महिला को पहले मारा पीटा फिर घसीट कर घर से बाहर निकाल कर ले गया। प्रकरण केराकत कोतवाली के औरी (नरहन) ग्राम का है। पीड़ित के अनुसार आबादी क्षेत्र पर कब्जा हटाने के नाम पर पुलिस द्वारा बर्बरता की गई। महिला के पति मेवालाल ने जिलाधिकारी से प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। महिला ने अपने मेडिकल मुआयना के लिए भी न्यायालय से अपील की है। वीडियों में साफ साफ दिख रहा है की महिला के साथ बर्बरता की जा रही है और महिला को चोटें भी आई हैं।

बीईओ नारायणपुर के बैठक में अनुपस्थिति पर शो कॉज नोटिस

मीरजापुर। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अनुश्रवण समिति, जिला शिक्षा समिति, जिला पोषण समिति की बैठक आहूत की गई। जिला अनुश्रवण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों में बाउंड्रीवाल बना हुआ है।

बाउंड्रीवाल के किनारे-किनारे अशोक का पौधरोपण कराया जाए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों में शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, प्ले ग्राउंड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं जिन विद्यालयों में नहीं है खण्ड विकास अधिकारी निरीक्षण कर जहां व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों की छत खराब उनकी मरम्मत कराएं। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी, कम्प्यूटर जहां पर नही है वहां बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में पोषण वाटिका की स्थिति खराब है तो दुरूस्त कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय कैम्पस में आधारभूत आवश्यकताएं उन सभी को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी नारायणपुर के बैठक में अनुपस्थित रहने पर शो कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में निर्माणाधीन दिव्यांग शौचालय, बाल वाटिका, ए0सी0आर0 समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे निरीक्षण के दौरान खराब पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। आधार विहीन बच्चों के आधार बनवाए जाने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में बच्चों के आधार कार्ड नही बने है उन विद्यालयों में बच्चों की सूची व जन्म प्रमाण पत्र बनवाते हुए आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को जिस विकास खण्ड में सचिवों द्वारा जन्म प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन अभी तक लम्बित है ऐसे सचिवों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड से कम से कम 05-05 सचिव चिन्हित करे जो कार्य करने में लापरवाही कर रहे है उन्हे विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही करे तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक विकास खण्ड से ऐसे दो प्रधानाध्यापको जो कार्य में लापरवाही बरत रहे चिन्हित करते हुए उन पर कड़ी कार्यवाही की जाए। पोषण समिति की समीक्षा में मुख्य अधिकारी द्वारा पोषण ट्रैकर फीडिंग के बारे में जानकारी ली गई। गत माह प्रगति खराब होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शत प्रतिशत फीडिंग करते हुए प्रगति में सुधार लाए अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शरारती तत्वों ने सब्जी मंडी में लगाई आग

आजमगढ़। अहरौला बाजार की सब्जी मंडली में मंगलवार की रात करीब दो शरारती तत्वो ने ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगा दी, जिससे लाखों की क्षति हुई। जिससे सब्जी मंडी में तीन दुकाने और उसमें रखा सामान और पास में खड़ी एक कार जल कर नष्ट हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। अहरौला निवासी हृदय नरायन गोंड की बाजार की सब्जी में सब्जी की दुकान है। पास में ही बहेरा गांव निवासी बुद्ध निषाद और संग्रामपुर गांव निवासी रामचरन यादव की मंडी में सब्जी की दुकान है। इसके साथ ही मतलूबपुर सब्जी मंडी निवासी अभिषेक सोनकर की उनके घर के सामने कार खड़ी थी। आग बुझाने पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया कि रात करीब डेढ बजे शरारती तत्वो ने ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगा दी। आग हृदय नरायन गोंड की दुकान से शुरू हुई। इससे बाद आग बुद्ध निषाद, रामचरन यादव की दुकान में पकड़ ली। इसके साथ पास खड़ी अभिषेक सोनकर कार में पकड़ ली। आग की लपटे उठने लगी। इसके बाद लोगों को जानकारी हुई। आग विकराल रूप ले चुकी थी। स्थानीय लोग आग बुझाने में जुट गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंची। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। दुकानों में रखा आलू, प्याज, लहसुन, टमाटर, गोभी, 100 पीस खाली बोरा, 500 से अधिक कैरेट जल कर नष्ट हो गए। तीन दुकानदारो ने बताया कि उनका एक-एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। प्रभारी थानाध्यक्ष महेंद्र वमा ने बताया कि अज्ञात के विरूद्ध तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

प्रयागराज के लिए वाहनों का आवागमन रोका गया

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला प्रशासन प्रयागराज की सूचना के अनुसार मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है जिसके कारण अल्पसमय के लिए प्रयागराज जाने वाले वाहनों का आवागमन रोका गया है जिससे व्यवस्थाए सुचारू रूप से संचालित हो सके।

जिलाधिकारी द्वारा श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं से अभी प्रयागराज न जाने तथा संयम बरतने के साथ ही जिला प्रशासन का सहयोग करने का विनम्र अनुरोध किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सुबह से ही मछलीशहर, सतहरिया इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर यातायात, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के ठहरने, शौचालय पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज, लोहिया पार्क सहित अन्य जगहों पर निःशुल्क ठहरने, उनके खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारीगण सुबह से ही सक्रिय होकर कार्य कर रहे है। ज्ञात हो कि महाकुंभ में भगदड़ और भारी भीड़ को देखते हुए मुंगराबादशाहपुर तक पहुंची रोडवेज की बसों और निजी वाहनों को वापस कर दिया गया है। कुछ निजी वाहनों से आए श्रद्धालुओं की जिद के आगे प्रशासन नमस्तक है। श्रद्धालु हर हाल में प्रयागराज जाकर स्नान करना चाहते हैं। सतहरिया व ईटहरा में बसों को पूरी तरह से रोक दिया गया है। फिलहाल 24 घंटे तक कोई भी वाहन प्रयागराज सीमा में प्रवेश नहीं कर सकता है। पुलिस प्रशासन का सख्त पहरा है। ईटहरा बॉर्डर पर जाम की स्थिति बनी हुई है। डीएम दिनेश चंद्र ने 24 घंटों के लिए महाकुंभ में जाने वाले वाहनों को जो जहां है वहीं पर रोकने का आदेश दे दिया है। सीओ मछलीशहर परमानंद कुशवाहा ने बताया कि मेला प्रशासन कि अनुमति जब तक नहीं मिलती तब तक बॉर्डर बंद रहेंगे। बॉर्डर खुलने में 48 से 56 घंटे का समय भी लग सकता है।

मौनी अमावस्या पर गोमती में लगाई डुबकी, दिया दान

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। मौनी अमावस्या पर बुधवार को को आदि गंगा गोमती के घाटों पर श्रद्धालुओं ने स्नान आदि करके पुरोहितों को दान किया। स्नान के पर्व को लेकर गोमती नदी के हनुमान घाट, सूरज घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। जबकि मौनी अमावस्या को लेकर एक दिन पहले से घाटों की साफ सफाई करा दी गई थी। मां शीतला धाम चैकिया और मां मैहर मंदिर में दर्शन पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ रही।

मौनी अमावस्या पर्व के चलते सुबह ही मंदिरों के पट खोल दिए गए थे। देर शाम तक लोग मंदिरों में दर्शन पूजन करते रहे। उधर मौनी अमावस्या को लेकर गोमती में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। पुरोहितों को दान पुण्य ही किया। ज्ञात हो कि मौनी अमावस्या के दिन नदियों व सरोवरों में देवताओं का निवास होता है। इसी कारण मौनी अमावस्या के दिन नदियों में स्नान और दान को खास महत्व दिया जाता है। माघ महीने को पुण्य का महीना माना जाता है। इस महीने में दान.धर्म और पूजा.अर्चना का अलग ही महत्व होता है। इस बार मौनी अमावस्या सोमवार को पड़ने के कारण इसका महत्व और बढ़ गया है। मौनी अमावस्या पर दान का बहुत ही महत्व होता है।

खलील अब्बास सिद्दीकी अवॉर्ड से सम्मानित हुए प्रो. ताहिर

आजमगढ़। शिब्ली नेशनल कालेज के उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद ताहिर को उनकी शोधपूर्ण पुस्तक सहाबियात और नेसाई तहरीकात के लिए पश्चिम बंगाल उर्दू एकेडमी द्वारा खलील अब्बास सिद्दीकी अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें विज्ञान, तकनीकी और सामाजिक मुद्दों में उनके अद्वितीय योगदान के लिए दिया जाएगा। इस सम्मान के साथ प्रो. मोहम्मद ताहिर को 15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ से लगती बभनी सीमा का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बुद्धवार को छत्तीसगढ़ प्रान्त से बभनी उत्तर प्रदेश की सीमा बभनी सोनभद्र का स्थलीय निरीक्षण किये। इस दौरान कुंभ मेले में जा रहे यात्रियों के सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जायजा लिये।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों से कुंभ मेले में जाने वाले यात्रियों के सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले में जा रहे वाहनों को परेशानी न उठाना पड़ें। इसके लिए जाम की स्थिति को देखते हुए इन्हें रवाना किया जाये, ताकि जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पायें। महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं को समस्या न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ सीमा से आ रहे वाहनों को आसनडीह में रोक गया गया है। छत्तीसगढ़ के वाड्रफनगर, अम्बिकापुर,विलासपुर, रायपुर, कोरबा , सहित उड़ीसा राज्य से कुम्भ स्नान के श्रद्धालु लगातार आ रहे हैं, इन्हें किसी प्रकार की समस्या न होने पायें, इसको देखते हुए बड़े व भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गयी है,जिससे श्रद्धालुओं को सहुलियत मिल सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय, तैनात पुलिस कर्मी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

रोडवेज डिपो परिसर में चाकू बाजी से फैली सनसनी

- चालक घायल, हमलावर चालक भी निकाल माफिया आतीक का रिश्तेदार

मीरजापुर । जनपद के रोडवेज डिपो परिसर में चाकू चलने की घटना से सनसनी फैल गई। घायल व्यक्ति रोडवेज बस का चालक बताया जा रहा है, जबकि चाकू से हमला करने वाला हमलावर भी चालक बताया गया है जिसे दिवंगत माफिया अतीक अहमद का रिश्तेदार बताया जा रहा है।

घटना के बाद घायल चालक को आनन-फानन में लहुलुहान स्थिति में ट्रामा सेंटर लाया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हमलावर को हिरासत में ले लिया है. जानकारी के मुताबिक धीरेन्द्र मिश्रा 45 वर्ष पुत्र सुरेश शंकर मिश्रा जिले के संतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवढ़िया, दीपनगर गांव के निवासी हैं और मीरजापुर डिपो में चालक हैं।

जिनका दोपहर में किसी बात को लेकर रोडवेज डिपो के ही दूसरे चालक अफाक से कुछ कहा सुनी हो गई थी। बताया जा रहा है कि आफक ने धीरेंद्र मिश्रा पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया जिससे वह लहू-लुहान होकर गिरकर तड़पने लगे। इस घटना के बाद रोडवेज परिसर में अफरा तफरी मच गई। घायल चालक धीरेंद्र मिश्रा को आनन-फानन में तत्काल सहयोगी कर्मचारियों द्वारा ट्रामा सेंटर मीरजापुर लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत अति गंभीर देखते हुए उन्हें तत्काल ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर ट्रामा सेंटर पहुंचे घायल चालक धीरेंद्र मिश्रा के परिजनों ने बताया कि हमलावर चालक आफक जो मीरजापुर का ही रहने वाला है तथा प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद का रिश्तेदार है। इसके पहले वह प्रयागराज डिपो में था। सवारी बिठाने को लेकर कुछ माह पूर्व धीरेंद्र मिश्रा से उसका विवाद हुआ था, जिससे वह धीरेंद्र मिश्रा से खार खाए हुए था। मौका मिलने पर उसने धारदार हथियार से धीरेंद्र पर प्राणघातक हमला बोल दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चालक धीरेंद्र को जहां गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया है वहीं पुलिस ने हमलावर आफाक को हिरासत में ले लिया है घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा है तो वही मौके पर परिसर में दहशत फैल गया था।

40 टीवी मरीजों को भेंट की पोषण पोटली

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। शासन स्तर से जारी सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान के तहत जनपद मीरजापुर में बुधवार को खुशबू हॉस्पिटल, देवर्षि नगर की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर खुशबू शिखांगी द्वारा जिले के इलाज पर चल रहे 40 टीबी मरीजों को सत्कार एवं सम्मान देते हुए शासन के मंशानुशार तैयार पोषण पोटली भेंट करके गोद लेने का सराहनीय कार्य किया, साथ ही कार्यक्रम में मौजूद इनरवील क्लब मीरजापुर की सम्मानित महिला ग्रुप द्वारा सभी मरीजों को कंबल, तौलिया,गंजी, बिस्कुट, एवं अन्य कुछ दैनिक उपयोगी सामग्री भेंट करते हुए सहयोग दिया। कार्यक्रम आयोजक डाक्टर खुशबू द्वारा अपने उद्बोधन में आए हुए मरीजों को आश्वस्त किया गया कि आप सब की सेवा मेरे द्वारा पूरे इलाज अवधि तक इसी तरीके से खाद्य सामग्री भेंट करते हुए किया जाता रहेगा। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि यहां आए हुए किसी भी टीबी मरीज को यदि नेत्र संबंधी कोई भी समस्या होती है तो उनका इलाज मेरे स्तर से निःशुल्क किया जाएगा। उक्त अवसर पर मौजूद डॉक्टर कृष्णा सिंह द्वारा क्षय रोग ग्रसिम मरीजों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया गया, साथ ही उनके द्वारा कहा गया कि ऐसे रोगियों से किसी भी प्रकार का भेदभाव न रख कर उनके लिए सहयोगी भाव रखना चाहिए।

आयोजित कार्यक्रम का संचालन कर रहे क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा मरीजों के हित में उपलब्ध कराए गए सहयोग के प्रति सभी सहयोग कताओं का विभाग की तरफ से आभार प्रकट करते हुए। टीबी के संपूर्ण लक्षणों वह सरकारी स्तर से उपलब्ध जांच इलाज एवं अन्य सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया साथ ही आग्रह पूर्वक कहा कि ऐसे मरीजों के सहयोग में इसी तरह अन्य सम्मानित संवेदनशील व कर्मचारियों मानव सेवा भाव रखने वाले लोग सहभागिता निभाते हैं तो निश्चित रूप से हमारा देश 2025 तक टीबी मुक्त देश बनता नजर आएगा। कार्यक्रम में डॉक्टर आनंद कुमार सिंह गुर्दा रोग विशेषज्ञ एवं नंदिनी मिश्रा, कृष्णा सिंह, सविता वर्मा, दीपा सर्राफ, परमजीत के साथ-साथ क्षय विभाग के शमीम अहमद, अवध बिहारी, सावित्री, आकाश, अनुराग, मनभावन आदि उपस्थित रहे।

लेखाधिकारी की मनमानी का ठेकेदारों ने किया विरोध

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। वेलफयर एशोसिएशन कल्याण समिति लोक निर्माण विभाग ने विभाग के लेखाधिकारी की मनमानी और लापरवाही के कारण भुगतान की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आक्रोश जताया। एशोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि दीपावली के समय जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से भुगतान हो पाया था। इसके बाद लेखाधिकारी राम मिलन यादव दो महीने गायब रहे और केवल एक दिन बीच में आये तथा दो घण्टा रहने के बाद इसके तबसे गायब चल रहे है जनवरी माह समाप्त होने को है जिससे ठेकेदारों का समय से भुगतान नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में सिचाई विभाग में कार्यरत है।

वहीं इनको सिचाई विभाग में अटैच करने की कृपा करें। उन्होने अनुरोध किया कि निर्माण खण्ड के लेखाधिकारी को मार्च माह तक के लिए आदेश करने की कृपा करें ताकि विकास कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो अन्यथा विकास ठप हो जायेगा। ज्ञापन देते समय महावीर, धनन्जय मिश्र, शरद सिंह, राजन सिंह, ज्ञानेन्द्र, सोनू सिंह, नागेन्द्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

शिक्षिका के घर में घुसे चोरों ने लाखों माल समेटा

आजमगढ़। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के चेंवता गांव में मंगलवार की रात शिक्षिका के घर में छत के रास्ते घुसे चोर लाखों के सामान समेट कर फरार हो गए। परिवार के लोगों को घटना की जानकारी बुधवार की सुबह हुई। परिजनों की सूचना पर डाग स्क्वायड टीम के साथ पहुंची पुलिस ने जांच की। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के चेंवता गांव निवासी अश्वनी त्रिपाठी की पत्नी परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। मंगलवार को परिवार के लोग मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए प्रयागराज गए थे। परिवार में अश्वनी त्रिपाठी के पुत्र और बहू घर पर थे। रात करीब 12 तक टीवी देखने के बाद लोग सो गए। रात में चोर पीछे से छत के रास्ते घर में घुस गए। आलमारी, बक्सा तोड़ कर घर में रखे करीब छह लाख के जेवर उठा ले गए। छत की रेलिंग से साड़ी बांधकर चोर साड़ी के सहारे छत से उतरे थे। परिवार के लोग बुधवार की सुबह उठे तो रेलिंग से बंधी और लटक रही साड़ी देख संदेह हुआ। घर में पहुंचे तो बिखरा हुआ सामान देख होश उड़ गए। परिजनों की सूचना पर डाग स्क्वायड टीम के साथ पहुंची पुलिस ने जांच की। थानाध्यक्ष विवेक पांडेय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

कड़ी धूप में बर्फीली हवाओं के असर से मौसम बदला

आजमगढ़। माघ माह में धूप की तल्खी फागुन जैसी है। दिन में धूप की तल्खी इतनी ज्यादा है कि गर्म कपड़े पहनकर बैठना मुश्किल हो रहा है। वहीं, कड़ी धूप में बर्फीली हवा भी असर दिखा रही है। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार से फिर बादलों के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जनवरी के प्रथम सप्ताह में ही मौसम सर्द हो गया था। हाड़कंपाती ठंड से लोग बेहाल थे। करीब एक पखवारा बाद राहत मिली। बीते सप्ताह हुई बारिश ने फिर से गलन बढ़ा दी। कभी धूप तो कभी आसमान में बादलों के डेरा जमाने से गर्म-सर्द का मौसम बरकरार है। चार दिन से दिन में चटख धूप निकल रही है। मंगलवार को धूप की तल्खी से घरों की छतों, मैदानों और पार्कों में बैठकर धूप का आनंद लेने वालों को कुछ देर बाद ही लौटना पड़ गया। धूप में गर्माहट इतनी ज्यादा थी कि कामकाज के सिलसिले में बाहर निकले लोगों को गर्म कपड़े और जैकेट भारी लगने लगे। वहीं, मंगलवार को धूप के बीच ठंडी हवा भी चल रही थी। धूप खत्म होते ही ठंड का असर तेज हो गया। मौसम विभाग फिर बूंदाबादी और बारिश की आशंका जता रहा है।

माघ में गर्मी, किसानों को जीविका की चिन्ता

जौनपुर। मौसम की अनियमितता को लेकर किसानों को खेती की चिंता सताने लगी है। इन दिनों कभी शाम को तेज ठंड और कभी दोपहर में कड़ी धूप के चलते मौसम की अनियमितता को लेकर किसान परेषान है उनका कहना है कि यदि ऐसे ही तेज धूप निलती रहे तो गेहूं की पेदावार पर असर पड़ेगा। मौसम को देखकर जिले के किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल के लिए अभी कम से कम एक महीने अच्छी ठण्ड की जरूरत है। अभी से कड़ी धूप के कारण पैदावार प्रभावित होगी। किसानों ने बताया कि धूप में गर्माहट के कारण फसल का विकास रूकेगा। अगर पौधे पूरे तरह से विकसित नहीं होगे। फूल व फली में गिरावट आने से पैदावार घटेगी। इस साल फसले देर से बोई गयी है। इसलिये फसलों को मार्च तक नमी की आवष्यकता रहेंगी। अगर नमी न मिली तो कुछ फसल ऐसे है जो फूलने के पहले सूख जायेगी। दाने दाने को मोहताज किसान अब यह आस लगाये किसान अपने फसलों को निहारते रहते है कि साल भर खाने के लिए ही अन्न पैदा हो जाये तो जीविका चलती रहेगी। सर्दी के ऋतु की पहचान पूस और माघ महीने से की जाती है। माघ के महीने में धूप दिन मेकं सहन नहीं हो रही है। किसान भोला यादव का कहना है कि भगवान ने चाहा तभी किसान का भला होगा।

डीएम ने अस्थायी पार्किंग व्यवस्था का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जनपद के विकासखंड छानबे स्थित अकोढ़ी में बनाए गए अस्थाई पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। महेश भट्टाचार्य इण्टरमीडिएट कालेज अकोढ़ी के प्रांगण में बनाए गए अस्थायी रैन बसेरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी द्वारा रेन बसेरा में रुके श्रद्धालुओं को लंच पैकेट का भी वितरण किया गया। पानी की व्यवस्था, शौचालय की साफ सफाई भी रखने का निर्देश दिया गया। आने जाने वाले श्रद्धालुओं से की अपील करते हुए कहा गया कि अस्थाई विश्राम स्थल में ही विश्राम करें। उनके द्वारा महाशक्ति इंटर कलेज बिहसड़ा, में अस्थाई विश्राम स्थल (होल्डिंग एरिया) का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विश्राम स्थल पर रसोइयों की ड्यूटी लगाकर निशुल्क खान-पान की व्यवस्था करे। उन्होंने जनरेटर की भी व्यवस्था करने का दिया निर्देश देते हुए चार्जर पाइंट भी लगाने का निर्देश दिया। साथ ही अष्टभुजा व बिहसड़ा के पास एम्बुलेंस ते नात करने को कहा। उनके द्वारा गुलाबकली बालिका इण्टर कालेज मोहनपुर, जिगना, मीरजापुर में अस्थाई विश्राम स्थला (होल्डिंग एरिया) पर भी पहुंच कर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

करमा(सोनभद्र) स्थानीय विकास खण्ड स्थित श्री सिद्ध प्राचीन हनुमान मन्दिर मदैनिया से निकली हुई कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय विकास खण्ड स्थित मदैनीया गांव में श्री सिद्ध प्राचीन हनुमान मन्दिर में श्री सिद्ध विश्वेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है

जिस क्रम में मन्दिर प्रांगण में कलश यात्रा साज सज्जा के साथ संकट मोचन,हर हर महादेव के जयकारों के साथ हुआ पथ संचलन,जिसमें श्रद्धालु कलश यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हो कर सुखद अनुभव किए। रंगबिरंगे परिधान पहनने हुए लोगों के अन्दर काफी उतसाह दिखा। चार दिवसीय कार्यक्रमों प्रथम दिन बुद्धवार को कलश यात्रा निकाली गई जो मन्दिर परिसर से प्रारम्भ हो कर लावलस्कर के साथ डीजे पर भगवा रंग के झण्डे के साथ संकट मोचन हनुमान, जय श्री राम, जय श्री सिद्ध विश्वेश्वर महादेव के जयकारों से गूंजा समूचा क्षेत्र। गांव का भ्रमण कर जलाशय में जल भर कर पुनः मन्दिर परिसर में गई। जहा देवी देवाओं का पूजन व आह्वान किया गया। बता दें गुरुवार को अन्नाधिवास,फलाधिवास,पुष्पा धिवास, व शैयाधिवास कार्यक्रम होगा,शुक्रवार को श्री सिद्ध विश्वेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा एवम्शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया है। हर शाम भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है।

ग्राम पंचायत पोखरा में निर्मित राजकीय महाविद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज बभनी ब्लाक के ग्राम पंचायत पोखरा में बनकर तैयार राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण किये। जिलाधिकारी ने महाविद्यालय को देखा और उसका संचालन शुरू करने के लिए सम्बन्धित को पूरी तैयारी करने के लिए निर्देशित किये, उन्होंने कहा कि जो भी जरूरी व तकनीकी कार्य शेष बचे हैं, उसे तत्काल पूरा करते हुए सम्बन्धित को संचालन के लिए हैण्डओवर किया जाये, जिससे पठन-पाठन का कार्य शुरू कराया जा सकें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महाविद्यालय का नाम अंकित कराया जाये, जिससे लोगों को जानकारी हो सकें। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय पोखरा में तैनात प्राचार्य डा रामसेवक सिंह यादव से स्थिति का जायजा लिया, तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि मेन रोड से डिग्री कालेज तक आने वाले सड़क का निर्माण कराया जाना है, जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सम्बन्धित विभाग से कार्ययोजना तैयार करते हुए जल्द जल्द से रोड निर्माण कराया जायोगा। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय उपस्थित रहें।

संक्षेप

बच्चों की गवाही पर पिता को दस साल की कैद

बरेली। स्थानीय अदालत ने एक व्यक्ति को पत्नी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के जुर्म में 10 साल कैद की सजा सुनाई। सबसे खास बात यह रही कि अदालत ने आरोपी को उसके बच्चों की गवाही के आधार पर दोषी ठहराया।

अपर जिला एवं शासकीय अधिवक्ता दिगंबर सिंह ने बुधवार को बताया कि 29 अगस्त 2023 को संजय नगर निवासी विकास उपाध्याय ने पत्नी वंदना के साथ मारपीट की थी और अगले दिन वंदना ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

उन्होंने बताया कि इस मामले में विकास के 11 वर्षीय बेटे और आठ साल की बेटी ने भी अदालत में अपने पिता के खिलाफ गवाही दी थी। दोनों बच्चों ने कहा था कि उनका पिता अक्सर उनकी मां को मारता-पीटता तथा प्रताड़ित करता था।

बच्चों ने यह भी बताया कि उनके पिता अक्सर उनकी मां से कहते थे ,तुम मर क्यों नहीं जाती ?

अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने मंगलवार को विकास को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाया और उसे 10 साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। इस मामले में वंदना की मां कामिनी सक्सेना की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष ने अपने आरोपों के समर्थन में दो बच्चों सहित आठ गवाहों को पेश किया था।

मौनी अमावस्याः लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

सौ काशी, एक बासी की मान्यता पर लोगों ने बासी नदी में स्नान कर किया दान-पुण्य

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। मौनी अमावस्या के मौके पर बुधवार भोर से ही पवित्र नदियों के तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जनपद के नारायणी नदी हो या फिर बांसी या शिवाघाट हर जगह भोर से ही बड़ी तादात श्रद्धालुओं के पहुंचने और आस्था की डूबकी के साथ दान-पुण्य करने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। स्नान-ध्यान के बाद श्रद्धालुओं ने गोदान किया तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की मंगलकामना की।

यूपी-बिहार सीमा पर पनियहवा रेल व सड़क पुल के नीचे नारायणी नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना की। ब्रह्ममुहूर्त से ही स्नान ध्यान, पूजा, गोदान आदि धार्मिक क्रिया-कलाप शुरू हो गया। धार्मिक मंत्रों व जयकारे से नारायणी क्षेत्र गुंजायमान रहा। बिहार, महराजगंज, देवरिया, गोरखपुर आदि जगहों से श्रद्धालु भोर में ही घाट पर पहुंचना शुरू हो गए। इस दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। मेला क्षेत्र से होकर गुजर रही ट्रेनों व स्नान करते समय नदी में कोई अनहोनी न हो, इसके लिए नाव व गोताखोरों को विशेष रूप से तैनात किया गया था। खड्डा व हनुमानगंज थाने की पुलिस टीम मुस्तैदी से मेले में तैनात रही। इसी तरह मौनी अमावस्या को लेकर सेवरही के शिवाघाट, पांडेय पट्टी घाट, गोला घाट, रुक्मिनी घाट, गौरी घाट, दमकल घाट, मलाही घाट, पिपराघाट समेत जंगली पट्टी, अहिरौलीदान, विरवट कोन्हवलिया, बॉकखॉस, बाघाचौर, जवही दयाल आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इन घाटों पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार की शाम से ही शुरू हो गया था। बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य की।

पवित्र नदियों में देवताओं का होता है निवासः श्रीदास

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक व श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति के पीठाधीश्वर श्री दास महाराज बताते हैं कि माघ महीने की अमावस्या को मौनी अमावस्या भी कहते हैं। इस दिन मौन रखकर नदियों में डुबकी लगाने का विधान है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन पवित्र संगम में देवताओं का निवास होता है। इसलिए इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस मास को भी कार्तिक के समान पुण्य मास कहा गया है।

मौनी अमावस्या के अवसर पर कुशीनगर जिले के श्रद्धालु बड़ी गंडक के पनियहवा, भैसहां घाट, पिपराघाट समेत अन्य स्थलों पर डुबकी लगाते हैं। इसी तरह छोटी गंडक और बांसी नदी में भी श्रद्धालु स्नान करने के बाद दान-दक्षिणा देते हैं तथा पूजा-अर्चना करते हैं।

यही नहीं यहां से काफी संख्या में भक्त नेपाल के त्रिवेणी में भी स्नान के लिए जाते हैं। आस्थावानों ने छोटी गंडक के हेतिमपुर, रगड़गंज समेत अन्य घाटों पर तथा बांसी नदी में भी डुबकी लगाई।

साधु-संतों ने किया शाही स्नान, व्यवस्था चौक-चौबंद

मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को पनियहवा घाट पर आयोजित होने वाले मां नारायणी सामाजिक कुंभ में स्नान के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार को दिन भर चलता रहा। दूर-दराज के लोग दोपहर बाद से मेला स्थल पर पहुंचने लगे थे। सैकड़ों दुकानदार दुकानें व्यवस्थित करने में जुटे रहे। मेला व्यवस्थापक की ओर से श्रद्धालुओं के ठहरने व भंडारा की व्यवस्था की गई है। साधु-संतों की टोली भी मंगलवार से जुटने लगी थी। सर्वप्रथम साधु-संतो ने भोर मे शाही स्नान कर शुरूआत किया।

उसके बाद श्रद्धालुओं ने नारायणी मे आस्था की डूबकी लगायी। पनियहवा के दुकानदार अरविद साहनी ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले लोग मेला घुमते है और खरीदारी करते हैं।

नदी में नौका विहार कराने वाले ध्रुप साहनी ने बताया कि श्रद्धालुओं के स्नान के बाद नदी में सुरक्षित भ्रमण के लिए लाइफ जैकेट व लाइफ रिग की व्यवस्था की गयी है।

शादी का झांसा देकर युवती से बनाये शारीरिक संबंध, पुलिस ने दर्ज किया केस

बहेड़ी, बरेली। एक लड़की ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब उसने इसकी शिकायत युवक के घर वालों से की तो उक्त लोगों ने उसके व उसकी मां के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट की। शिकायत के बाद पुलिस ने युवक सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला नूरीनगर लाइनपार कस्वा व थाना बहेडी निवासी एक 18 साल की लड़की का कहना है कि मोहम्मद अमान उर्फ शाहिल उम्र 22 वर्ष पुत्र स्व० मुख्त्यार निवासी बेकरी वाली गली मो० टांडा कस्बा व थाना बहेडी, बरेली ने शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन सम्बन्ध बनाये। जब उसने युवक से शादी करने के लिये कहा तो युवक आग बबूला हो गया और फोन पर गन्दी गन्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि युवक ने उसके आपत्तिजनक फोटो फेसबुक व इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिये। जब उसने इस बारे में अमान के परिवार वालों को बताया तो युवक की मां ने उसके व उसकी माँ के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अमान उर्फ शाहिल सहित रेहाना उर्फ पप्पूनिया पत्नी मुख्त्यार, मोहम्मद हसन, मोहम्मद आसिम, मोहम्मद नासिर पुत्रगण स्व० मुख्त्यार निवासीगण बेकरी वाली गली मो० टांडा कस्बा व थाना बहेडी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि युवक व युवती लगभग 3 वर्ष से रिलेशनशिप में थे। युवती द्वारा मोहम्मद अमान से शादी की बात कही तो मोहम्मद अमान ने शादी से मना कर दिया।

10 हजार की रिश्वत में यूपी पुलिस का सिपाही गिरफ्तार

बरेली। एंटी करप्शन की टीम ने बुधवार को समझौता करने के लिए 10 हजार रुपये की डिमांड करने वाले सिपाही को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सिपाही बदायूं के सिविल लाइन थाने में तैनात हैं। जानकारी के अनुसार बदायूं के सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले शादाव और विलाल उद्दीन का जमीन के रुपये लेन-देन का विवाद चल रहा है। इसमें विलाल उद्दीन ने शादाब के पिता पर नवादा पुलिस चौकी में तहरीर दी थी। इसके बाद लखीमपुर खीरी के थाना ईशा ग्राम रायपुर निवासी सिपाही मनोज भार्गव पुत्र रामशरण भार्गव ने पीड़ित से समझौता कराने और तहरीर को खत्म करने के लिए 10 हजार रुपये मांगे थे। पीड़ित की शिकायत के बाद एंटी करप्शन ने आरोपी सिपाही को बुधवार को साढ़े तीन बजे पुलिस चौकी शहीद भगत सिंह नवादा के पास रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर एंटी करप्शन ने बदायूं के बिनावर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

रोजगार मेला कल

देवरिया । प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया है कि बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, देवरिया और जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 31 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम परिसर, देवरिया में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियाँ सत्या माइको कैपिटल, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, सोनाटा माइको फाइनेंस, लोटस ग्लोबल और इलोकट्रोग्रीन भाग लेंगी। ये कंपनियाँ साक्षात्कार के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, फीटर और वेल्डर में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है। यह मेला पूरी तरह से निशुल्क है।

तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह संपन्न

बरेली। ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन और जिला समारोह समिति के बैनर तले तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कलाकारों ने देशभक्ति पूर्ण गीत, नाटक और नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में संस्कृत रंग यात्रा निकाली गई। रंग यात्रा का शुभारंभ विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने किया। नृत्य, नाटक और देशभक्ति पूर्ण गीत प्रतियोगिताओं में शहर के स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को विधायक डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन, उपजा प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. पवन सक्सेना, डॉ. एम एम अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए उत्तर प्रदेश के कई जिलों के साथ ही साथ उत्तराखंड के कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। शहर में निकली संस्कृत रंग यात्रा का शहर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डॉक्टर पंकज शर्मा, राजीव कुमार शर्मा टीटू, सुनील धवन, सैयद सिराज, देवेंद्र रावत, पवन कालरा, गोविंद सैनी, वीरेंद्र कुमार अटल, मनीष अग्रवाल, मुकेश तिवारी, हरजीत कौर, मोहम्मद नबी, रत्ना वर्मा, पूजा कालरा, सहित शहर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे। संचालक संजय मठ ने किया।

जिला उद्योग, व्यापार व श्रम बंधु की हुई बैठक

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु/व्यापार बन्धु/श्रम बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मेसर्स डॉ. केडी सिंह पैरामेडिकल कॉलेज, पकड़ी, त०-मैनपुर, कसया, कुशीनगर के लंबित धारा-80 को निस्तारित कराये जाने के प्रकरण में स्वीकृत मिल जाने एवं शुल्क जमा कर एनओसी प्राप्त करने की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। मेसर्स एनीड्रग्स फार्मा इण्डस्ट्रीज, भैंसहां, शाहजहांपुर, कसया, कुशीनगर के इकाई स्थल की भूमि का सीमांकन कराने विषयक प्रकरण समिति के समक्ष रखा गया। इस पर चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि भूमि सीमांकन हेतु स्थल पर जंगल/पेड़ आदि को हटवाये जाने उपरांत सीमांकन की कार्यवाही किए जाने हेतु उप जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है, जो शीघ्र ही करा लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त मेसर्स सीएससी कुशीनगर सठियांव यूपी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड फाजिलनगर के संपर्क मार्ग पर अतिक्रमण के संबंध में जानकारी लेने उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि बंजर की भूमि होने के कारण रास्ता दिया जाना संभव नहीं है। उ०प्र० ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के एम०ओ०यू० क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें कृषि,पशुपालन विभाग, उद्यान, आयुष विभाग, बेसिक शिक्षा एवं पर्यटन विभाग की प्रगति की समीक्षा उपरांत निर्देशित किया गया कि आगामी बैठकों में कार्य प्रगति संबंधी फोटोग्राफ्स अवश्य उपलब्ध कराए जाएं। इसके अतिरिक्त निवेश मित्र पोर्टल पर जिले के उद्यमियों / निवेशकों के विभिन्न विभागों से समयबद्ध स्वीकृतियों के जारी किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थित्ति की समीक्षा की गई तथा इसमें लम्बित प्रकरणों के संबंध में सभी बैंकर्स प्रतिनिधियों से एक एक कर लंबित आवेदनों के निस्तारण हेतु पुछ ताछ की गई, तथा शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओ०डी०ओ०पी० ऋण योजनान्तर्गत प्रगति समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु माह मार्च का इंतजार न किया जाय बल्कि एलडीएम / बैंकर्स के सहयोग से अतिशीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उद्योग विभाग द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (युवा) योजना की समीक्षा दौरान अभी तक 341 आवेदन प्राप्त होने तथा 40 आवेदनों को स्वीकृति होने की जानकारी उपायुक्त उद्योग द्वारा दी गई। विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लंबित ऋण आवेदनों के निस्तारण हेतु आसान एवं सरल प्रक्रिया को अपनाए जाने का निर्देश सभी बैंकर्स सहित एलडीएम को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि बैंकर्स के खिलाफ किसी भी प्रकार की शिकायत मिलेगी तो निश्चित रूप से एफआईआर दर्ज कराने का कार्य किया जाएगा। जिला श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा श्रमिकों के पंजीकरण की अद्यतन स्थित से अवगत कराया गया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जिलाधिकारी ने कन्या विवाह योजना, उप कर की वसूली, बाल श्रम, बंधुआ श्रमिकों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश श्रम प्रवर्तन अधिकारी को दिए। इसके अतिरिक्त व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारी गणों के समस्याओं के संबंध में पुछ ताछ करने पर पडरौना नगर में जाम की समस्या, रेलवे क्रासिंग पर खुदाई कर छोड़ दिए जाने, बाई पास सड़क के शीघ्र निर्माण कराने आदि मामलों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं से अपनी दुकान को दुकान के अंदर तक ही रखने की अपील की गई, तथा अन्य मामलों के संबंध में प्रभावी कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, उपायुक्त राज्यकर एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय, अधि0 अभि0 विद्युत, सिंचाई, के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ उद्यमी संघ के अध्यक्ष रामअशीष जायसवाल एवं अन्य उद्यमी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सदस्य एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर हुआ स्वागत

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया । जिला पंचायत सदस्य उत्तर प्रदेश संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडे का यहां जिला पंचायत सदस्यों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया । जिला पंचायत सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित सदस्यों ने फूल माला बुके एवं अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया '

स्वागत सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष जिला पंचायत देवरिया पंडित गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि ईमानदारी और मेहनत से काम करने वाला व्यक्ति उच्च शिखर तक आसानी से पहुंच जाता है जिसके शानदार प्रमाण हम सभी के सामने कमलेश पांडे के रूप में मौजूद है '

श्री तिवारी ने कहा कि कमलेश पांडेय लगातार चार बार से जिला पंचायत सदस्य जनता के विश्वास और आशीर्वाद से निर्वाचित होते हैं और लगातार जनता की उम्मीद पर खरा उतरते हैं जिससे जनता उन पर विश्वास करती है । यही कारण है कि पूरे प्रदेश के जिला पंचायत सदस्यों के हक अधिकार की लड़ाई को काफी लगन और मेहनत से आगे बढ़ा रहे हैं जिससे पूरे प्रदेश के जिला पंचायत सदस्य श्री पांडे को निर्विरोध अपना प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किए हैं जिससे जनपद देवरिया का मान सम्मान प्रदेश में बढ़ा है। विशिष्ट तिथि भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने कहा कि कमलेश पांडेय के अंदर नेतृत्व की असीम क्षमता है जो लगातार देवरिया से लेकर लखनऊ और प्रदेश के अन्य जनपदों में जहां भी जिला पंचायत सदस्यों के साथ जुर्म जयादति होती है वहां यह अपनी टीम के साथ पहुंचकर जिला पंचायत सदस्यों को न्याय दिलाने का काम करते हैं ।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संदेश यादव ने कहा कि देवरिया के जिला पंचायत सदस्य सौभाग्यशाली हैं जिनको कमलेश पांडेय जैसा साथी मिला है ।

जिला पंचायत निर्माण समिति के अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि जिला पंचायत के सदस्य 50 हजार मतदाताओं से चुने जाते हैं लेकिन उनका अपना कोई विकास निधि नहीं होने से बेहतर विकास अपने क्षेत्र में नहीं कर पाते हैं हम सभी को विश्वास है कि श्री पांडे का कुशल नेतृत्व हम सभी को जरूर अधिकार दिलाने में सहायक सिद्ध होगा '

स्वागत सम्मान कार्यक्रम को मुख्य रूप से उपेंद्र तिवारी अजीत सिंह सुजीत प्रताप सिंह सुभाष यादव अजय विनय जायसवाल प्रभा भारती वेद प्रकाश तिवारी सुमन भारती विश्वजीत सिंह सैथवार ओम प्रकाश यादव मनोहर सिंह श्यामू यादव सुनील निषाद विजय बहादुर चौरसिया अजय कुमार कुशवाहा नीतू सिंह विजय प्रताप सिंह अंकिता यादव सुदामा गौण अमित रजक ऋषि कुमार रानू हरेराम यादव राधा रमन कुशवाहा अनिल कुमार सिंह राजीत यादव विजय प्रताप कुशवाहा अरविंद पांडे उमेश गिरी पर्वत महंत जी जनक कुशवाहा धीरेंद्र प्रताप यादव बंटी चंद्रशेखर निषाद काशी प्रसाद अरविंद प्रसाद मनोज यादव मनोज कनौजिया शहाबुद्दीन एडवोकेट अमरजीत यादव बबीता चौहान रामनिवास पासवान संतोष चौहान मोहम्मद नौशाद राजा अशोक सिंह मुन्नीलाल मद्धेशिया सुदामा पासवान रविंद्र पासवान विमला देवी सूर्यभान सिंह बलराम यादव अभिजीत यादव कुंदन जायसवाल ममता यादव अजय यादव विजय गौड़ कलेक्टर शर्मा आदि ने संबोधित किया ।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले की रैंकिंग रहे सही : डीएम

देवरिया । जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक मंगलवार की देर शाम जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में धन्वंतरि सभागार में हुई। जिलाधिकारी व मुख्यविकास अधिकारी ने सभी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों व अन्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया

जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराए, जिससे कि जनपद की रैंकिंग सही रहे। हाईरिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की जांच संवेदन शीलता के साथ कराते हुए निगरानी बनाए रखे और सभी अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। प्रभारी चिकित्साधिकरियों को निर्देशित किया कि अपनेझअपने क्षेत्र के आशा एवं एएनएम की समयझसमय पर बैठक करते रहे एवं जिनकी कार्य की प्रगति ठीक नहीं है, कि रिपोर्ट से भी अवगत कराए। उन्होंने कहा जिन आशाओं का कार्य सही नही है, को नियमानुसार नोटिस देते हुए कार्यवाई की जाय। जो भी नई आशा कार्यकताओं का प्रशिक्षण कराया जा रहा है उनके दस्तावेजों की जांच जरूर करें। गर्भवती महिलाओं, बच्चो की सभी अनुमन्य जांचे, टीकाकरण समय से, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए संबंधित पोर्टल पर फीड अवश्य कराए, जिससे कि जनपद की रैंकिंग सही रहे। सीडीओ प्रत्युष पाण्डेय ने कहा 100 दिवसीय टीबी अभियान में अधिक से अधिक स्क्रीनिंग की जाए ताकि छुपे हुए टीबी के मरीजों की खोज की जा सके, टीबी मरीजों की अच्छी देखभाल करें। जिनमे लक्षण न हो उनका एक्स-रे कराया जाए। सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर व्यापक प्रचार प्रसार कर निःक्षय शिविर के माध्यम से मोबाईल एक्स रे मशीन से अधिक से अधिक लोगों का एक्स रे कराया जाए। अधिक से अधिक निःक्षय मित्र बनाए जाएं और टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली दी जाए। बैठक में एसीएमओ डॉ अजय शाही, एसीएमओ डॉ एसके सिन्हा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, डीएमओ डॉ सीपी मिश्रा, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कृषि भ्रमण से लौटे किसान ने गन्ने के साथ सह फसली आलू की खेती के बताये लाभ

110 दिनों में एक एकड़ खेत से एक लाख से अधिक का आलू होगा

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। जिले के रामकोला विकास खण्ड के ग्राम सौनहा में उप्र गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा वसंत कालीन गन्ना गोष्ठी का आयोजन कर किसानों को गन्ने की सह फसली खेती की जानकारी दी गयी तो दक्षिण भारत से कृषि अध्ययन कर लौटे किसान लक्ष्मी प्रताप मल्ल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि दो एकड़ में गन्ने के साथ आलू बोया हूं जो प्रति एकड़ 100 से 110 दिन में तैयार होगा, जो प्रति एकड़ 60 से 90 कुंतल होगा।

गन्ना संस्थान के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने गन्ने की अधिक उपज देने वाली प्रजाति को.0118, को.शा. 13235, 18231, को.से. 8452, को.शा.9232 की बुवाई की सलाह दी। जिन खेतों में पानी लगता है उसमे यू.पी. 5125 को.शा. 10239, को. पी. 9301, बोये, जल भराव वाले खेतों में अधिक पानी की दशा में कोई प्रजाति सफल नही होगी, लगातार एक खेत में गत्रा न बोयें।

भूमि उपचार के लिए ट्राईकोडर्मा मात्रा 4 किग्रा. प्रति एकड़ गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर, 4 से 6 दिन किसी छाया में रखे, अंतिम जुताई के समय प्रयोग करें। ध्यान रहे जिस किसान को एक एकड खेत से 180 से 200 कुंतल गन्ना निकल रहा है। उसको गन्ना से कोई लाभ नहीं मिलेगा। बुवाई, मजदुरी व चीनी मिल भेजने में 45 से 50 हजार रुपया एक एकड़ में खर्च आ रहा है। श्री गुप्ता ने बताया कि इस समय गन्ने के साथ प्याज की रोपाई करे, भिण्डी, मूंग, लोबिया की सहफसली खेती करें। प्रशिक्षण के बाद किसान के खेत पर मिलिए कार्यक्रम में श्री गुप्ता ने दक्षिण भारत की प्रशिक्षण यात्रा से लौटे किसान श्री मल्ल के खेत पर जाकर गन्ना आलू देखा उनसे बातचीत किया। किसान सिंह ने बताया कि गन्ना प्रजाति को. 0118 दो एकड़ में 30 अक्टूबर को गन्ना ट्रेन्च विधि से बोया।

उसमें आलू की प्रजाति कुफरी चन्द्रमुखी आलू 3 नवंबर को बोया हूँ। झुलसा रोग से बचाने के लिए दो बार फफूंदीनाशक, का छिड़काव किया हूँ। आलू का बीज कन्द एक एकड़ में लगभग 6.5 से 7 कुन्तल लगा है। लगभग एक लाख से अधिक का होगा। आशीष मल्ल ने गन्ने में सरसों दिखाया। बताया कि 6 से 7 कुंतल एकड़ होगा। कृषि विशेषज्ञ विपिन कुमार तिवारी ने बताया कि पिहिका कीट नियंत्रण के लिए बुवाई के समय डिकोरेल मात्रा 7.5 किग्रा एक एकड़ मे प्रयोग करें।

नशीले पदार्थों के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए हुई बैठक

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में मंगलवार को देर सायं कलेक्ट्रेट स्थित कार्य कक्ष में एनसीओआरडी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद में मादक और नशीले पदार्थों के प्रयोग को रोकने के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस और आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झुग्गी-झोपड़ी और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सचेत करें। इसके साथ ही निदान पोर्टल के उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने नशे के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने के लिए विद्यालयों और कॉलेजों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इन कार्यक्रमों में नशा मुक्ति शपथ, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता और कविता जैसे आयोजन शामिल होंगे।

युवती का शव घर के सामने रखकर काटा हंगामा

जिला संवाददाता(vol)

- पुलिस की कार्यशैली पर लापरवाही का परिजनो ने लगाया आरोप
- नामजद चल रहे आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर विधायक सीओ व कोतवाल के समझाने पर परिजन अंतिम संस्कार को हुए राज

महमूदाबाद/सीतापुर। कोतवाली के माल सरांय से एक सप्ताह पहले गायब हुई युवती का शव बरामद होने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव आए शव को परिजनों ने घर के सामने रखकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजन आरोपी की रिमांड लिए जाने की मांग करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे।

उधर दूसरी तरफ मामले में नामजद चल रहे आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सूचना पर पहुंची विधायक आशा मौर्या, सीओ व कोतवाल के समझाने पर परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए। कोतवाली के सैदनपुर गांव के पास से निकली शारदा सहायक नहर में मंगलवार की सुबह एक युवती का तैरता हुआ शव मिला था। शव की शिनाख्त महमूदाबाद के मॉलसराय की पूजा (19) उर्फ मोहिनी पुत्री जगदीश निवासी के रूप में हुई थी। पूजा 20 जनवरी की रात से घर से गायब थी। युवती के पिता जगदीश ने 21 जनवरी को कोतवाली महमूदाबाद में गांव के नरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। मंगलवार की सुबह पीएम के बाद शव युवती के गांव मालसरांय पहुंचा तो परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना करते हुए घर से बाहर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गये। सूचना मिलते ही विधायक आशा मौर्या, सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाल अनिल सिंह मौके पर पहुंचे। विधायक ने परिजनों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं, जो भी दोषी होगा एसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आश्वासन के बाद परिजन मान गए और अंतिम संस्कार को राजी हो गए। कोतवाल अनिल सिंह ने परिजनों को बताया कि मामले के आरोपी नरेंद्र ने पुलिस की सख्ती के चलते बुधवार की सुबह कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने न्यायालय से आरोपी नरेंद्र की रिमांड मांगी है।

फेरी वाले को अज्ञात बाइक सवार ने मारी टक्कर

जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। मोटरसाइकिल से फेरी कर बर्तन बेचने वाले व्यक्ति को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से गंभीर चोट के कारण पैर टूट गया घटना की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेरी लाल खेड़ा स्थित अनूप की दुकान के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने ग्राम कल्याणपुर थाना फफूंद जनपद कानपुर निवासी अखिलेश पुत्र रणधीर जो फेरी लगाकर बर्तन बेचने का काम करता है वर्तमान समय में ग्राम मेडी लाल खेड़ा में किराए का कमरा लेकर व्यवसाय कर रहा है सोमवार को सुबह बर्तन बेचने के लिए फेरी पर निकला गांव में ही अनूप की दुकान के सामने अज्ञात मोटर साइकिल सवार ने अखिलेश की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से अखिलेश जमीन पर गिर पड़ा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि उसका एक पैर टूट गया है। घटना की सूचना साथी कप्तान सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी कल्याणपुर थाना फफूंद जनपद कानपुर ने पुलिस को तहरीर देकर की, पीड़ित के साथी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

संक्षेप

कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार

पाटन, उन्नाव। अवैध शराब की बिक्री एवं निष्कर्ष को लेकर चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापा मारकर 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ महिला को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम नमा खेड़ा में आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ड्रोन के माध्यम से अवैध शराब के निष्कर्ष व बिक्री को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत एक्साइज इंस्पेक्टर प्रतिभा सिंह व बिहार थाना पुलिस के दरोगा रजनीकांत पांडे पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर ड्रोन के माध्यम से गांव के बाहर एक खंडहर में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ महिला बुधना पत्नी पप्पू निवासी नमा खेड़ा को गिरफ्तार किया जिसके खिलाफ एक्साइज एक्ट की कानूनी कार्यवाही की गई। बिहार थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व निष्कर्ष को लेकर भले ही आबकारी व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चला कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही हो किंतु क्षेत्र में कुटीर उद्योग का रूप ले चुका यह कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के केदारखेड़ा, नमा खेड़ा, अकवारा, तेवरिया, न्योती में अवैध कच्ची शराब का धंधा पूरी तरह से फल फूल रहा है किंतु कई दशक से चल रहे इस अवैध कारोबार पर अब तक प्रतिबंध लगाने में प्रशासन पूरी तरह से नाकाम रहा है।

गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की सम्पति जब्त

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना पुलिस बुधवार को रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम करनयापुर निवासी रामकिशोर पुत्र शंभू दयाल के घर पहुंची। यहां पर पुलिस ने एक बाइक को जप्त करने का कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि रामकिशोर अवैध शास्त्र का कारोबार करता है। वह अभ्यस्त अपराधी है । गैंगस्टर एक्ट का आरोपी है। अपराध से अर्जित उसकी बाइक को जप्त करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में की है।

घेराबंदी होने पर भागे बदमाश

सकरन /सीतापुर। थाना इलाकों के लखनियापुर के मजरा भडौली गांव में 22 दिन पूर्व हुई लूटकांड की घटना को अभी लोग भूल नही पाए थे, कि बीती रात उसी गांव में फिर से चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाने की कोशिश की। मगर परिजनों के जग जाने पर चोर चोरी करने में नाकाम हो गए। ग्रामीणों के हल्ला मचाने पर चोर भाग गए। गांव निवासी लवकुश पाल बीती रात परिवार समेत घर पर सोया हुआ था। रात करीब डेढ़ बजे चोर पीछे की दीवार से घर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। तभी एक चोर द्वारा लगाई गई टार्च की रोशनी दीवार में बने एक होल से घर के भीतर चली गई। आहट पाकर लवकुश जग गया और उसने अपनी मां मैना देवी को भी जगा लिया। दोनो पडोस के ग्वाल, छोटकन,संदीप, सोनू आदि को बुला कर घर के पीछे पहुंच गए। ग्रामीणों को देख अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोर पडोस के गेहूं के खेत में होकर किवानी नदी की ओर भाग गए। ग्रामीणों द्वारा कुछ दूर तक चोरों का पीछा किया गया।

धैर्य और लगन के साथ प्राप्त करें लक्ष्य

महमूदाबाद/सीतापुर। पुरस्कार अच्छे व्यवहार और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने का कार्य करते हैं। पुरस्कार वितरण का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना और उत्साहवर्धन करना है। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिला है वह हताश न हो बल्कि कठिन परिश्रम धैर्य एवं लगन के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करें। उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के शास्त्री सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता सरस्वती माता के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा विद्यार्थियों के लिए उज्जवल भविष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आए पुलिस उपाधीक्षक महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि पुरस्कार वितरण युवा मन के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। पुरस्कार उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कॉलेज के चेयरमैन आर के वाजपेयी विरल, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल आरजे वर्मा, यशपाल वर्मा व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की यूपी टॉपर प्राची निगम एवं प्रियांशी सोनी ने बैज अलंकरण, माल्यार्पण, स्मृतिचिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया। उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने विद्यार्थियों को प्रेरणादाई कविता भी सुनाई।

इन्हें मिला सम्मान

प्रतिभा सम्मान की मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट प्री बोर्ड परीक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले 65 विद्यार्थियों के साथ राष्ट्र स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत एवं कांस्य पदक विजेता आयुष पटेल, कर्णिका शुक्ला, अनन्या गुप्ता, अनुज्ञा गुप्ता, दिव्यांशी वर्मा, मानस मौर्य आस्तिक पटेल, सौरभ कश्यप यश श्रीवास्तव एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संध्या यादव, अंशिका सिंह, रितिका पटेल एवं आकृति वर्मा को रेंजर साइकिल, प्रशस्तिपत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राकेश शुक्ल, नवनीत पाण्डेय, शिव सेवक मिश्र, तुषार तिवारी, ललित अवस्थी, मनोज गुप्त, संजू रस्तोगी, आकाश यादव, सुशील कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित मौजूद रहे।

मौनी अमावस्या पर नैमिषारण्य में जुटी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़

नैमिषारण्य/सीतापुर। बुधवार को अर्द्धरात्रि से ही धार्मिक तीर्थ नगरी नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ, गोमती नदी राजघाट, देवदेवेश्वर घाट सहित बिभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। माघ माह की इस विशेष अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर पुरोहितों को दान-पुण्य किया।

आत्मानंद संस्कृत शिक्षण संस्थान के प्रबंधक आचार्य सर्वेश शुक्ल के अनुसार, मौनी अमावस्या पर गंगा-गोमती जैसी पवित्र नदियों में स्नान और भगवान शिव की पूजा से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन तिल से तर्पण का भी विशेष महत्व माना जाता है। इस वर्ष महाकुंभ के कारण नैमिषारण्य में श्रद्धालुओं की संख्या में विशेष वृद्धि देखी गई। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और दिल्ली से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने तीर्थ पुरोहितों को दान-दक्षिणा दी और ललिता देवी,बद्रीनाथ धाम हनुमान गढ़ी,व्यासगद्दी, सहित अन्य प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। प्रशासन ने सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर रखी थी, लेकिन भीड़ के कारण कई स्थानों पर यातायात की स्थिति प्रभावित रही। वर्तमान में बनारस और अयोध्या की तरह नैमिषारण्य में भी महाकुंभ के कारण श्रद्धालुओं की विशेष आवाजाही देखी जा रही है।

मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

पाटन, उन्नाव। मौनी अमावस्या के विशेष स्नान अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा के बक्सर घाट में पहुंचकर श्रद्धा की डुबकी लगाई तथा यथा शक्ति दान कर मां गंगा की पूजा अर्चना के साथ मां चंडिका व अंबिका का दर्शन लाभ प्राप्त किया। मौनी अमावस्या का यह स्नान श्रद्धालुओं में इसलिए विशेष तौर पर देखा जा रहा है की महाकुंभ के दौरान पड़ने वाला मौनी अमावस्या का यह स्नान महत्वपूर्ण रहा। जिसको लेकर गंगा के बक्सर घाट में अपार श्रद्धालुओं का जन समुदाय देखने को मिला वहीं सुरक्षा की दृष्टि से तहसील प्रशासन उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह तथा नायक तहसीलदार मुस्तैदी के साथ पुलिस बल के साथ घाटो और मेले का निरीक्षण करते रहे कोई अपनी घटना ना घटे इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना रहा।

पंकज महाराज ने भिठौली में किया सत्संग

सीतापुर। बाबा जयगुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज मिश्रित विकासखंड के भटौली गांव पहुंचे। वे 86 दिवसीय जनजागरण एवं शाकाहार यात्रा पर निकले हैं। हरदोई जिले में भ्रमण के पश्चात कल सायंकाल भिठौली पहुंचे। इस दौरान अनुयायियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर पंकज जी महाराज ने कहा कि ना जाने किस महात्मा की दया मेहर हो गई कि आपको यह मनुष्य शरीर मिल गया। अब इसको व्यर्थ मत गँवाओ। बल्कि घर गृहस्थी में रहते हुये उस प्रभु के भजन में भी समय लगाओ। अन्यथा यह मानव जीवन व्यर्थ चला जा रहा है। इसी शरीर में दोनों आंखों के बीच में प्रभु के दर्शन की एक दिव्य आंख है। जिसका भेद महात्मा बताते हैं। इस कलयुग में मनुष्य कलयुग की सरल साधना (सुरत शब्द योग) से ही भव सागर से पार जा सकता है। इसकी तीन क्रियायें हैं पहला सुमिरन, दूसरा ध्यान और तीसरा भजन। इसी शब्द (नाम) पर जीवात्मायें उतार कर लाई गई। कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु ग्राम अरसेहड़ा (गोला बाबा स्थान) के लिये प्रस्थान कर गई। इस अवसर पर जनपद सीतापुर के संरक्षक गोपीचन्द, मोतीलाल, विपिन कुमार, देवकी नन्दन, हरिराम यादव, आलोक सिंह, उमेश, रणजीत सिंह, देवेन्द्र, ओम सिंह, आसुतोष, ऋषिदेव श्रीवास्तव, राम अकबाल आदि उपस्थित रहे।

न्यायालय सूचना

इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेंट बावत इत्तिला तारीख मुकर्रेह समाअत अपील बअदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय सीतापुर
अपील सं.- टी.202410640209007
ता. पेशी 06.02.2025
श्रीमती मालती देवी
बनाम
श्रीमती सजी आदि
अपील बनाराजी आदेश अदालत तहसीलदार सदर सीतापुर। मुकविस्ता 22 महीना 3 सन 2024
1. श्रीमती संजो पुत्री शिवचरन पत्नी विनय निवासी ग्राम कपूरपुर मजरा नरसोही परगना खैराबाद तहसील व जनपद सीतापुर।
10/1 गुरुशरण पुत्र छेदू निवासी ग्राम कपूरपुर मजरा नरसोही परगना खैराबाद तहसील व जनपद सीतापुर।
बाजे हो कि अपील बनाराजी डिग्री तहसीलदार सदर सीतापुर इस मुकदमे में मुलम्बी इस न्यायालय में किया और वह इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ इस अदालत में तारीख 06.02.2025 ई. वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है।
अतः खुद आप या अपने वकील या और कोई शख्स कानून आपकी तरफ से अपील का जवाब या सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आएगा तो उसकी समाअत और सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में समाअत की जायेगी।
आज दिनांक 28 महीना 01 सन 2025 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से हवाले किया गया।
न्यायालय

जिला स्वास्थ्य समिति व जिला पोषण समिति की बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण समय से पूर्ण कराया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को सूचीबद्ध कराते हुए उनके स्वास्थ्य में सुधार हेतु प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित कराएं। आरबीएसके टीम महमूदाबाद, एलिया, पिसावां द्वारा एनआरसी हेतु रेफरल शून्य होने इनकी आरबीएसके टीम का वेतन रोकते हुए इन टीमों के नोडल का जवाब तलब किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। एनआरसी के लंबित भुगतान तत्काल कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। आगामी 10 फरवरी से प्रारम्भ होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित को आवश्यक प्रशिक्षण समय से कराया जाय साथ ही समय से दवा एवं सामग्री भी उपलब्ध करायी जाय। वीएचएनडी सत्रों का नियमित आयोजन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। वीएचएनडी सत्रों में लॉजिस्टिक उपलब्धता के इंडिकेटर में सुधार पर सभी के सम्मिलित प्रयास की जिलाधिकारी ने सराहना करते हुए प्रगति में पिछड़े विकासखंडों को सुधार के निर्देश दिए। वीएचएसएनडी सत्रों में बेहटा विकास खण्ड एवं सीतापुर अर्बन यूनिट में स्टेडियोमीटर की कम उपलब्धता तथा सिधौली विकास खण्ड में इन्फैंटोमीटर की कम उपलब्धता होने पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार क्रय कराते हुए उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। वीएचएनडी सत्रों में गर्भवती महिलाओं के एब्डोमिनल एग्जामिनेशन में बेहटा विकासखंड की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए। सभी वीएचएनडी सत्र सरकारी भवनों में ही आयोजित कराया जाये। शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण का विरोध करने वालों को टीकाकरण से लाभों के विषय अवगत कराते हुए टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। पूर्ण टीकाकरण में बेहटा, लहरपुर, रामपुर मथुरा, खैराबाद, रेउसा को सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। पेंटा1 से पेंटा3 ड्रॉपआउट, जीरो डोज टीकाकरण, एमआर 1 से एमआर 2 में ड्रॉप आउट एवं अपडेटेड ड्यू लिस्ट में खराब प्रगति वाले विकास खंडों को सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि ड्यू लिस्ट अपडेट में खराब प्रगति पर सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। खराब प्रदर्शन करने वाली आशाओं को हटाने हेतु आख्या प्रेषित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी केंद्रों पर संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध करायी जाय। क्षेत्रवार संस्थागत प्रसव में बेहटा, सिधौली और पहला को सुधार के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत सभी लंबित भुगतान समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। एनएचएम के अंतर्गत रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने हेतु शासन को पत्र प्रेषित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सालय में आने वाले सभी मरीजों से अच्छा व्यवहार करें एवं उन्हें आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करायी जाय। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए जाने की प्रगति में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापक अभियान चलकर लक्ष्य के अनुरूप क्षय रोगियों को चिन्हित कराते हुए उनको समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाय। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी निधि बंसल, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी ने लगाई चौपाल

सकरन/सीतापुर। समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित की जा रही विधान सभा क्षेत्रो में बूथ स्तरीय पीडीए पंचायत अदलीशपुर व महतीनपुरवा में आयोजित की गई । इस मौके पर लहरपुर विधायक अनिल वर्मा ने ग्रामीणों को समाजवादी पार्टी की जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सकरन के अदलीशपुर में आयोजित चैपाल में सपा विधायक अनिल वर्मा ने सपा शासनकाल के दौरान सरकार के किए गए कार्यों के बारे में भी जनता को बताया। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार से आम आदमी परेशान है। किसानों को लागत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसान भुखमरी की कगार पर है। आम जनता परेशान है । महगाई चरम पर है और इस सरकार में लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल रही है। सरकार सिर्फ झूठे वादे करती है। इस मौके पर सपा नेता डाक्टर इस्माइल मंसूरी, आसमान वर्मा, रामलखन वर्मा, भागीरथ मौर्य, शिवकुमार गौतम, लल्लन भार्गव, आदि लोग मौजूद रहे।

अलग-अलग गांव से पुत्र-पुत्री लापता

पाटन, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से घर से लापता हुए पुत्र व पुत्री के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से नाटकीय ढंग से लापता हुए पुत्र और पुत्री के पारिवारी जनों ने पुलिस को सूचना देकर कानूनी कार्यवाही की है बताया गया कि एक गांव निवासी पंकज बाजपेई का 17 वर्षीय पुत्र सोमवार को घर में बिना कुछ बताएं मोटरसाइकिल लेकर कहीं चला गया पुत्र के देर रात तक घर वापस न आने पर पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की और बताया कि मेरा पुत्र घर से बिना कुछ बताएं गायब हो गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने लापता- गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। वही दूसरे गांव निवासी अरविंद सिंह की नाबालिक पुत्री के लापता हो जाने तथा देर रात तक घर वापस न आने पर पिता ने मंगलवार को सुबह पुलिस को सूचना दी, पीड़ित पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया है। इस संबंध में जानकारी करने पर थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शिकायती तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है तथा लड़की की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है जिसकी सकुशल वापसी का प्रयास किया जा रहा है।

वरिष्ठ भाजपा नेता गुड्डू महाराज के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

असोहा, उन्नाव। पूर्व मण्डल अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता गुड्डु महाराज के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर देखने को मिली। देर रात से आवास पर शुभचिंतकों, समाजसेवी व क्षेत्रीय लोगों का तांता लगा रहा। भाजपा के कद्दावर नेता गुडडू महराज का कल रात 10:45 बजे लखनऊ के पी जी आई में निधन हो गया वह पिछले तीन दिनों से इलाज करा रहे थे। कई बार भाजपा के मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति व अन्य पदों पर रहे। सपा की मुलायम सरकार मे ब्लाक तहसील व जिला मुखयालय में धरना प्रदर्शन आन्दोलनों में प्रमुख भूमिका निभाते हुए एक सक्रिय भाजपा नेता रहे। पुरवा विधानसभा व जिला भर में भाजपा के लिए हमेशा सक्रिय रहे। गुड्डु महाराज के निधन की सूचना मिलते ही देर रात वरिष्ठ नेता संजय शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगाप्रसाद वर्मा, ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित, गुरु प्रसाद रावत, विपिन दीक्षित, प्रधान देशराज रावत, रोहित शुक्ला, पूर्व प्रधान शिवकुमार चौरसिया, पूर्व अध्यक्ष रवी शंकर शुक्ला, दीपू बाजपेई, आशीष पांडेय, पूर्व प्रधान मनोज शुक्ला, मुन्ना मिश्रा, शिवम तिवारी, रामशंकर यादव आदि भारी संख्या में लोग आवास से बक्सर घाट अन्तिम संस्कार में सम्मिलित हुए। बड़े पुत्र रोहित अवस्थी ने मुखाग्नि दी।

अभी तक मिल ने की 11 लाख 12 हजार सात कुंतल गन्ना की पेराई

महमूदाबाद/सीतापुर। दि किसान सहकारी चीनीमिल गत वर्ष की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन कर रही है। गत वर्ष की अपेक्षा मिल द्वारा अब तक 15 प्रतिशत से अधिक गन्ने की पेराई की जा चुकी है। मिल के प्रधान प्रबंधक विजय प्रकाश पांडेय ने बताया कि अभी तक मिल द्वारा 11 लाख 12 हजार सात कुंतल गन्ना पेराई की गई है। गत वर्ष इस समय तक महज नौ लाख 70 हजार तीन सौ कुंतल गन्ना पेरा गया था। मिल दिन-रात चल रही है। पेराई सत्र शुरू होने के बाद अभी तक मिल का कोई भी दिन कार्य रोका नहीं गया है। इसी वजह से अधिक से अधिक उत्पादन किया जा रहा है। 98 हजार 290 बोरियां चीनी बनाई जा चुकी है। अभी तक गन्ने का रिकवरी प्रतिशत 9.26 प्रतिशत है। उन्होंने बताया 23 दिसंबर तक गन्ने का पूर्ण भुगतान किसानों को किया जा चुका है। अब नया भुगतान शुरू किया जायेगा। शासन की मंशानुरूप गन्ना किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा रहा है।

सरकार कर रही हर वर्ग को लाभांवित करने का काम: शिवकुमार गुप्त

महमूदाबाद/सीतापुर। जरूरतमंदों की मदद के लिए सभी समाजसेवियों को खुले मन से काम करना चाहिए। सरकार द्वारा हर वर्ग को लाभांवित करने का काम किया जा रहा है। यह बात रमुवापुर वार्ड में विश्व मानवाधिकार कानून एवं सुरक्षा ट्रस्ट भारत द्वारा आयोजित कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्त ने कही। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम में 85 से अधिक जरूरतमंदों को निश्शुल्क कंबल वितरित किए गए। 25 समाजसेवियों को भी कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत एसएस दिनकर ने किया। कार्यक्रम ममें सभासद संघ अध्यक्ष चक्रसुदर्शन पांडेय, सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

कलयुगी पुत्र पर शांतिभंग की कार्रवाई

पाटन, उन्नाव। पिता के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पीड़ित द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ शांति भंग की कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम ममरेज पुर निवासी लेखपाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की और बताया कि उसका पुत्र शुभम आए दिन उसे जा बेजा गाली देता है तथा मारपीट करता है पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है।

सर्वाईकल कैंसर से बचाव के लिए कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं को लगवाये टीके

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा बुद्धवार को विकास खण्ड बभनी और म्योरपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में किशोरी छात्राओं को एचवीपी वैक्सीन लगाकर टीककरण का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन के लगाने से सर्वाईकल कैंसर से बचाव करती है और होने वाले जननांग मस्सों जैसे बीमारी नहीं होती है। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से दुलार करते हुए वार्ता किया और इससे होने वाले फायदे के सम्बन्ध में जानकारी दी, उन्होंने बताया कि इस टीकाकरण से किसी प्रकार की नुकसान नहीं है, यह आपके सुरक्षा के लिए लगाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्यपाल महोदया के प्रेरणा से तथा जिलाधिकारी के प्रयास से जनपद में जीवन रक्षा एच0पी0वी0 वैक्सीन अभियान चलाकर सर्वाईकल कैंसर जागरूकता शिविर के माध्यम से किशोरियों का टीकाकरण करने का कार्य किया जा रहा है। जीवन रक्षा एच0पी0वी0 वैक्सीन अभियान के तहत किशोरियों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है- उन्होंने कहा कि ह्यह्यआओ हम किशोरियां एच0पी0वी0 का टीका लगवायें, प्रदेश व देश को सर्वाईकल कैंसर से मुक्त बनायेंह्यह्य का स्लोगन के माध्यम से जनपद में प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि प्रथम फेज में 100-100 किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्रथम फेज के प्रथम दिन म्योरपुर और बभनी कस्तुरबा विद्यालय में 50-50 किशोरी छात्राओं का टीकाकरण किया जा रह है, तथा 3 दिन बाद भी फिर दूसरा डोज लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि एच0पी0वी0 वैक्सीन टीकाकरण के लिए आदित्य बिड़ला हिण्डाल्को, हिण्डाल्को कार्बन टेक के सी0एस0आर0 के सौजन्य से जिला स्वास्थ्य विभाग की देख-रेख में दोनों कस्तुरबा विद्यालयों में 50-50 किशोरियों का टीकाकरण करने का कार्य सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालयों के छात्राओं के कक्षों का बारी-बारे से निरीक्षण किये, निरीक्षण के समय भोजनालय कक्ष, किचन, परिसर में साफ सफाई, छात्राओं के रहने की व्यवस्था के स्थिति का जायजा लिये।

यह केवल सम्मान नहीं, बल्कि जीवन का सार: रमाकांत शुक्ला

सोनभद्र। अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक, जिसकी स्थापना पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास द्वारा की गई थी, की सोनभद्र शाखा में बुद्धवार मोनी अमावस्या के पावन अवसर पर एक भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर शाखा प्रबंधक रमाकांत शुक्ला द्वारा 10 लाख से अधिक भक्तों को श्री सीताराम नाम लिखने के उपलक्ष्य में प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले भक्तों में अपार श्रद्धा और उत्साह देखने को मिला। प्रमाणपत्र प्राप्त कर अजय शेखर ने कहा ह्ययह कोई साधारण सम्मान नहीं है, बल्कि जीवन के सार को समझने और उस पर चलने का प्रमाणपत्र है। इसे पाकर ऐसा महसूस हो रहा है कि जीवन सफल हो गया। इसी तरह पारस नाथ मिश्र ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा ह्यकहा जाता है कि राम से बड़ा राम का नाम। श्री सीताराम नाम बैंक की यह पहल लोगों को जीवन-मरण के चक्र से मुक्ति दिलाने में सहायक सिद्ध हो रही है। भक्तों का भव्य सम्मान इस पावन अवसर पर सवर्गीय शारदा प्रसाद पाठक का प्रमाणपत्र उनके पुत्र गोपाल स्वरुप पाठक सहित सत्यपाल जैन, जगदीश पंथी, मिठाई लाल सोनी तथा रोहित तिवारी सहित अनेक भक्तों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

संक्षेप

श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस लगायेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

ललितपुर। श्रीराम लाइफ इन्श्योरेंस द्वारा भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से विशाल निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया जा रहा है। 31 जनवरी शुक्रवार को मरीजों की जांच एवं 1 फरवरी को डॉक्टरों द्वारा श्रीदिगम्बर जैन भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय में ऑपरेशन किया जाएगा। 31 जनवरी को कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरूआत करेंगे। दरअसल श्रीराम ग्रुप के फाउंडर आर त्यागराजन ने अपने छोटे से घर और 5 हजार डॉलर की कार को छोड़कर लगभग सारी संपत्ति कुछ कर्मचारियों को दान में दे दी थी। बिजनेस जगत के दानवीरों की लिस्ट में विप्रो के अजीम प्रेमजी के बाद आर त्यागराजन का नाम भी लिखा गया। उसी नाम को आगे बढ़ाते हुए श्रीराम लाइफ इन्श्योरेंस समाजसेवा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ गया है और मोतियाबिंद जैसे निशुल्क शिविर के अलावा छात्रहित में स्कॉलरशिप प्रदान करना गरीबों को रोजगार मुहैया कराना जैसे अन्य प्रकार से समाज के लोगों की मदद में अग्रणी भूमिका में नजर आता रहा है।

डंपर की टक्कर से कार सवार युवक घायल

ललितपुर। ललितपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर नेहरू महाविद्यालय के आगे चैकाबाग में अवैध खनन कर भाग रहे एक डम्फर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार सवार घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल से झांसी रेफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि डम्पर सत्तादल के एक रसूखदार व्यक्ति का बताया जा रहा है। पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

भूमि संरक्षण विभाग में सरकारी योजनाओं पर भ्रष्टाचार करने का आरोप

ललितपुर। जनपद में भूमि संरक्षण विभाग इकाई ललितपुर में सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं सरकारी धन का दुरूपयोग करने जैसे गम्भीर आरोप लगाते हुये पाल बघेल, धनगर महासभा के जिलाध्यक्ष करन पाल ने एक पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है। पत्र में बताया कि पूर्व में जिला प्रशासन को अवगत कराया था कि भूमि संरक्षण विभाग में व्याप्त वित्तीय अनियमित्ताओं एवं सरकारी धन के दुरूपयोग जनकल्याण अधिकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बताया कि जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी व जेई द्वारा मामले की जांच की गयी थी, जिसकी आख्या डीएम को दी गयी थी, लेकिन आज तक इस प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने बताया कि डीएम को सौंपी गयी उक्त जांच आख्या पर आगे कार्यवाही की जाये, खेत तालाब योजना में वित्तीय अनियमित्तायें सरकारी धन के गबन की जांच की जाये, ग्राम बटवाहा में बनाये गये चैकडैम निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच किये जाने, ग्राम कंधारीकलां में विकासखण्ड तालबेहट किसान समद्वि योजना में भ्रष्टाचार सरकारी धन का दुरूपयोग / गबन की जांच किये जाने एवं एन.एम.एस.ए. योजना में फजीर्बाड़ा की जांच किये जाने की मांग उठायी गयी है।

उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें : आयुक्त

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। आयुक्त अजीत कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करें। किसी भी उद्यमी को एक समस्या के निस्तारण के लिए बार-बार नही आना पड़े। उन्होने व्यापारियों एवं पुलिस संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए नियमित रूप से बैठकें आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने टीबी मरीजों के स्वास्थ्य, पोषण के लिए उद्यमियों के सहयोग से पोषण किट उपलब्ध कराए जाने और टीबी मरीजों को गोद लेने के बारे में अनुरोध किया। तथा उद्यमियों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के प्रति जागरूकता लाने के लिए इस बीमारी को समाप्त करने की शपथ दिलाई गई। उन्होने इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत जीबीसी हस्ताक्षर करने वाले उद्यमियों से अपने उद्योग शीघ्र लगाने व औद्योगिक विकास बढ़ाए जाने की अपेक्षा जताई। आयुक्त ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को उद्यमियों के लिए बिजली आपूर्ति की ट्रिपिंग व लोड के अनुसार आपूर्ति, अन्य समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिए। उन्होने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में पेयजल समस्या का निराकरण करने के लिए जल निगम अधिकारियों को स्वीकृत बजट से कार्य शुरू कराए जाने के लिए आपसी समन्वय कर कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य कराने के निर्देश दिए। भूरागढ़ में खाली औद्योगिक प्लाटों के ऑक्सन के लिए यूपीसीडा से बिक्री की कार्यवाही उद्यमियों को विज्ञापन के जरिए कराने के निर्देश दिए। उन्होने निवेश मित्र पोर्टल पर मिले प्रकरणों की समीक्षा की और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा के दौरान लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण, ई-रिक्शा से लगने वाले जाम की समस्या का समाधान कराने, उच्चीकरण के तहत दूसरे फेज में कार्यों को शीघ्र शुरू कर मार्च तक पूरा कराने और सड़क की नालियों की सफाई के निर्देश दिए। उद्यमी मनोज जैन, अशोक कुमार गुप्ता ने रोड के किनारे अतिक्रमण एवं छोटी दुकानों के द्वारा गंदगी करने व इन्हे हटाए जाने के अनुरोध पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम जे0 रीभा, संयुक्त आयुक्त उद्योग, उपायुक्त उद्योग, उद्यमी राजकुमार राज, मनोज शिवहरे, रोहित जैन, मंडल व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

एसएसपी ने परखी थाने की व्यवस्थाएं

बरेली। एसएसपी अनुराग आर्य ने बुधवार को थाना बिथरी चैनपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मेस, कंप्यूटर कक्ष, कर्मचारी बैरक आदि का भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना कार्यालय के अभिलेखों की स्थिति की भी जांच की। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव को संतोषजनक पाने और उनके अद्यतन करने के निर्देश दिए। थाना परिसर की साफ-सफाई पर एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की सराहना की। एसएसपी ने अपराधियों, जनसुनवाई और शासन की प्राथमिकताओं की समीक्षा भी की। साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी को समन, गिरफ्तारी वारंट और वसूली वारंट को उपनिरीक्षकों को सौंपकर मॉनिटरिंग करने का आदेश दिया। इसके अलावा निमार्णाधीन बैरकों के सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना चौकीदारों को शीतकालीन के मद्देनजर कंबल भी बांटे। वहीं उन्होंने विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए थाना प्रभारी को विशेष निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद एसएसपी ने थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, मीडिया बंधुओं, व्यापार मंडल, किसानों और समाजिक व्यक्तियों के साथ एक गोष्ठी की।

पेयजल योजना का किया निरीक्षण

ललितपुर। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सैदपुर-कुम्हैड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्राम भूसरा एवं उल्दनाकलां का भ्रमण कर योजना की हकीकत जानने के लिए राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने निरीक्षण किया। ग्राम भूसरा में 25 नग गृह पेयजल संयोजन किये गये। मौके पर उक्त गृह पेयजल संयोजनों से पेयजल आपूर्ति हो रही थी, जिस पर अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं मौके पर ग्रामीणों द्वारा बतायी गयी समस्याओं को त्वरित समाधान कर निस्तारण किया गया। ग्राम में सीसी रेस्टोरेशन एवं गृह पेयजल संयोजन का कार्य संतोषजनक पाया गया। इसी प्रकार ग्राम उल्दनाकलां में लगभग 100 नग गृह पेयजल संयोजनों से पेयजल आपूर्ति हो रही है। ग्राम उल्दनाकलां में कुछ कनेक्शन घर के बाहर पाये गये, जिन्हें फर्म प्रतिनिधि को 03 दिवस में घर के अन्दर करने हेतु अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। ग्राम उल्दनाकलां में भी सीसी का कार्य संतोषजनक पाया गया। इस दौरान अवनीश सिंह अधिशासी अभियन्ता जल निगम, रमेश गुप्ता टीम लीडर थीम इंजीनियरिंग, आशुतोष श्रीवास्तव टीम लीडर बी0एल0जी0 सर्विसेज, तपन बेरा, मेसर्स जे0एम0सी0, सहायक अभियन्ता अमन पहारिया, जूनियर इंजीनियर लाल मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

दीपक को मिली महरौनी विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कपिल अहिरवार ने अवगत कराया है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के निदेर्शानुसार एवं मुख्य मण्डल प्रभारी लालाराम अहिरवार, रामबाबू चिरगैंया, कैलाश यादव, मदनराम की प्रबल संस्तुति व उनकी सहमति पर 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में दीपक कुमार अहिरवार टीकरा को नियुक्त किया गया है। उनके अलावा बामसेफ जिला संयोजक पद पर सुमन जाटव एवं जिला उपाध्यक्ष पद पर रहीश राजपूत रमेशरा को नियुक्ति किया गया है। गौरतलब है कि बहुजन समाज पार्टी में जिलाध्यक्ष पद पर रहे दीपक कुमार अहिरवार टीकरा ने अपने कार्यकाल में पार्टी को स्थानीय स्तर पर जिले की ललितपुर और महरौनी विधानसभाओं में काफी मजबूती प्रदान की। उन्होंने गांव-गांव पहुंच कर लोगों को जागरूक किया और पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। अब दीपक कुमार अहिरवार टीकरा को संगठन ने 227 महरौनी विधानसभा प्रभारी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी हैं।

आकांक्षा समिति गठित हुई पहली बैठक

बांदा। जिला आकांक्षा समिति की पहली बैठक हुई। समिति की मंडल अध्यक्ष पूजा सिंह जिलाध्यक्ष, डीएम जे0 रीभा व अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

बैठक में तय हुआ कि महिलाओं को भविष्य में नई आशा एवं विश्वास के साथ सफलता हासिल करने की ओर कार्य किए जाएंगे। एक नई उम्मीद के साथ महिलाओं एवं बालिकाओं को समाज में आगे बढ़ाने और उन्हे सशक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करना है। इससे पूर्व जिला स्तरीय आकांक्षा समिति का गठन हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह, मंडल अध्यक्ष पूजा सिंह, जिला अध्यक्ष, जिलाधिकारी जे0 रीभा, जिला उपाध्यक्ष भावना केला, सचिव चित्रा वर्मा, कोषाध्यक्ष स्वाती सिंह एवं समिति की सदस्यों में शांति यादव, जिला सह चयनित सदस्य ज्योत्सना पुरवार, सीमा सिंह, शमीम बानो व अराधना शर्मा हैं। समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के बहु आयामी सशक्तीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की ओर अग्रसर कराना है।

अफसरों की चौखट से हार चुके ग्रामीणों की सुनी गई फरियाद, अब होगा पुलिया निर्माण

देवरनियां, बरेली। चावल के हब रिछा से सटे गांव तेजनगर और डंडिया नगला जाने वाले मार्ग पर पडने वाली नहर पर काफी अरसे से पुलिया निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों की मांग अब पूरी होने की उम्मीद जगी है। रिछा राइस

- **तेजनगर-डंडिया नगला नहर पर होगा पुलिया निर्माण**
- **ग्रामीणों ने एसोसिएशन के अध्यक्ष का जताया आभार**

मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष के दखल के बाद केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के मंत्रालय के अपर निजी सचिव ने इस मामले में डीएम को पत्र लिखा है। रिछा राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष और समाजसेवी अतहर हुसैन नियाजी ने ग्रामीणों की मांग पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को ग्राम तेजनगर से डांडिया नगला वाली सड़क मार्ग पर पड़ने वाली नहर पर पुलिया निर्माण को लेकर पत्र लिखा था। उनके पत्र के बाद अब केंद्रीय मंत्री के मंत्रालय के अपर निजी सचिव कुणाल प्रताप सिंह का पत्र श्री हुसैन को प्राप्त हुआ है, जिसमें सेक्रेटरी ने डीएम बरेली रविंद्र कुमार से इस मामले में उचित कार्रवाई के लिए कहा है। अतहर हुसैन समय-समय पर राइस मिलर के साथ जनहित के मुद्दे उठाते रहे हैं।

कुछ समय पहले अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी के पास ग्राम तेजनगर के ग्रामीण अपनी परेशानी लेकर आए थे, जिस पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, जितिन प्रसाद को अवगत कराया था। जो अब पूरी होने की उम्मीद जगी है। मंगलवार को तेजनगर के ग्रामीण मो. शकील, रहमत खां, मो. यूनुस, नियामत खाँ, मो. तसलीम आदि ने हुसैन मिल पर पहुंच कर अतहर हुसैन का मुद्दा उठाने के लिए आभार जताया और बताया कि? पुलिया को लेकर बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा था। ग्रामीण काफी समय से मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी फरियाद कोई सुन नहीं रहा था। अफसरों की चौखट से ना उम्मीद होकर ग्रामीणों ने कुछ रोज पहले अतहर हुसैन के सामने यह दिक्कत रखी थी। सेक्रेटरी का पत्र आने के बाद ग्रामीणों को भरोसा जगा है, कि जल्दी ही पुलिस निर्माण हो जाएगा।

हम मिलर के साथ जनहित के काम कराने में लगे हैं, हमे जनता का काफी सहयोग मिल रहा है। आगे भी जनहित के मुद्दे उठाते रहेगें। जल्द ही रिछा में प्रस्तावित थाना और फायर ब्रिगेड स्टेशन निर्माण की स्थिति साफ हो जाएगी।
– अतहर हुसैन नियाजी, अध्यक्ष राइस मिलर एसोसिएशन (रजि0)।

माहौल बिगाड़ने का प्रयास पुलिस ने किया नाकाम

बांदा। शहर में कुछ लोगों ने साम्प्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश की है। नगर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आजाद नगर स्थित एक मस्जिद की दीवार और मुख्य द्वार पर गेरूआ रंग से धार्मिक नारे लिखे गये और स्वास्तिक चिन्ह बनाए गये। जब लोगों ने सुबह की नमाज के बाद देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसपी अंकुर अग्रवाल ने तत्काल मस्जिद की दीवारों पर लिखे नारों को साफ करवाया और स्थिति को संभालते हुए अराजक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई के निर्देश दिए। मस्जिद से जुड़े लोगों का कहना है कि शहर के सौहार्दपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की साजिश है। उन्होने कहा कि किसी भी धर्म के प्रतीकों से उन्हे कोई आपत्ति नही है, लेकिन मस्जिद की दीवारों पर चोरी से ऐसी हरकत करना सरारत के अलावा कुछ नहीं है। मुस्लिम समुदाय ने इस तरह की हरकत करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से मामला बिगड़ने से पहले ही शांत हो गया। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर पुलिस कड़ी नजर रखे हुए है।

मेडिकल कालेज डॉक्टरों के बीच मारपीट, शिकायत

बांदा। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष और एक संविदा डॉक्टर के बीच मारपीट का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ कुलदीप ने कहा कि वह ओटी में ऑपरेशन कर रहे थे उसी समय संविदा डॉक्टर मनोज ने आकर उनके साथ अभद्रता और मारपीट की जबकि डॉ मनोज का कहना है कि वह कुछ समस्याओं के समाधान को लेकर विभागाध्यक्ष से मिलने गये थे लेकिन डॉ कुलदीप ने उनके साथ दुव्यवहार किया और मारपीट की। दोनो डॉक्टरों ने एक-दूसरे के विरूद्ध शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ एस के कौशल बांदा से बाहर हैं। उन्होने कहा कि घटना की जांच के लिए कमेटी गठित की जाएगी। इस घटना ने चिकित्सा जगत को न कि शर्मसार किया है बल्कि यह गंभीर चिंता का विषय है दो वरिष्ठ चिकित्सकों के बीच इस तरह की अमर्यादित हिंसक झड़प से मेडिकल कालेज की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा है।

कुष्ठ जागरूकता अभियान आज से

बांदा। राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी जे0 रीभा के निर्देश पर अभियान के सफलतापूर्ण संचालन को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ

स्कूलों, कार्यालयों में ली जायेगी शपथ

अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होने स्वास्थ्य अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। अभियान के अंतर्गत लोगों में कुष्ठ रोग से संबंधित जागरूकता एवं भ्रांतियों के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिले के सभी विद्यालयों एवं कार्यालयों में कुष्ठ मुक्त भारत की शपथ ली जाएगी और ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधान जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सुनाएंगे साथ ही ग्राम सभा प्रमुख द्वारा कुष्ठ मुक्त भारत के संबंध में भाषण भी पढ़ेंगे। इस कार्य के अंतर्गत 30 जनवरी को अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत ह्यह्यजिलाधिकारी का संदेशह्लह्ल जनपद के सभी लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नही छोडेंगे। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है।

हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे साथ ही कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नही करेंगे और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को करने देंगे।

व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ से प्रभावित लोगों से जुड़े कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उन्हे समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए पूरा योगदान देंगे।

हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिए आइए मिलकर जागरूकता फैलाएं, भ्रांतियों को दूर भगाएं, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाएं की प्रतिज्ञा लेते हैं।

एमिम पार्टी ने शादाब एसके को बनाया दिल्ली चुनाव प्रचारक

बहेड़ी, बरेली। एमिम पार्टी ने नगर के मोहम्मद शादाब एसके को पार्टी का चुनाव प्रचारक बनाया है। वह चुनाव प्रचार के लिये दिल्ली पहुँच गए हैं और पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिये वह जी जान से मेहनत कर रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये आगामी 5 फरवरी को मतदान होना है। दिल्ली में हो रहे चुनाव के लिये एमिम पार्टी ने मोहम्मद शादाब एस. के. को अपना चुनाव प्रचारक बनाया है।

महिलाओं के कल्याणार्थ विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार फखरपुर में महिलाओं के हितार्थ विधिक जागरूकता कार्याक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार कैसरगंज अभयराज पाण्डेय, सहायक विकास खण्ड अधिकारी फखरपुर हरिओम शास्त्री, रिर्सोस पर्सन बाल संरक्षण अधिकरी श्रीमती शिविका मौर्या, समाजसेविका श्रीमती अर्चना मिश्रा, ब्लाक मिशन प्रबन्धक फखरपुर सत्येन्द्र पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद रहीं।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव श्री शिरोमणि द्वारा शिविर में उपस्थित महिलाओं को जागरुक करते हुए बताया गया कि न्यायपालिका किसी भी जनतंत्र के तीन प्रमुख अंगों में से एक है। न्यायपालिका संविधान और कानून की रक्षक है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है, जो समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है। आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने गुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता पा सकता है।

इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के टॉल फ्री नम्बर 15100 के बारे में जानकारी दी गयी। रिसोर्स पर्सन हरिओम शास्त्री ने विधान से समाधान विषयक अन्तर्गत महिलाओं के विरूद्ध अपराधों जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण किसी भी प्रकार का यौन हमला, मानव तस्करी, क्रूरता, दहेज उत्पीड़न तथा महिलाओं के अधिकारों से संबंधित विधिक जानकारी प्रदान की गयी तथा महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके हितों के संरक्षण व संवर्धन हेतु कानूनों के बारे में बताया गया। जिला बाल कल्याण अधिकारी श्रीमती शिविका मौर्या द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं के विरूद्ध अपराधों को रोकने और उनकी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जैसी अनेकों योजनाए तथा हेल्पलाइन क्रियाशील हैं। शिविर के दौरान समाज सेविका श्रीमती अर्चना मिश्रा द्वारा बाल विवाह को रोकने एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

गन्ना उत्पादक में रक्तदान शिविर का आयोजन

बहेड़ी, बरेली। गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत महाराणा प्रताप जिला सयुक्त चिकत्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ0 हरिकेश सिंह ने रक्तदान कर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान आज के समय में सबसे बड़ा दान है। बुधवार को गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकांश शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया। महाराणा प्रताप जिला संयुक्त चिकित्सालय बरेली के पीआरओ मनोज ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र सौंपे।

रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ने महाकुंभ में अमृत स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से की अपील

महोबा। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद महोबा के चेयरमैन डॉक्टर अभिषेक सक्सेना ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के अवसर पर मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ मचने पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंन प्रयागराज में अमृत स्नान करने जा रहे सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करें व किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु संगम की तरफ जाने का प्रयास न करें बल्कि जितने भी और घाट बनाए गए हैं वहां पर स्नान करें, जिससे देश विदेश से आ रहे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

महोबा। पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने जानकारी दी की बुधवार के दिन विद्यालय की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। उन्होंने बताया की शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्राओं को कीरत सागर, रहेलिया सूर्य मंदिर, विजय सागर पक्षी विहार, शिव तांडव, पॉलिटेक्निक, पान अनुसंधान केंद्र इत्यादि का भ्रमण कराया गया। प्रधानाचार्या ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं में तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देना तथा भविष्य में आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है एवं भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता से परिचित कराना है। शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्रियंका गुप्ता, वंदना शुक्ला, हुमानाज, नेहा अनुरागी, आसाराम, सतचरन, शबाना सिद्दीकी, रेखा त्रिपाठी आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

नगर पालिका के बाबू पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप

ललितपुर। तालाबपुरा सीतापाठ रोड के पास रहने वाले अमित खरे बाल्मीकि पुत्र रमेश खरे बाल्मीकि ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि वह नगर पालिका में बतौर स्वास्थ्य नायक पद पर कार्यरत है। आगे बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जब वह नगर पालिका परिषद प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए गया था। सुबह करीब 8.30 बजे वह अपनी गाड़ी खड़ी करके आगे चला तो नगर पालिका परिषद में तैनात बाबू ने उसे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया। पीड़ित ने बताया कि बाबू के इस व्यवहार के कारण उसको मानसिक रूप से काफी आघात पहुंचा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर कार्यवाही किये जाने के साथ-साथ उक्त बाबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

रोड सेफ्टी के नियमों की ली शपथ

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। एम्बुलेंस सेवा के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह भदौरिया व जिला प्रभारी सुमित पाल ने ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से सभी एम्बुलेंस स्टॉफ को रोड सेफ्टी के नियमों के लिए दृढ़ संकल्पित कराया। उन्होंने का कि सभी को ट्रैफिक नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना है। सभी को इसके लिए जागरूक भी करना है। जिले में एंबुलेंस की सेवा बेहतर होनी चाहिए और सभी को अपनी ड्यूटी देश के एक सच्चे सिपाही की तरह करनी होगी। इस अवसर पर सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसीएमओ डा.अमित तिवारी ने कहा कि सभी एम्बुलेंस स्टॉफ आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को सेवाएं देकर उनकी जिंदगी बचाने का महान कार्य करते हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के साथ ही समय से अस्पताल पहुंचाते हैं। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में उनका कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। मुसीबत के समय निस्वार्स्थ भाव से सेवाएं देकर वे समाज में बेहतरीन उदाहरण पेश कर रहे हैं।

सरकारी योजनाओं से रूबरू हुए ग्रामीण

देवरनियां, बरेली। जनहित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को रुबरु करने के लिए बुधवार को ब्लॉक दमखोदा (रिछा) के परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से वीडियो दिखाई गई। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जगदीश कुमार के निर्देशन में ब्लॉक के 166 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से सरकार की योजनाओं फैमिली आईडी, पीएम सूर्य घर योजना, फॉर्मर आईडी, बिजली विभाग की एकमुश्त समाधान योजना आदि से सम्बन्धित वीडियो दिखाए गए तथा इनसे संबंधित लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। सीडीओ जग प्रवेश के निर्देशन में यह आयोजन सप्ताह में दो दिन शनिवार और बुधवार को होगा। इसकी जिम्मेदारी बीईओ के अलावा एस आर जी और ब्लॉक के एआरपी को भी दी गई है। दमखोदा ब्लॉक में बीईओ जगदीश कुमार के अलावा सभी एआरपी ने मॉनिटरिंग की।

संगम में संयम की मिसाल

महाकुंभ-2025 अद्भुत संयोग में पड़ा है। विद्वानों के मुताबिक 144 वर्षों में ऐसा दुर्लभ संयोग आया है। इस कारण श्रद्धालुओं का प्रयास है कि महाकुंभ में एक बार अवश्य अमृत स्नान का पुण्य लाभ का अर्जन किया जाये। इस अद्भुत अवसर के कारण प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम तट पर आस्था और आध्यात्म का ज्वार उमड़ रहा है। उप्र. सरकार ने करोड़ों सनातनियों की आस्था का बेहतरीन ढंग से ख्याल रखते हुए महाकुंभ के लिए व्यापक तैयारियां भी की हैं। रेलवे ने हजारों की संख्या में विशेष ट्रेनें चलायीं हैं। उप्र. परिवहन निगम हजारों विशेष बसों का संचालन कर रहा है। विमानन कंपनियों ने देश के प्रमुख शहरों से प्रयागराज के लिए सीधे उड़ानों की संख्या में वृद्धि की है। लोग अपने संसाधनों और निजी वाहनों से भी बड़ी संख्या में प्रयागराज पहुंचे ताकि इस अद्भुत अवसर पर अमृत स्नान का पुण्यलाभ अर्जित किया जाये। संगम तट पर आस्था का जो सैलाब उमड़ा दरअसल वह इतना विशाल था जिसके सामने बड़ी-बड़ी तैयारियां बौनी हो गयीं। इतने विराट आयोजन का सकुशल संचालन तभी हो सकता है जब प्रयागराज में संगम के तट पर हरेक श्रद्धालु संयम और आत्म आनुशासन का भी बेहतरीन उदाहरण पेश करे।

इतना व्यापक, भव्य एवं विराट आयोजन अकेले प्रशासन के भरोसे नहीं चल सकता, यहां प्रत्येक श्रद्धालु को अत्यधिक संयम का परिचय देना होगा।

महाकुंभ का आगाज 13 जनवरी को हुआ था और बीते 16 दिनों से सब कुछ ठीक-ठाक चल भी रहा था। खाना बनाते समय अग्निकांड की घटना हुई, लेकिन इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। ऐसी कुछ छोटी-मोटी घटनाओं को छोड़कर महाकुंभ का मेला बीते 16 दिनों से शानदान तरीके से, शांतिपूर्ण और समग्र आध्यात्मिक वैभव के साथ चल रहा था। लेकिन मौनी अमावस्या के मौके पर मची भगदड़ में जो जन हानि हुई, लोग घायल हुए, उसमें व्यापक सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात प्रबंधों के बावजूद अनेक सवाल भी प्रशासन पर उठे हैं। महाकुंभ की भगदड़ में जिनकी जान गयी, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें, प्रभु अपने श्रीचरणों में उनको स्थान दें और अपने स्वजनों को खोने वालों को इतनी शक्ति दें कि वे इस विपदा को सह सकें। महाकुंभ की भगदड़ की घटना को मुख्यमंत्री ने बहुत गंभीरता से लिया है और पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद के साथ ही पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच कराने का आदेश भी दिया है। जाहिर कि इस दुर्घटना की विधिवत जांच जरूरी है कि ताकि किस कमी के चलते यह हादसा हुआ उसकी पहचान कर भविष्य के आयोजनों में उसे दूर किया जा सके। महाकुंभ में संगम के तट पर मौनी अमावस्या के मौके पर आठ-दस करोड़ लोग पहुंचे। आस्था के इतने विशाल सैलाब को संभालना अकेले प्रशासन के बस की बात नहीं है। इसमें सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है। प्रशासन के साथ, वालंटियर्स, साधु-सांन्यासियों के सहयोग और मार्गदर्शन की जरूरत है। बताया जाता है कि मौनी अमावस्या पर 29 जनवरी को तड़के एक से दो बजे के बीच संगम नोज पर पहुंचने के लिए भारी भीड़ जमा थी। इसी बीच कुछ अति उत्साही श्रद्धालुओं ने बैरेकेडिंग फांदने की कोशिश की और इसी कारण भगदड़ हुई दुखद हादसा हो गया। यहां सिर्फ प्रशासन को कोसने से बात नहीं बनेगी। श्रद्धालुओं को भी अत्यधिक संयम का परिचय देना होगा तभी महाकुंभ की व्यापक तैयारियां और सुरक्षा इंतजाम सफल होंगे। भगदड़ के बाद महाकुंभ में संगम तट पर उपस्थित भक्तों, साधु-संतों के साथ प्रशासन ने जिस तरह का संयम और सहयोग का उदाहरण प्रस्तुत किया उसके तारीफ करनी पड़ेगी। दुखद हादसे के बाद भी लोग अनुशासित रहे, प्रशासन ने त्वरित रिस्पांस किया और लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। कुल मिलाकर हादसा अति दुखद है, लेकिन प्रशासन ने इस संवेदनशील मौके पर जो मुस्तैदी दिखायी, उसके कारण कुछ ही घंटे में स्थितियां सामान्य हो गयीं। यहां संतों, अखाड़ों और उनके संन्यासियों शाही स्नान को पहले कैंसिल करके और स्थिति सामान्य होने पर प्रतीकात्मक रखकर जो मिसाल पेश की है, उसकी प्रशंसा पूरा देश कर रहा है। महाकुंभ 25 फरवरी तक है अभी शाही स्नान भी होने हैं। प्रशासन और श्रद्धालु हादसे से सबक लेकर संगम तट पर और अधिक सतर्कता एवं अनुशासन का परिचय दें ताकि हादसे की पुनरावृत्ति न होने पाये।

विचार

अगर कोई व्यक्ति दृढ़ रहता है तो उसे पतन का गम नहीं होना चाहिए। वह उठकर फिर से चल देगा।

–महर्षि अरविन्द.

सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा ही एक बड़ा राष्ट्रीय पाप है।

–स्वामी विवेकानन्द.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना, दूसरों के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

-ड्रायन एडवर्ड्स.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी आवश्यकता है जितनी शरीर को व्यायाम की।

-जोसेफ एडीसन.

जहां दया रहती है, वहां धर्म रहता है। जहां लोभ रहता है, वहां पाप का वास होता है। जहां क्रोध रहता है, वहां मृत्यु रहती है और जहां क्षमा रहती है, वहां भगवान रहते हैं।

–संत कबीर.

देश में अब भी कायम है किताबों का जादू

लोकमित्र

पुस्तक मेले की थीम यानी रिपब्लिक@75 को जीवंत करने के लिए क्रिएटिव ग्राफिक्स, इंस्टॉलेशन और कलाकृतियों का उपयोग होगा। यह मेला ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब दिल्ली में विधान सभा चुनाव भी सम्पन्न होंगे और मेले के रहते ही चुनाव नतीजे भी आयेंगे। रिपब्लिक थीम, भारतीय संविधान के 75 वर्षों के सफर तथा विकसित भारत की कल्पना में ज्ञान व किताबों की उपयोगिता के साथ संबद्ध है।

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित विश्व पुस्तक मेला-2025 के इंतजार की घड़ियां खत्म हुईं। आगामी 1 फरवरी से 9 फरवरी 2025 तक प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में किताबों का यह मेला सजने जा रहा है। इस मेले के आयोजक नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडियन ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन और भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय हैं। पांच दशकों की समृद्ध साहित्य व सांस्कृतिक विरासत के साथ यह पुस्तक मेला इस बार रिपब्लिक/75 की थीम के साथ आयोजित हो रहा है। पुस्तक मेला जिस मंडपम में आयोजित किया जा रहा है, उसकी डिजाइन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन द्वारा तैयार की गयी है। इस बार मेले की थीम यानी रिपब्लिक/75 को जीवंत करने के लिए क्रिएटिव ग्राफिक्स, इंस्टॉलेशन और कलाकृतियों का उपयोग होगा। यह मेला ऐसे समय आयोजित हो रहा है, जब दिल्ली प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी (5फरवरी 2025) को सम्पन्न होंगे और मेले के रहते ही चुनाव नतीजे भी आयेंगे। वास्तव में रिपब्लिक/75 की थीम, भारतीय संविधान के 75 वर्षों के सफर तथा विकसित भारत की कल्पना में ज्ञान और किताबों की उपयोगिता के साथ संबद्ध है।

बहरहाल दिल्ली में आयोजित होने वाला ह्यविश्व पुस्तक मेलाह्ल महज किताबों का मेला नहीं होता बल्कि यह कला, साहित्य और संस्कृति का संपूर्णता में होने वाला संवाद होता है। मसलन इस किताबों के इस मेले में पिछले कई सालों से यहां आने वाले आम और खास लोगों के बीच यह बहस जारी है कि क्या सूचना क्रांति के मौजूदा दौर में जब पढने की आदत और प्रवृत्ति किताबों के बजाय स्क्रीन की तरफ शिफ्ट हो गयी हो, क्या तब भी हमें यह उम्मीद रखनी चाहिए कि किताबों का भविष्य सुरक्षित है ? यह सवाल इसलिए भी क्योंकि इस संबंध में स्थिति बड़ी विरोधाभासी है। आमतौर पर अगर आप सार्वजनिक स्थलों पर किताबों के भविष्य को लेकर लोगों से बातें करेंगे तो शायद 100 में 80 फीसदी या उससे भी ज्यादा लोग यही कहेंगे, अब किताबें कौन पढ़ता है। आमतौर पर प्रकाशक भी किताबों की बिक्री को



लेकर यही बात कहते हैं। लेकिन अगर किताबों की बिक्री के वास्तविक आंकड़ों को देखें या बड़े बड़े लेखकों से बात करें तो या तेजी से लोकप्रिय हो रहे साहित्य उत्सवों में जुटने वाले लोगों के विचार सुनें तो यही लगता है कि किताबों का महत्व कभी कम नहीं होगा।

विश्व पुस्तक मेला-2025

यह यूं भी विरोधाभासी लगता है क्योंकि एक तरफ ज्यादातर भारतीय भाषाओं के दैनिक अखबारों में साहित्य छपना या तो बहुत कम हो गया है या बिल्कुल ही बंद हो गया है। दूसरी तरफ पूरे देश में साहित्यिक आयोजनों या जिन्हें आजकल ह्यलिट फेस्टह्ल कहते हैं, उनकी बाढ़ आ गई है। अकेले हिंदी में ही पूरे देश में हर साल 500 से ज्यादा बड़े और इससे दुगना बेहद स्थानीय लिटरेरी फेस्टिवल हो रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि साहित्य के बारे में लोगों को पढ़ने या जानने की रूचियां कम तो नहीं हुईं, लेकिन किताबों के बारे में जरूर अलग अलग बातें पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। लेकिन जिस तरह से किताबों के मेलों का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं और किताबों के मेलों में जिस तरह भीड़ उमड़ती है तो सवाल तो यही उभरता है कि आखिर किताबों का जादू क्यों बरकरार है ? यह जादू इसलिए भी माना जायेगा, क्योंकि इस 1 फरवरी 2025 से शुरू हो रहे मेले को ही लें, इसके बारे में जो जानकारियां आयी हैं, वो ये हैं कि जितने प्रकाशकों ने इसमें हिस्सा लेने के लिए इच्छा जतायी थी, उन सबको स्टॉल नहीं मिल सके। अगर किताबें बिकती नहीं हैं, किताबों में लोगों की रूचि नहीं है, तो फिर प्रकाशक पुस्तक मेले में स्टॉल लेने के लिए इस कदर इच्छुक क्यों होंगे, वह भी तब जबकि अब स्टॉल काफी महंगे हो चुके हैं ? लब्बोलुआब यह कि किताबों का जादू कायम है और इसकी कई वजहें हैं। पहली महत्वपूर्ण वजह तो यही है कि आज भी पुस्तकों का सांस्कृतिक और बौद्धिक महत्व स्वीकार किया जाता है। दरअसल किताबें किसी भी समाज की संस्कृति, इतिहास और ज्ञान का महत्वपूर्ण स्रोत होती हैं। वे समय के साथ विचारधाराओं और परंपराओं को संरक्षित रखती हैं, जो डिजिटल माध्यमों के मुकाबले कहीं ज्यादा टिकाऊ होता है।

विश्व पुस्तक मेला जैसे आयोजन तो इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यहां सिर्फ किताबें ही नहीं बिकती बल्कि लेखकों, पाठकों और प्रकाशकों के बीच एक सरस और सुविधाजनक मेलजोल होता है, साहित्य, संस्कृति और विविध विचारो का, विविध भाषाओं के संदर्भों से आदान प्रदान होता है। किताबों का जादू शायद इसलिए भी कायम है, क्योंकि किताबों को पढ़ना जहां मानसिक शांति पाना है, वहीं लगातार स्क्रीन का उपयोग आंखों और दिमाग को थकाता है। लेकिन कागजों की पुस्तकें पढ़ने का अनुभव हमेशा स्क्रीन के मुकाबले शांतिपूर्ण और बिना किसी तनाव या कम से कम तनाव वाला होता है।

हाल के सालों में हुए ऐसे कई शोधों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि किताबें पढ़ने से गहरी समझ बनती है और याद्दाश्त बढ़ती है, जबकि स्क्रीन में पढ़ने से चीजें याद नहीं रहतीं और वे ज्यादा समय तक स्मृति में भी नहीं रहतीं। पुस्तक मेले जैसे आयोजन सामुदायिक महत्व को भी दशार्ते हैं। क्योंकि पुस्तक मेलों में सिर्फ किताबों की खरीद बिक्री ही नहीं होती, यह विचारों के आदान प्रदान का केंद्र भी बनते हैं। यहां लेखक, विचारक और कलाकार सब एक मंच पर मिलते हैं और विभिन्न रचनाओं का सामूहिक उत्सव मनाते हैं। स्क्रीन रीडिंग के दौर में भी अगर कागज में छपी किताबें पढ़ने हेतु आकर्षित करती हैं, तो इसकी एक वजह यह भी है कि डिजिटल कंटेंट आमतौर पर किताबी कंटेंट के मुकाबले बेहद सतही है। जो पढ़ने की महज तात्कालिक जरूरतभर पूरा करता है, वहीं छपी हुई किताब गहरी सोच और आत्म निरीक्षण को बढ़ावा देती है। डिजिटल सामग्री इन दिनों बेहद भ्रामक भी हो चली है, क्योंकि लोगों को लगता है कि डिजिटल सामग्री स्थायी नहीं रहने वाली। जबकि डिजिटल कंटेंट के मुकाबले आज भी किताबें ज्यादा गंभीर और स्थायी स्वाभाव वाली हैं।

किताबों का जादू आज भी सिर चढ़कर इसलिए बोल रहा है, क्योंकि ये सिर्फ ज्ञान का स्रोत भर नहीं होतीं, ये हमारी आत्मा और मस्तिष्क में एक स्थायी प्रभाव भी छोड़ती हैं। कहानियां, कविताएं और साहित्य हमें हमारी भावनाओं और आत्म जागरूकता से जोड़ती हैं। जब ऐसे पुस्तक मेले होते हैं जहां विविध विचारों की वैश्विक स्तर की सामग्री उपलब्ध होती है, वहां युवा और बच्चे इनकी तरफ खूब आकर्षित होते हैं। इस तरह नई पीढ़ी में भी पढ़ने की आदत विकसित करने में ये पुस्तक मेले मददगार होते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के पुस्तक मेले विभिन्न भाषाओं को एक मंच में लाकर उनके विकास में तो महत्वपूर्ण भूमिका निभाते ही हैं, देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर पुस्तक मेले सिर्फ ज्ञान या किताबों के समारोहभर नहीं होते बल्कि ये लोगों के मिलने-जुलने और सांस्कृतिक मेल-मिलाप के आकर्षक स्थल या मंच भी होते हैं। इसलिए किताबों का जादू आज भी कायम है और कम से कम अगले दो तीन दशक तक तो हर हाल में कायम ही रहेगा, ऐसा लगता है।

सोशल मीडिया

जनकल्याण, राष्ट्रप्रेम व धर्मरक्षा में संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले आर एसएस के चौथे सर संघ चालक राजेन्द्र प्रसाद सिंह रज्जू भैया की जयंती पर उन्हें शत शत नमन। केशव प्रसाद मौर्य.

दिल्ली चुनाव में वायु प्रदूषण एक गैर मुद्दा है, इसलिए नहीं कि यह एक गैर मुद्दा है, यह हमारे जीवन के 8 वर्ष छीन लेता है। इसलिए नहीं कि लोग परवाह नहीं करते। योगेन्द्र यादव.

महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना बेहद दुखद है, इस हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। ईश्वर दुख सहने की शक्ति दें। ए. केजरीवाल.

मनुष्य का स्वार्थ

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए ? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

अंतर्दृष्टि

साहित्यकारों की सब कैटेगरी

व्यंग्यलोक

मैं खास तौर पर मां सरस्वती का साहित्य सेमिनार मैनेजमेंट पुत्र हूं। जब भी उन्हें हिंदी साहित्य के किसी संगठन विशेष के साहित्यकारों से संवाद करना होता है, वे मुझसे संपर्क करती हैं और तब मैं हिंदी साहित्य के उनके द्वारा बताए संगठन के साहित्यकारों को इकट्ठा कर उनसे उनके संवाद के बहाने उनके साहित्य की वर्तमान दशा और दिशा पर सेमिनार करवा चार पैसे मैं भी कमा लेता हूं। दूसरे शब्दों में कहें तो साहित्य इवेंट मैनेजर। वैसे भी आज का जमाना इवेंट मैनजरों का जमाना है। वे जीव के पैदा होने से लेकर उसके मरने तक के सारे इवेंट मैनेज करने लगे हैं। बस इवेंट मैनेज करवाने वाले की जेब में पैसा होना चाहिए। वैसे आदमी की जेब में पैसा हो तो वह आज की तारीख में कुछ भी करने का मौलिक अधिकार रखता है। आज कल के आदमी के पास समय ही कहां है जो वह अपने जीवन के हर इवेंट को मैनेज कर सके। आजकल वह बहुत व्यस्त चल रहा है। उसके पास आज मरने तक की फुर्सत नहीं। इसलिए वह अपने बदले दूसरों को मार रहा है। कल बड़े अरसे बाद मां सरस्वती का फोन आया। आजकल के हिंदी साहित्य के हालचाल पूछने के बाद बातों ही बातों में उन्होंने इच्छा जताई कि वे सावन मास में एक सेमिनार में हिंदी के साहित्यकारों से रूबरू होना चाहती हैं तो मैंने कहा, नो टेंशन मां ! हो जाएगा। आप बजट का आइडिया दे दें तो... पर मां ! कौन से साहित्यकारों से आप रूबरू होना चाहती हैं ? अगर आप साहित्यकारों की कैटेगरी, सब कैटेगरी साफ कर दो तो..., तो वे बोली, कौन से का क्या मतलब ? साहित्यकार चाहे वामपंथी हो या काम पंथी ! वह मूलतः साहित्यकार ही होता है। साहित्यकार की न कोई जात होती है न धर्म। उसकी न कोई नस्ल होती है, न कोई फसल ! मैं हिंदी साहित्यकारों के सर्वमुखी सेमिनार को संबोधित करना चाहती हूं जिसमें वामपंथी से लेकर कामपंथी, आरामपंथी, सलामपंथी सब साहित्यकार हों। नहीं मां ! ऐसा नहीं हो सकता। यहां तो एक ही पंथ के साहित्यकार एक टेंट में एक साथ नहीं खाते और आप ? अब साहित्यकारों की परिभाषा पूरी तरह बदल गई है, अब अलग अलग नस्ल के साहित्यकार भी हैं और अलग अलग फसल के भी। बुरा मत मानना मां शारदे ! मेरे कहने का मतलब ये कि अब साहित्यकारों की बहुत सी श्रेणियां, सब श्रेणियां हो गई हैं। गया वो वक्त जब साहित्यकार केवल साहित्यकार होता था। वक्त बदला तो वह वामपंथी और दक्षिणपंथी हो गया। बीच में कुछ कुछ वह सरकार कंठी हो भी होता रहा। पर अब तो उसकी कितनी श्रेणियां हैं, उसे भी नहीं पता।

अशोक गौतम

हर गुजरते दिन के साथ बिगड़ रही है धरती की आबोहवा...

पर्यावरण

धरती बीमार है। यह शब्द हम पिछले दो दशकों से सुन रहे हैं। लेकिन अब यह शब्द धरती की सेहत का हाल नहीं बताता। क्योंकि धरती अब बीमार नहीं, आईसीयू में है। किसी भी दिन ब्रह्मांड के इस सबसे खूबसूरत ग्रह पर कुछ भी घट सकता है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर लगातार पर्यावरण वैज्ञानिकों की चेतावनियों और हर गुजरते दिन के साथ बिगड़ती आबोहवा के बावजूद आखिर हम धरतीवासियों ने इसकी इतनी उपेक्षा क्यों की ? धरती एक दो नहीं पर्यावरण सुरक्षा के 7 बिंदुओं को पार कर चुकी है। दूसरे शब्दों में हम खतरे के 7 बैरियर्स तोड़ चुके हैं और खतरनाक तरीके से 8वें के तोड़ने के नजदीक पहुंच गए हैं। यहां तक पहुंचने के बाद ज्यादातर पर्यावरण वैज्ञानिकों को उम्मीद नहीं बची कि फिर से हम उस साफ और शुद्ध वातावरण का कभी एहसास कर सकते हैं, जो कभी धरती की खूबी थी। दुनिया के 40 वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिकों की मानें तो धरती में करीब 5 लाख से ज्यादा जीव प्रजातियां पिछले कुछ दशकों में लुप्त हो चुकी हैं। हजारों वनस्पतियां गायब हो चुकी हैं। धरती का समूचा मौसम पैटर्न बदल चुका है। सबसे भयावह बात यह है कि इतनी खराब स्थिति के बावजूद हर साल आज भी पृथ्वी में 15 अरब से ज्यादा पेड़ काटे जा रहे हैं।

सवाल है आखिर हम सब कुछ जानते हुए भी इतने निष्ठुर कैसे हो गए? सब कुछ देखने समझने के बावजूद आखिर हमने धरती को बचाने की ईमानदार कोशिश क्यों नहीं की? धरती आखिर इतनी बीमार कैसे पड़ गई जबकि पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चीख चीखकर धरती की सेहत का हाल हमें बता रहे थे? पर्यावरण पर काम करने वाले संगठन यूरो न्यूज की मानें तो हम मनुष्यों ने अपने छोटे छोटे फायदों के लिए मनुष्य जाति के साझे भविष्य को भयानक संकट के हवाले कर दिया है। धरती में इंसान का जीवन अब खतरे से घिर गया है। यूरो न्यूज की वैज्ञानिक टीम द्वारा किये गये एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले दो दशकों से लगातार आगाह किए जाने वाले के बावजूद हम नियमित रूप से गर्म से गर्मतर हो रहे तापमान की तरफ बढ़ रहे हैं। इस पर 40 अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के वैज्ञानिकों की एक टीम ने पर्यावरण के मसौदे पर दुनिया के सभी देशों की चालाक रणनीतियों से क्षुब्ध होकर पहली बार अपने अध्ययन निष्कर्ष को धरती के स्वस्थ जीवन के संबंध में इस इंसानी हरकत को न्याय की कसौटी पर कसने और परिभाषित करने की कोशिश की है। मतलब यह कि वैज्ञानिक कह रहे हैं कि धरती के साथ अन्याय करने वाले देशों को इसकी सजा मिलनी चाहिए। क्योंकि अपने निजी हितों की दुहाई में दुनियाभर के ताकतवर देशों ने धरती की विभिन्न जातियों, समुदायों, लिंगों को प्रलय के दरवाजे पर ला खड़ा किया है। हालांकि यह शोध पिछले साल का है और वैज्ञानिकों के इस अंतर्राष्ट्रीय समूह ने अपनी यह तीखी टिप्पणी नेचर जर्नल में प्रकाशित भी करवाया था। वैज्ञानिकों के मुताबिक धरती के सहन करने की जो 7 सीमाएं थीं, वो थीं- बिगड़ती जलवायु, जहरीली होती वायु, रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध इस्तेमाल, पानी का फास्फोरस और नाइट्रोजन से प्रदूषण, भूजल का खात्मा, ताजे पानी का मनमाना दुरुपयोग और मानव निर्मित भू-वातावरण। वैज्ञानिकों के मुताबिक सबसे खतरनाक सीमा वायु प्रदूषण की थी। आखिरकार धरती जैसे संवेदनशील ग्रह की हवा के जहरीली होने की एक सीमा थी। लेकिन लगातार वैज्ञानिको के आगाह किए जाने के बाद भी हवा को जहरीले बना रहे संगठनों, संस्थानों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। क्योंकि हवा को जहरीला बना रहे लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर ताकतवर देशों का संरक्षण हासिल था। स्वीडन स्थित वैज्ञानिकों के इस समूह ने माना है कि धरती के संयम और उसकी सहन करने की एक सीमा थी, लेकिन धरती के साथ अन्याय करने वालों, खिलवाड़ करने वालों ने इस सीमा की लाज नहीं रखी। इन वैज्ञानिकों के मुताबिक धरती का कोई एक छोर पृथ्वी के विरूद्ध इस अत्याचार में अकेला शामिल नहीं है। हर क्षेत्र बढ़ चढ़कर धरती को लहूलुहान करने पर तुला है। चाहे वो पूर्वी यूरोप हो, दक्षिणी एशिया हो, मध्यपूर्व हो, दक्षिण पूर्व एशिया हो, मैक्सिको हो, ब्राजील, चीन और दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमरीका ही क्यों न हो। सभी ने धरती की सेहत के साथ बेहद गंभीर खिलवाड़ किया है। वीओएल.

आपकी बात

सड़कों पर सावधानी जरूरी

यातायात प्रबंधन को और बेहतर करने की जरूरत है ताकि सड़कों पर दुर्घटनाएं कम से कम हों। इस समय महाकुंभ चल रहा है और करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं, इनको आवागमन में अत्यधिक सावधानी बरतनी होगी ताकि दुखद हादसों से बचा जा सके। हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं।

हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

राम कुमार मौर्य, लखनऊ.

न्याय की राह में बाधाएं

जटिल न्याय प्रक्रिया न्याय मिलने की राह में सबसे बड़ी बाधा है7 वैधानिक-लोकतांत्रिक व्यवस्था में राज्य-शासन के प्रत्येक स्तम्भ को जनता की आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। सांविधानिक व्यवस्था में न्याय पालिका एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है, लेकिन जब वर्षों तक मुकदमे लंबित रहते हैं, न्याय की आस जनता से टूटती है, तो फिर न्यायपालिका पर भी सवाल उठते हैं। इसलिए न्याय पालिका का दायित्व है कि वह सरकार और अधिवक्ता संगठनों के साथ मिलकर ऐसी राह निकाले जिससे प्रत्येक पीड़ित को सस्ता और शीघ्र न्याय सुलभ हो सके। देश के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक समारोह में बोलते हुए कहा कि कई बार लोग अदालती प्रक्रिया से तंग हो किसी तरह समझौता करना चाहते हैं। लोक अदालतों की उपलब्धियां और संस्मरण साझा करते हुए कहा कि वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में लोक अदालतें ऐसा मंच हैं जहां लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा या समझौता किया जाता है। पारस्परिक रूप से स्वीकृत समझौते के विरुद्ध कोई अपील दायर नहीं की जा सकती। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, यह लंबी न्यायिक प्रक्रिया ही सजा है और यह हम सभी जजों के लिए चिंता का विषय है। लोक अदालत का उद्देश्य लोगों के घरों तक न्याय पहुंचाना और लोगों को अश्वस्त करना है कि हम उनके जीवन में निरंतर मौजूद हैं। इसे और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत है।

विनीत श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

पूनम सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से पूनम सिंह को समाज शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. शक्ति सिंह के निर्देशन में पजीकृत होकर शोध विषय वर्तमान परिवेश में हिंदू-धर्म एवं संस्कृति पर महामारी का प्रभावः एक समाजशास्त्रीय अध्ययन पर गनपत सहाय पीजी कॉलेज सुल्तानपुर से परिपूर्ण किया है। पूनम सिंह ग्राम पिलखांवा के निवासी और प्राचार्य डॉ. जितेंद्र सिंह की पत्नी हैं।

व्यापारी सम्मेलन आज

अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा के इनायत नगर बाजार में आस्कर केरला पब्लिक स्कूल में प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल क्षेत्र के व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। अध्यक्षता विधायक वेद प्रकाश गुप्ता करेंगे।

जीत के लिए एकजुटता जरूरी: धर्मपाल सिंह

- मिल्कीपुर चुनाव को लेकर पदाधिकारियों से ली चुनावी रिपोर्ट

अयोध्या। मिल्कीपुर के केरला पब्लिक स्कूल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं बूथ विजय का मंत्र दिया। कई सत्रों में चली बैठक में उन्होंने मंडल अध्यक्ष, प्रवासी, प्रभारी तथा चुनाव में लगाए गए पदाधिकारियों से चुनावी कार्यों की रिपोर्ट लिया। बैठक में धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर शत प्रतिशत विजय की रणनीति बनाकर काम करना है। हर घर तथा हर मतदाता से संपर्क व संवाद करना है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना तथा ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी हमें घर-घर पहुंचना है। एकजुटता के साथ परिश्रम कर चुनाव में बड़ी जीत सुनिश्चित करना है। सभी मिलकर योजनाबद्ध होकर बूथ विजय की अभेद्य रणनीति पर काम करें।

उन्होंने कहा कि चुनाव की जीत में बूथ के पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। मतदाताओं से संपर्क और संवाद से भाजपा के पक्ष में जोड़ना तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी को प्रेरित भी करना है। उन्होंने कहा कि मोर्चों, विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ाकर लोगों तक पहुंचे। सभी को अपने बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है। पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र में आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें। सभी पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ चुनावी रणनीति तैयार करनी है। बूथ कमेटियों की बैठकों के माध्यम से प्रतिदिन की योजना तैयार करके काम करना है। भाजपा बहुत बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। जीत का अंतर और अधिक ज्यादा हो इसके लिए बूथ पदाधिकारी व सेक्टर प्रमुख चुनाव को लेकर सक्रिय रहें। पार्टी कार्यक्रमों व जनसम्पर्क से लेकर रोजाना आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर साझा किया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, मयंकेश्वर शरण सिंह, जेपीएस राठौर, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, एमएलसी अवनीश पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चैहान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, रामू प्रियदर्शी सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी की सरकार में लोग टीका लगाने से डरते थेः स्वतंत्र देव

मिल्कीपुर-अयोध्या। कांग्रेस की सरकार ने शंकराचार्य की गिरफ्तारी करवाई, रामसेतु को काल्पनिक बताया। पहले की सरकारों में उत्तर प्रदेश में कावड़ यात्रा और देव दीपावली पर रोक लगाई जाती थी और अब हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कावड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हैं, भाजपा सरकार में कश्मीर के लाल चैक पर तिरंगा फहरा रहा है। लंदन तक के विदेशी महाकुंभ की रेती में खेल रहे। उक्त बातें जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अमानीगंज में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में कहीं। गोसाईगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू के संयोजन में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उनकी जमकर तारीफ की। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा गारंटी से कह सकता हूं, जातिवाद क्षेत्रवाद परिवारवाद वंशवाद से ऊपर उठकर जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को मिल रहा है, सपा सरकार में लोग माथे पर टीका लगाने से डरते थे। सभी को बिजली पानी मिल रहा है, सभी को सम्मान मिल रहा है।

पूर्व विधायक खब्बू तिवारी ने कहा मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव पर पूरे विश्व की निगाह है, और ये चुनाव मिल्कीपुर के लोगों के मान सम्मान दशा और दिशा तय करेगा, मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के आम जनमानस से अपना दो पीढ़ियों का नाता बताते हुए पूर्व विधायक खब्बू तिवारी ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चन्द्र भानु पासवान को बड़ी जीत दिलाने का आह्वान किया। महात्मागांधी चैराहे पर आयोजित विशाल जनसभा में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा का मिजाज जिले की अन्य विधानसभाओं से अलग है, और यहाँ के लोग बहुत ही जुझारू है, वह जो कहते हैं वही करते हैं। इस अवसर पर खब्बू तिवारी ने उपस्थित भीड़ से अनुमति लेकर प्रत्याशी चन्द्र भानु पासवान को विजय श्री की माला पहनाई। प्रबुद्ध सम्मेलन के बहाने पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने उपचुनाव में ब्राह्मणों को सहजने का प्रयास किया। उपचुनाव में कार्यक्रम को भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन हरिओम पांडे ने किया।

डिजिटल अरेस्ट का शिकार हुई पीड़िता को साइबर सेल ने दिलवाई रकम वापस

बाराबंकी। फर्जी पुलिस अधिकारी बन डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वालो से साइबर सेल टीम ने पीड़िता से ठगी गई रकम को वापस करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता स्वाति पांडे निवासी सफेदाबाद को फर्जी नंबर से कॉल कर पुलिस अधिकारी बताकर केस में फंसाने के धमकी व डरा धमका कर पीड़िता से 65000 रुपए का फ्रॉड कर लिये जाने का शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव, निरीक्षक विनय प्रकाश राय, उ0नि0 इफलाक अहमद, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, आरक्षी राजन यादव, अभिषेक चपराणा, सुधाकर सिंह भदौरिया, पंकज सिंह की टीम ने पत्राचार करते हुए 42700 रुपए की धनराशि को पीड़िता के खाते में वापस करवाया।

डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

बाराबंकी। जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, मेस, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि की सघन चेकिंग की। तदोपरांत कैदियों की समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी लेते हुये साफ-सफाई के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

श्री अयोध्या न्यास के भंडारे में उमड़ी भारी भीड़

अयोध्या। श्री अयोध्या न्यास के तत्वाधान में पूर्व सांसद लल्लू सिंह द्वारा आयोजित भंडारे में भारी भीड उमड़ी। पूर्व कार्यालय सिविल लाइन अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के निकट होने के कारण रेलगाड़ियों से आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में भंडारे में पहुंच रहे है। भंडारा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए पेयजल, मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था की गई है। भंडारे की व्यवस्थाओं के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता लगे हुए है। भंडारे में भारी भीड़ के कारण प्रशासन द्वारा स्टेट बैंक तिराहे पर बैरिकेटिंग लगा कर वाहनों को रोक दिया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि मौनी अमावस्या स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे है। भण्डारे के माध्यम से उनके लिए भोजन का प्रबंध किया गया है। देर शाम तक हजारों लोगों ने भोजन किया। भंडारा गुरुवार तथा शुक्रवार को भी प्रात 10 बजे से रात 2 बजे तक चलेगा। डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की है।

मंडल स्वच्छता टीम में रतनपुरा का निरीक्षण किया

बकेवर, इटावा। मंडल स्तरीय स्वच्छता टीम ने महेवा विकास खंड की ग्राम पंचायत रतनपुरा का निरीक्षण किया। इस बीच उन्हें पंचायत में सफाई आरआरसी सेंटर का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ग्राम प्रधान को ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम) के मंडलीय कंसलटेंट राजेश कुमार शुक्ला व मंडलीय परियोजना प्रबंधक अवनीश कटियार ने ग्राम पंचायत के राजस्व गांव मलूपुर का निरीक्षण किया। टीम के अधिकारी आरआरसी सेंटर पर पहुंचे और केचुआ कंपोस्ट के गड्ढों को चालू स्थित में पाकर ग्राम प्रधान की प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने गांव में बनाए गए शोक पिट भी देखें ग्राम प्रधान पूनम देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में गांव में 16 शोक पिट बनवाए गए थे जो कि चालू हालत में है गांव में कुल 32 शोक पिट है जिसपर जांच टीम ने संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने कचरा निस्तारण स्थल का निरीक्षण किया कचरा निस्तारण स्थल की बाउंड्री की ऊंचाई कम होने पर नाराजगी व्यक्त की जिसपर एडीओ पंचायत इन्द्रपाल सिंह ने जांच टीम को आश्वस्त किया कि जल्द ही बाउंड्री की दीवार ऊंची करा दी जाएगी। राजस्व गांव मलूपुरा के निरीक्षक से पूर्व जांच टीम ने रतनपुरा गांव में महिला समूह मंडल द्वारा संचालित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया और केयर टेकर से जानकारी ली जिसपर केयर टेकर ने बताया कि गांव के तीस से चालीस लोग शौचालय का प्रयोग करते हैं जिसपर जांच टीम ने केयर टेकर से कहां कि शौचालय का प्रयोग करने वाले ग्रामीणों से बतौर एक रुपए चंदा भी ले जिससे शौचालय की समुचित देखरेख हो सके। जांच टीम ने सीएससी केन्द्र का भी बारीकी से निरीक्षण किया, सीएससी केन्द्र का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों की संख्या रजिस्टर में कम देखकर जांच टीम ने नाराजगी व्यक्त की और ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि वह सीएससी केन्द्र का प्रचार प्रसार ग्राम पंचायत में कराए जिससे ग्रामीण इससे लाभान्वित हो सकें। निरीक्षक के दौरान एडीओ पंचायत इन्द्रपाल सिंह भदौरिया, सचिव राजेश कुमार, परामर्शदाता अर्जुन सिंह, प्रधान पूनम देवी, प्रधान प्रतिनिधि नवीन यादव, राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

उर्वरकों की जमाखोरी व ओवर रेटिंग पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के समस्त फुटकर उर्वरक विक्रेता, सचिव साधन सहकारी समिति लिमिटेड, इफको किसान सेवा केन्द्र, एग्रीजक्शन वन स्टाप शॉप, जुआरी एग्रो एण्ड केमिकल्स लिमिटेड आईएफएफडीसी कृषक सेवा केन्द्र एवं समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया है कि उर्वरकों की काला बाजारी एवं ओवररेटिंग की शिकायत पाये जाने तथा यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों के साथ जबरन किसी भी प्रकार के अन्य उत्पादों की टैगिंग की शिकायत पर सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित (नियंत्रण) आदेश, 1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्राविधान के अनुसार कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उर्वरक विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिया गया है कि कृषकों को उर्वरकों की बिकी पीओएस मशीन के माध्यम से सुनिश्चित की जाये जिससे समस्त कृषकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। डीएम ने बताया कि जिले में उर्वरक के कृत्रिम अभाव की स्थिति उत्पन्न न होने पाये इसके लिए थोक उर्वरक विक्रेताओं एवं बफर स्टाकिस्टों के स्टाक का नियमित रूप से सत्यापन भी कराया जायेगा। जांच के दौरान कृत्रिम अभाव के दृष्टिगत यदि उर्वरक की जमाखोरी पायी जाती है तो ऐसे स्टाक को तत्काल बाजार में कृषकों हेतु बिक्री के लिये अवमुक्त कर दिया जायेगा तथा दोषियों के विरूद्ध सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। डीएम ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिया है कि कृषकों को संतुलित मात्रा मे उर्वरकों के प्रयोग हेतु टीएसपी तथा एनपीके उर्वरकों के प्रयोग हेतु जागरूक भी किया जाय।

11 हजार करोड़ खर्च के बावजूद व्यवस्था फेल

शिवपाल यादव का महाकुंभ भगदड़ पर बयान

इटावा। शिवपाल यादव ने महाकुंभ में हुई भगदड़ को लेकर बयान दिया। प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इटावा में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने कुंभ मेले पर 11 हजार करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन व्यवस्था पूरी तरह फेल रही, जिसका नतीजा यह भीषण हादसा है।

शिवपाल यादव ने मृतकों के परिवारों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही घायलों को भी उचित मुआवजा दिए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर हादसे के लिए मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्रियों को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। समाजवादी पार्टी नेता ने अपनी सरकार के दौरान आयोजित कुंभ मेले का जिक्र करते हुए कहा कि तब महज 400-600 करोड़ रुपए में बेहतरीन व्यवस्था की गई थी और किसी को कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने मौजूदा सरकार पर आरोप लगाया कि सिर्फ प्रचार प्रसार पर ध्यान दिया गया जबकि जमीनी व्यवस्थाएं पूरी तरह से ठप रहीं। शिवपाल यादव ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर जोर दिया है। उन्होंने प्रयागराज प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और कहा कि इतने बड़े आयोजन में इस तरह की लापरवाही अक्षम्य है।

कैंप लगाकर साढ़े तीन लाख रूपये वसूले

ऊसराहार, इटावा। कैंप लगाकर विद्युत विभाग ने बिजली के बकाया बिलो पर साढे तीन लाख रूपए की बसूली की इस दौरान उन उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा राहत मिली जिनके बिल बहुत ज्यादा आ रहे थे दो दर्जन उपभोक्ताओं के बिलो को मौके पर ही दुरस्त कराकर जमा किया गया।

बिजली के बकाया बिलो की बसूली के लिए बुधवार को ऊसराहार मे उप खंड अधिकारी ताखा कौशलेंद्र सिंह की देखरेख मे कस्बा बाजार के सरसईनावर तिराहे कैंप लगाया गया कैंप मे बिजली के बकाया बिलो पर साठ प्रतिशत तक की ब्याज मे राहत उपभोक्ताओं को दी गई कई उपभोक्ताओं के बिल मीटर से भी बहुत ज्यादा आ गए थे जो अपने बिलो को सही कराने के लिए, अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे विभाग द्वारा लगाए गए कैंप मे परेशानी से गुजर रहे इस तरह के उपभोक्ताओं को तत्काल राहत दी गई एसडीओ ने शिविर मे ही बिलो को दुरस्त कराया और तत्काल बकाया बिल जमा करा दिये अवर अभियन्ता सतेन्द्र कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से बकाया बिल जमा कर साठ प्रतिशत तक ब्याज मे छूट लेने की अपील की एसडीओ कौशलेंद्र ने कहा सभी उपभोक्ता समय पर अपना बिल जमा करे और अतिरिक्त भार देने से बचे उन्होंने बताया ऊसराहार मे सभी लायनो को दुरस्त किया गया है पूरे कस्बा को जल्द ही एक फीडर से सप्लाई देने का प्रयास किया जा रहा शिवर मे 38 उपभोक्ताओं ने साढे तीन लाख रूपए बकाया बिल के जमा किए इस दौरान एसडीओ कौशलेंद्र ने पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी भी दी शिविर मे लिपिक विवेक मुकेश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

राजभवन में 07 से 09 फरवरी तक आयोजित होगी फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी

बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राजभवन प्रांगण, लखनऊ में 07 से 09 फरवरी 2025 को प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के इच्छुक कृषक अपने फल, शाकभाजी एवं पुष्प के उत्कृष्ट कोटि के नमूनों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित करने हेतु बेबसाइट यूपीफ्लावरशोएलके ओ डाट कॉम पर पंजीकरण कराकर शुल्क आनलाइन शुल्क जमा करने के पश्चात प्रविष्टि कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। श्री चौधरी ने बताया कि पुरस्कार हेतु प्रदर्शनी का निरीक्षण 06 फरवरी 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे किया जायेगा। कृषकों को 06 फरवरी 06 फरवरी 2025 को प्रातः बजे तक प्रविष्टियां निर्दिष्ट स्थान लगानी होंगी। श्री चौधरी ने बताया कि प्रदर्शनी हेतु दिशा-निर्देश एवं श्रेणी आदि से सम्बन्धित सहायता के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच के कार्यालय अथवा योजना प्रभारी पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

रेलवे स्टेशन पर उमड़ा जनसैलाब

इटावा। मौनी अमावस्या के शाही स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से इटावा रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आगरा, मध्य प्रदेश और आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों को स्टेशन पर पहुंचना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव व सिटी मजिस्ट्रेट के साथ रेलवे स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से शांति बनाए रखने की अपील की और सुरक्षा बल तैनात किए गए। भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई नानस्टाप ट्रेनों का ठहराव और कुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया लेकिन यात्रियों की संख्या के सामने यह व्यवस्था भी कम पड़ गई। कई यात्रियों को कन्फर्म टिकट होने के बावजूद ट्रेन में जगह नहीं मिली। कुछ ट्रेनों के दरवाजे न खुलने पर यात्रियों ने खिड़कियों और दरवाजों को लातघूसे मारकर खोलने का प्रयास किया। कई श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर ट्रेन के दरवाजों पर लटककर यात्रा करते देखे गए। डीएम ने रेलवे अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। देर रात तक विभिन्न ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रयागराज भेजा गया।

करदाता 5 तक लें 100 प्रतिशत पेनाल्टी माफ योजना का लाभ

- ओटीएस योजना में अब तक 295 वाहन स्वामियों से 73 लाख बकाया टैक्स जमा
- कर्मचारियों द्वारा लगातार दी जा रही घर-घर दस्तक

बाराबंकी। परिवहन विभाग द्वारा वाहन स्वामियो को बकाया टैक्स मे लगने वाली पेनाल्टी (शास्ति) पर 100 प्रतिशत छूट देने हेतु चलाई जा रही एक मुश्त शास्ति समाधान योजना का लाभ 5 फरवरी तक है। निर्धारित अवधि के अन्दर योजना का लाभ न लेने वाले वाहन स्वामियो को पूरी रकम जमा करना पड़ेगा। जिसको लेकर परिवहन विभाग के बाबूओ द्वारा योजना के सम्बन्ध मे घर-घर दस्तक देकर वाहन स्वामियो को लगातार जागरुक किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि जनपद मे लगभग 3000 वाहनो पर 12 करोड़ बकाया टैक्स है। जिन पर 11 करोड़ पेनाल्टी लगी हुई है। तथा उनके खिलाफ आरसी जारी की जा चुकी है। अब तक 295 वाहन स्वामियो ने ओटीएस योजना का लाभ लेते हुये लगभग 73 लाख रुपये टैक्स जमा किया है। ओटीएस योजना की जानकारी देने हेतु कर्मचारियो द्वारा घर-घर दस्तक भी दी जा रही है। तथा वाहन स्वामियो को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। एआरटीओ ने आगे कहा कि जनपद के समस्त वाहन स्वामी 5 फरवरी तक ओटीएस योजना के अन्तर्गत बकाया टैक्स पर लगने वाली पेनाल्टी (शास्ति) पर 100 प्रतिशत छूट का लाभ अवश्य उठाये।

जिले में 10 फरवरी को समारोह पूर्वक आयोजित किया जाय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवसः डीएम

बहराइच। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु मंगलवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ 76वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में सम्मानित हुई ग्राम भैसाही हुजूरपुर निवासी आशा सत्या सिंह को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड की अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति में सुधार लाने का निर्देश देते हुए सबसे खराब प्रगति वाले ब्लाक के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा 70 वर्ष से ऊपर के समस्त लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड निर्माण में तेजी लाये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में अंधता निवारण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि मोतियाबिन्द का आपरेशन लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 23 प्रतिशत है। प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित नोडल अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने एवं आपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 3485 बच्चे दृष्टिदोष से ग्रसित पाये गये है। जिसमें 1855 बच्चों को चश्मा वितरण कर दिया गया है। शेष बच्चों को शीघ्र चश्मा उपलब्ध करा दिया जायेगा। साथ ही वृद्धों के चश्मा वितरण के सम्बंध में अवगत कराया कि 1743 के सापेक्ष शत प्रतिशत वृद्धों को चश्मा वितरण करा दिया गया है। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि दृष्टिदोष से चिन्हित शत प्रतिशत बच्चों को शीघ्र चश्मा उपलब्ध कराया जाय। बायोमेडिकल वेस्ट की समीक्षा में पाया गया कि सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों/पैथालोजी सेण्टरों के द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में दिलाई बरती जा रही है समय से बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण न होने से प्रदूषण एवं जानवरों आदि को बीमारी होने का खतरा उत्पन्न हो रहा है। उक्त के सम्बंध में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं उपस्थित चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि समस्त सरकार चिकित्सालयों एवं निजी पैथालोजी सेण्टर, चिकित्सालयों को कड़ी चेतावनी जारी की जाय कि प्रतिदिन बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण सम्बन्धित फर्म, बायो स्टेप्म के माध्यम से अवश्यक कराये। यदि कहीं पर भी बायोमेडिकल वेस्ट बाहर जलता या कूडे में फेंका पाया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पीपीआईयूसीडी में जिला महिला चिकित्सालय की अत्यन्त कम प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित नोडल अधिकारी को चेतावनी पत्र जारी करने एवं प्रगति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही निरन्तर समीक्षा करते हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम में आपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत माह जनवरी से संचालित 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजी अभियान की समीक्षा में उपस्थित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक सम्भावित टीबी रोगियों के स्पूटम/टू-नाट/एक्स-रे के माध्यम से जांच कर निक्षय पोर्टल पर रिपोर्ट समय से अपलोड करें। साथ ही क्षय ग्रस्त रोगियों को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के माध्यम से गोद दिलवाकर निक्षय मित्र पोर्टल पर सूचना अपलोड करें। अभियान के दौरान विशेषरूप से सीएचसी द्वारा मात्र 19 क्षय ग्रस्त रोगियों का चिन्हांकन करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सम्भावित मरीजों की सही से जांच करें जिससे अधिक से अधिक मरीजों का चिन्हांकन हो सके।

डीएम ने उपस्थित अधीक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक सीएचसी पर रोस्टर के आधार पर कार्मिकों द्वारा साफ-सफाई की व्यवस्था की जाय। कम्बल, चादर, पेयजल, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।

32 वर्षीय महिला हुई लापता, गुमशुदगी दर्ज

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र में एक 32 वर्षीय महिला के लापता होने की सूचना सामने आई है। गुमशुदा महिला श्रीमती फूलन देवी पुत्री सत्यदेव, ग्राम व पोस्ट धनुवा, थाना जसवंतनगर की रहने वाली हैं। सूचना के अनुसार, 19 जनवरी 2025 को फूलन देवी अपने घर से जसवंतनगर बाजार आई थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें काफी तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उनके परिजन हरिशंकर द्वारा 21 जनवरी 2025 को थाना जसवंतनगर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और जनता से अपील की गई है कि यदि किसी को भी इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

संक्षेप

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

जगदीशपुर, अमेठी। अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल मे भर्ती कराने पर चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत जाफरगंज स्थित गल्ला मंडी के समीप घटना उस वक्त घटी जब दिनेश कुमार मिश्रा उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी पूरे पृथ्वी सिंह थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर जो अज्ञात वाहन की चपेट मे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

दी गयी जानकारी

अमेठी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्या ने बताया कि महिला कल्याण विभाग से, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव द्वारा साइबर क्राइम, बाल अधिकार, बाल अपराध संरक्षण अधिनियम की जानकारी मॉडल इंग्लिश शिव कुमार शैक्षिक संस्थान में दी गई, व चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर रोशन लाल द्वारा टोल फ्री नंबर 1098, 112, 181, 1076, 1090, 108 की जानकारी दी गई एवं रुचि सिंह द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

फरार आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा

अमेठी। जिले में पुलिस ने एक सप्ताह पहले युवक को गोली मार कर फरार हुए आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। हो गई। बदमाश नितिन उर्फ तन्ना के पैर में गोली लगी है उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमेठी कोतवाली पुलिस को ककवा गांव के पास बदमाश नितिन उर्फ तन्ना की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम की घेराबंदी पर तन्ना ने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में नितिन के दाएं पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। नितिन के पास एक अपाचे बाइक व तमंचा बरामद हुआ। बदमाश नितिन उर्फ तन्ना ने एक सप्ताह पहले चुनावी रंजिश में गांव के ही रहने वाले चंद्र शेखर पासी को गोली मारी थी। चंद्रशेखर का अभी भी रायबरेली के एम्स में इलाज चल रहा। मामले में पुलिस ने तन्ना समेत दो नामजद आरोपियों पर हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

किसान का बेटा बना बिहार में कृषि अधिकारी

रायबरेली। बिहार एग्रीकल्चर में अधिकारी के पद पर जनपद के लाल डॉ. जीतेंद्र वर्मा ने नियुक्ति पाई है। डॉक्टर जितेंद्र वर्मा पुत्र स्व. मैकूलाल दुबे का पुरवा बैरमपुर सलोन रायबरेली के निवासी हैं और उनका कहना है कि उनकी माता स्व. शांति देवी और गुरुजनों एवं बड़े भाईयों का आशीर्वाद है। डॉक्टर जितेंद्र वर्मा ने बताया कि बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सफलता हासिल की है। डॉक्टर जितेंद्र वर्मा ने बताया कि भारतलाल, राधेश्याम, रामकरन, धर्मराज और सभी साथियों का सहयोग प्राप्त हुआ। उनका कहना है कि माता पिता का व्यवसाय कृषि था। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा बिहार एग्रीकल्चर ऑफिसर पद पर सिलेक्शन मिला।

गोमती के तट पर उमड़े श्रद्धालु स्नान-दान कर मोक्ष की कामना

मौनी अमावस्या पर जुटी भीड़, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

सुलतानपुर (वीओएल)। बुधवार की सुबह करीब सात बजे। सीताकुंड घाट पर हजारों की भीड़, जो ठंड में गर्माहट का अहसास करा रही थी। आदि गंगा गोमती तट पर मौजूद हर कोई डुबकी लगाने को आतुर दिखा। इसके बाद पूजन, दीपदान और अन्न व गोदान। सूरज की लालिमा बढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला तेज हो गया। देखते ही देखते घाट पर खड़े होने जगह नहीं बची। दोपहर बाद तक घाट से लेकर दीवानी न्यायालय तिराहा तक सड़क पूरी तरह स्नानार्थियों से खचाखच थी। हर कोई स्नान-दान कर मोक्ष की कामना करता दिखा। लोगों का कहना है कि करीब चार दशक बाद इतनी भीड़ मौनी अमावस्या पर यहां हुई। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह भी एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की बात स्वीकार की है। सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के सहायतार्थ शिविर लगाए थे।

खूब बिकी गुड़ की जलेबी : मौनी अमावस्या के मेले का प्रमुख आकर्षण गुड़ की जलेबी रही। यहां आने वाले श्रद्धालु घर जलेबी ले जाना नहीं भूले। 80 से 100 रुपये किलो तक खूब जलेबी बिकी। वहीं, शुभ का प्रतीक माने जाने वाले सूप, चलनी, सिंदुर की भी खूब बिक्री हुई। तरह-तरह डिजाइन के सूप सौ से 150 रुपये तक बिके।

लकड़ी के सामानों की हुई बिक्री : मेले में लकड़ी के सामानों की बिक्री को दर्जनों दुकानें सजी थीं। दूर-दराज से आईं महिलाओं ने चैका, बेलन, करछुल समेत लकड़ी के सामानों की खरीदारी की। वहीं,, चाट की दुकानों पर स्नान के बाद काफी भीड़ जमा रही।

श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा रहा गोमती मित्र मंडल : मौनी अमावस्या पर सीताकुंड घाट पर आए श्रद्धालुओं को स्नान में कोई दिक्कत न हो, इसे लेकर गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। भीड़ को नियंत्रित करने से लेकर परिसर की साफ-सफाई पर सदस्यों की नजर रही। किसी श्रद्धालु को कोई दिक्कत होने पर सदस्य उसका समाधान करते दिखे।

चार दशक बाद दिखी ऐसी भीड़ : सीताकुंड निवासी ओपी सिंह, शंकर जायसवाल ने बताया की उन्होंने मौनी अमावस्या के मेले में इतनी भीड़ चार दशक पहले देखी थी। हर बार दोपहर एक बजे तक स्नान खत्म हो जाता था, इस बार तो दिन भर चला। बताया की एक लाख से अधिक लोगों ने स्नान किया होगा। प्रयागराज में महाकुंभ के चलते इस बार गोमती तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा दिखी।

सुरक्षा का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी : अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने गोमती तट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नगर पालिका पालिका अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने व्यवस्था की जानकारी ली।

महाकुंभ हादसे के बाद रोडवेज बसों का संचालन बंद, रोकी गयी ट्रेन

सुलतानपुर। महाकुंभ में हादसे के बाद बुधवार को प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या के लिए रोडवेज बसों का संचालन बंद कर दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक के निर्देश पर डिपो से 25 खाली बसें प्रयागराज से श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए भेजी गईं। बसों का संचालन न होने से श्रद्धालुओं व अन्य यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं, अयोध्या-प्रयागराज और सुलतानपुर-वाराणसी राजमार्ग पर जगह-जगह वाहनों को रोक दिया गया। इससे श्रद्धालुओं को संकट का सामना करना पड़ा। उधर, रेलवे स्टेशन पर अंत्योदय एक्सप्रेस को तीन घंटे तक रोककर रखा गया।

नहीं मिली बस, भटके यात्री

सुलतानपुर। बस स्टेशन पर प्रयागराज जाने के लिए बैठे यात्री राम सजीवन, कामता प्रसाद, विनोद कुमार ने बताया की बस के इंतजार में एक घंटे बीत गए, तब उन्होंने पूछताछ काउंटर पर जानकारी ली। कर्मी ने बताया की महाकुंभ में घटना होने की वजह से वहां के लिए बसों का संचालन बंद किया गया है। यही हाल अयोध्या जाने वाले यात्री दीन दयाल, परमेश्वर, राकेश प्रसाद, ओंकारनाथ, पूनम और विकास कुमार का रहा, जो डेढ़ घंटे से बस की प्रतीक्षा कर रहे थे। बसों का संचालन बंद किए जाने से उन्हें दिक्कतें हुईं।

ड्रिप सिस्टम का स्थलीय निरीक्षण

अमेठी। श्रीमती आरती मिश्रा निवासी ग्राम बेलखौर विकासखंड गौरीगंज के प्रक्षेत्र में स्थापित ड्रैगन फ्रूट एवं ड्रिप सिस्टम का स्थलीय निरीक्षण रणविजय सिंह जिला उद्यान अधिकारी द्वारा किया गया। कृषक को ड्रैगन फ्रूट की खेती से संबंधित समस्त जानकारी दी गई साथ ही ड्रिप सिस्टम के सुचारू रूप से संचालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। कृषक द्वारा बताया गया कि लगभग 1 एकड़ में पौधों का रोपण किया गया है। रिवुलिस कंपनी द्वारा ड्रिप सिस्टम की स्थापना कराई गई है। निरीक्षण के समय संजय यादव वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक एवं रिवुलिस कंपनी के इंजीनियर रोहित वर्मा मौजूद रहे।

चिकित्सकों का काम निराला, ओपीडी के समय कमरे मे झूल रहा ताला

गौरीगंज, अमेठी। उच्च अधिकारियों के कडे निर्देश के बाद भी केंद्र पर चिकित्सकों की चल रही मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही ओपीडी ड्यूटी के समय कमरे मे जडा ताला देखकर मरीज वापस लौट रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत जगदीशपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां बिगडी व्यवस्थाए सुधरने का नाम नहीं ले रहीं हैं आलम यह है कि मरीज जब उपचार हेतु चिकित्सकों के कमरे पर जाते हैं तो वहां ताला झूलता देख निराश होकर आसपास तलाश करते हैं तो पता चलता है कि अभी डॉक्टर साहब नहीं आए हैं कई चिकित्सक ऐसे हैं जो ओपीडी के समय अक्सर घंटो देर से पहुंचकर समय से पहले ही चलते बनते हैं वहीं कुछ तो नदारद ही रहते हैं और कमरे मे ताला झूलता रहता है बताते चलें कि पूर्व मे सीएमओ अमेठी अंशुमान सिंह के औचक निरीक्षण मे दर्जनो स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी से नदारद पाए गए थे जिनका एक दिवस का वेतन काटने का निर्देश देकर सुधरने की चेतावनी दी गई थी परंतु इन सब के बावजूद भी स्वास्थ्य कर्मियों की पुरानी आदत मे कोई सुधार ना होने से मरीजो को परेशानियों का सबब झेलना पड रहा है इसे जिम्मेदारों की ढिलाई समझी जाए अथवा मिलीभगत। गौरतलब हो कि यदि केंद्र पर चिकित्सा व्यवस्था का यही आलम चलता रहा तो आला अफसरों एवम सरकार के कडे निर्देश हवा हवाई होकर चिकित्सा व्यवस्था मे सुधार होना मुमकिन नहीं।

महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद रायबरेली में भी अलर्ट

रायबरेली। मौनी अमावस्या की रात प्रयागराज के महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद रायबरेली में भी अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन की तरफ से प्रयागराज की तरफ जाने वाला ट्रैफिक रायबरेली में ही रोका गया। बछरावां, हरचंदपुर के आईडीटीआर, आईटीआई तथा ऊंचाहार में वाहन रोके गए हैं। भीड़ कम होने के बाद शाम ट्रैफिक को बहाल किया गया।

गौरतलब है कि मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के बाद महाकुंभ में भगदड़ मच गई थी जिसमें कई लोगों की मौत की सूचना के बाद रायबरेली में भी अलर्ट कर दिया गया है। रायबरेली के होल्डिंग एरिया में बनाए गए होल्डिंग एरिया सक्रिय हो गए हैं। ऊंचाहार के चैराहे पर बैरिकेडिंग लगाकर प्रयाग जाने वाले श्रद्धालुओं को रोका गया है। प्रयागराज जा रहे नेपाल के श्रद्धालु राज बहादुर भंडारी ने बताया कि वह नेपाल से आए हैं। उनका 50 आदमी का ग्रुप है। प्रयागराज में कुछ प्रॉब्लम हो गई है। कल हम अयोध्या से आए हैं। हम प्रयाग जाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन हमें यहीं रोका गया है। एक श्रद्धालु रूपा ने बताया कि हमें रोक दिया गया है हम अयोध्या से आए हैं। हम फतेहपुर होकर अपने घर जा रहे थे। लेकिन हमें यही रास्ते में रोका गया है। जोधपुर से आए एक शख्स ने बताया कि वह प्रयागराज जा रहे थे उन्हें रायबरेली में रोका गया है। आगे जाने से हमारी बस को यहीं बछरावां में रोका गया है। हम राजस्थान से स्नान करने आए थे लेकिन हम स्नान नहीं कर पाए इसका हमें बहुत ही कष्ट है। हरियाणा से आए एक भक्त ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ महाकुंभ में मौनी अमावस्या में स्नान करने के लिए निकले हैं। लेकिन उन्हें यही रोक दिया गया है लेकिन वह जाएंगे जरूर।

पुलिस की तरफ से भी बताया गया है कि महाकुंभ की दृष्टिगत लखनऊ से रायबरेली होते हुए प्रयागराज की तरफ जाने वाले सभी चार पहिया वाहनों को रोक दिया गया है। सभी होल्डिंग एरिया में अग्रिम आदेश तक रुके रहेंगे।

कक्षा 1 से 12 तक के समस्त बोर्ड बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित समस्त विद्यालय यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई, संस्कृत बोर्ड, मदरसा एवं अन्य बोर्ड के सभी विद्यालय बंद करने के निर्देश जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा दिए गए हैं। हालांकि जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया यह निर्देश थोड़ा देर से आया। स्कूली बच्चे स्कूल पहुंच चुके थे। इसके बाद उन्हें स्कूल प्रशासन द्वारा वापस लौटाया गया।

महाकुंभ जाने वाले वाहनों को 4 बजे से गया रोका

हरचंदपुर, रायबरेली। मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर जहां श्रद्धालुओं का तांता लगा था महाकुभ में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सभी वाहनों को रोका गया वैसे तो रायबरेली की बात करे तो रायबरेली में बछरावां की किदवई पार्क में प्रशासन द्वारा वाहनो को रोका गया वही आगे बढ़े तो हरचंदपुर थाना क्षेत्र के आई डी टी आर मोटर ट्रेनिंग स्कूल में महाकुंभ जाने वाले सभी वाहनों को रोक दिया गया है और आईडीटीआर में सभी वाहनों को खड़ा कराया गया है जगह-जगह बाहर रुकने से श्रद्धालुओं में बेचैनी सी हो गई है महिलाएं पुरुष सभी श्रद्धालु महाकुंभ पहुंचने के लिए बेताब है लेकिन प्रशासन बेरीकीटिंग करके सभी वाहनों को एकत्र कर दिया है और जब तक शासन का कोई आदेश नहीं आएगा तब तक वाहनों को आगे नहीं जाने दिया जाएगा सुबह 4 बजे से ही वाहनों के जाने पर विराम लगा दिया गया है जिससे सभी श्रद्धालु अब बेचैन हैं कि कब शासन का आदेश आएगा और कब हम लोग महाकुंभ स्नान करेंगे वैसे अगर बात करें तो उत्तराखंड नेपाल दिल्ली जैसे तमाम शहरों से श्रद्धालुओं का जाना संभव हो रहा है वैसे में कुछ श्रद्धालु ने तो वापसी भी कर ली है।

डीएम व एसपी ने महत्वपूर्ण स्थलों का किया निरीक्षण

रायबरेली। मौनी अमावस्या में महाकुंभ में स्नान हेतु प्रयागराज जाने वाली भीड़ के दृष्टिगत मध्यरात्रि में डीएम हर्षिता माथुर व एसपी डॉ यशवीर सिंह ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, सिविल लाइन चौराहा, होल्डिंग एरिया आईटीआई, सारस होटल, श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए स्वागत कक्ष, महाकुंभ सहायता केंद्र व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तथा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि होल्डिंग एरिया व सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रकाश, अलाव, सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

कार और ट्रक में टक्कर, दो महिलाओं की मौत

अमेठी। अमेठी जिले के रामगंज क्षेत्र के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के सामने एक कार और ट्रक में हुई टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई तथा पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सिद्धार्थ नगर जिले से कुछ लोग एक कार पर सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ में जा रहे थे। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 बजे रामगंज थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के सामने उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। इस घटना में कार सवार माला देवी (46) और सुशील देवी (38) की मौत हो गई। इस घटना में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्रतापगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। घायल हुए एक व्यक्ति को गंभीर हालत के मद्देनजर रायबरेली स्थित एम्स में रेफर किया गया है।

शराबी पति ने पत्नी का सिर दीवार में मारा, मौत

बिजनौर। जिले के एक गांव में कथित तौर पर शराब के नशे में पति ने पत्नी का सिर दीवार में मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत सोनकर ने बताया कि मिल्क कदूस गांव में गजराज नाम के व्यक्ति ने शराब के नशे में पत्नी रिंकी (32 वर्ष) का सिर दीवार में मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों ने आठ वर्ष पहले प्रेम विवाह किया था और गजराज शराब पीने का आदी था, जिस वजह से दोनों में अक्सर झगड़ा होता था।

शबद गायन कर संगत को किया निहाल

रायबरेली। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरु नानक नगर रायबरेली में गुरमति फुलवाड़ी के अंतर्गत धार्मिक आयोजन किया गया। अकाल अकादमी बढ़ू साहब (हिमाचल प्रदेश) से आए छोटे छोटे बच्चों द्वारा धार्मिक आयोजन में तृती यंत्रों द्वारा शबद गायन कर संगत को निहाल कर दिया। तृती यंत्र श्री गुरुनानक देवजी, गुरु हरगोबिंद साहब जी, गुरु गोबिंद सिंह जी के समय में शबद गायन किया जाता था, अकाल अकादमी के बच्चों द्वारा शबद राज जोग जिन मानयो, दम दम सदा समालदा - दम न बिरखा जाए। इन्हीं की कृपा के सजे हम हैं, नहीं मोसो गरीब करोर परे आदि शबद गायन के साथ नाम सुमिरन का जाप किया। अकादमी के बच्चों ने साथ लाए यंत्रों के नाम रबाब, दिलरुबा, ताऊस आदि भी बताए। अकादमी के सभी बच्चों का स्वागत भी किया गया। धार्मिक आयोजन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र सिंह मोंगा, ज्ञानी जगरूप सिंह जी, गुरभेज सिंह सलूजा, गुरजीत सिंह तनेजा, कल्याण सिंह गांधी, हरविंदर सिंह सलूजा, चरनजीत सिंह सलूजा, तेजपाल सिंह मोगा, भूपेंद्र सिंह मोंगा, सोना सिंह मोंगा, कबीर सिंह मोंगा, अवतार सिंह गांधी, अमरीक सिंह अरोड़ा, निरवैर सिंह, लक्की सिंह, हरप्रीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

मीना मंच सुगमकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

लालगंज, रायबरेली। ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में मीना मंच सुगमकताओं का दो दिवसीय पावर एंजेल सशक्तिकरण प्रशिक्षण शुरू का समापन हुआ। इसमें कंपोजिट व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षिकाएं जो सुगमकर्ता के रूप में विद्यालयों में कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में रहकर बहुत कुछ सीखा है। 27 स्कूलों की शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राजीव ओझा ने कहा कि हमें बालिकाओं को सशक्त बनाना है तभी हम अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं क्योंकि एक बालिका दो परिवारों के निर्माण की जिम्मेदारी होती है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षिका ही बालिकाओं को शिक्षा केसाथ-साथ सही राह दिखा सकती हैं।

सफाई कर्मी हमले का चौथा आरोपी गिरफ्तार

नसीराबाद, रायबरेली। सफाईकर्मी के साथ मारपीट, लूट और जानलेवा हमले में वांछित एक और आरोपी को पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार और लोहे की रॉड के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बतातें चलें कि नसीराबाद थाना क्षेत्र के थौरी निवासी जयकरन सरोज (45) महाराजगंज ब्लॉक में सफाईकर्मी के पद पर तैनात है। बीते 2 जनवरी को वह जब ड्यूटी से वापस अपने घर को लौट रहा था। तभी गांव के बाहर पहले से ही कार में घात लगाए आरोपियों ने सफाईकर्मी का कार में जबरन भरकर अपहरण किया और 14 किमी दूर छतोह ब्लॉक के गांव पूरे भावा के पास कार से उतारकर हॉकी और लोहे की रॉड से जमकर पीटा था। साथ ही आरोपियों ने सफाई कर्मी के पास से नकदी और मोबाइल भी लूट लिया था। राहगीरों के विरोध पर आरोपी सफाईकर्मी को मरणासन्न हालत में छोड़ कर भाग गए थे। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी निर्मला देवी की तहरीर पर गांव के एक नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। बुधवार को पुलिस ने घटना में वांछित एक और आरोपी नीरज उर्फ चिरई उर्फ बब्लू को नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांधीनगर तारापुर रोड़ के पास से स्विफ्ट डिजायर यू पी 36 एम 8890 कार और लोहे की रॉड समेत उस समय धर दबोचा। जब आरोपी कहीं भागने की फिराक में था। थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर का कहना है कि घटना में वांछित अभियुक्त नीरज उर्फ चिरई उर्फ बब्लू पुत्र रामसरन निवासी माधौपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को घटना में प्रयुक्त कार और लोहे की रॉड समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार उपनिरीक्षक योगेंद्र कुमार, हेड कॉस्टेबल महेंद्र वर्मा, कॉस्टेबल प्रमोद कुमार मिश्रा, दिलीप कुमार और अरविन्द कुमार की अहम भूमिका रही।

यात्रियों की मदद के लिए संस्था ने संभाला मोर्चा, वितरित किया बिस्कुट चाय व पानी

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। रूट डायवर्जन से आसपास के जनपदों सहित अन्य प्रदेशों के तीर्थ यात्री अपने वाहनों के साथ जगह-जगह भटकते नजर आए। तीर्थ यात्रियों को स्थानीय छापर गांव की परोकार सेवा संस्था ने शाहपुर पेट्रोल पम्प पर निःशुल्क बिस्कुट चाय एवं पानी का वितरण किया। संस्था से जुड़े कार्यकताओं ने तीर्थ यात्रियों को आग्रह से निःशुल्क बिस्किट पानी और चाय पिलाया। तो तीर्थ यात्रियों ने संस्था खास करके कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। चांदा और आसपास के तमाम इलाके में बिहार हरियाणा झारखंड वेस्ट बंगाल सहित अन्य प्रदेशों की गाड़ियां आज जगह-जगह लोगों से रास्ता पूछते देखी गई। तीर्थ यात्री प्रशासन द्वारा रूट डायवर्जन को लेकर हैरान परेशान देखे गए। एक बार फिर से करोना कालखंड स्मृतियों में कौंध गया। जब इसी तरह से विभिन्न प्रदेशों के यात्री पैदल सड़कों से आते-जाते देखे गए। जिन्हें आम लोगों ने भोजन पानी आदि की व्यवस्था किया था। ठीक उसी तरह से विभिन्न प्रदेशों की गाड़ियों में बैठे तीर्थयात्री बदहाल बेहाल सड़क दर सड़क रास्ता पूछते नजर आए। संस्था के अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने बताया कि संस्था भारत के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर तीर्थ यात्रियों के लिए विविध आयोजन करती है। तीर्थ यात्रियों के लिए यह सेवा दी जा रही है।

निकाला गया जुलूस-ए-सफर मदीना लोगों ने पेश की अकीदत

सुलतानपुर (वीओएल)। इस्लामिक इतिहास की महत्वपूर्ण घटना को याद करते हुए गोराबारिक अमहट में बुधवार को जुलूस-ए-सफर मदीना का आयोजन किया गया। यह जुलूस हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार द्वारा मदीना से करबला तक किए गए ऐतिहासिक सफर की याद में निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11:00 बजे जामा मस्जिद अमहट में मौलाना काजिम मेंहदी ओरूज जौनपुरी की मजलिस से हुई। मौलाना ने इस्लाम के पैगाम और हजरत मोहम्मद के किरदार पर रोशनी डालते हुए कहा कि इस्लाम की सच्चाई को उसके अमल और किरदार से समझा जा सकता है। इसके बाद जुलूस जामा मस्जिद अमहट से प्रारंभ होकर अमहट चैराहे, सुलतानपुर रोड होते हुए मोहम्मद हादी के इमामबाड़े से गुजरकर दरगाह हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम गभड़िया पर संपन्न हुआ। जुलूस में ऊंट, घोड़े, अलम और जुलजनाह शामिल रहे, जिससे माहौल पूरी तरह आस्था से भरा नजर आया। जुलूस के दौरान मौलाना मोहम्मद जाफर खान, मौलाना मुशीर अब्बास खान, मौलाना नकी रजा जैदी, मौलाना कलबे हसनैन खान, मौलाना सैयद हबीब हैदर और गजनफर अब्बास तूसी ने तकरीर कर इस ऐतिहासिक घटना के महत्व पर प्रकाश डाला। हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान ने बताया कि यह जुलूस उस घटना की याद में निकाला जाता है जब 28 रजब, 60 हिजरी को हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ मदीना से करबला के लिए रवाना हुए थे। 10 मोहर्रम, 61 हिजरी को उन्होंने अपने 72 साथियों के साथ शहादत देकर इंसानियत और इस्लाम की रक्षा की थी। इस मौके पर सुलतानपुर और आसपास के इलाकों से आए श्रद्धालुओं ने अकीदत के साथ हिस्सा लिया और इस ऐतिहासिक यात्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

20 लाख तक ऋण लेकर कृषि कारोबार शुरू करें युवा

अमेठी। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रायोजन से तथा नेशनल इंस्टीयूट आफ एग्रीकल्चर एक्स्टेंषन मैनेजमेंट हैदराबाद के सक्रिय सहयोग से सीटेड कार्यालय रोड नम्बर चार पर प्रषिक्षण का समापन 34 प्रतिभागियों हेतु किया गया, जिसका समापन राजीव कुमार पांडे, जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बडौदा, अमेठी, दिलीप कुमार, मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, जगदीशपुर अमेठी, इंजीनियर संजय सिंह, निदेशक सीटेड, डॉ नवनीत मिश्रा हेड कृषि विज्ञानं केंद्र कठोरा डॉ आनंद ओझा, पूर्व निदेशक, सिविल हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा किया गया। इस अवसर पर नोडल आफीसर राकेश शुक्ला व प्रज्जवल सिंह, कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित थे। यह प्रषिक्षण कार्यक्रम बीते वर्ष 16 दिसंबर से २९ जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव कुमार पांडे जिला अग्रणी प्रबंधक ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के बगैर विकास करना मुष्किल हैं, तकनीकी ज्ञान सीखकर आप एग्रीकल्चर संबंधित उद्योगों की स्थापना करें और अपने साथ-साथ अन्य लोगों को रोजगार दें, तभी विकास को गति मिल सकेगी। यह कार्य सीटेड करा रही है जो कि अपने आप में एक उपलब्धि हैं आप इनके अनुभव का भरपूर फायदा उठायें। उन्होंने आगे कहा की आप लोग २० लाख तक ऋण लेकर के कारोबार शुरू करे और अपने साथ अन्य युवावो को रोजगार प्रदान करे।

मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉ आनंद ओझा, पूर्व निदेशक, सिविल हॉस्पिटल लखनऊ ने कहा कि यह निश्चित ही यह चुनौती का क्षेत्र है लेकिन आप रिस्क लेते हुए कार्य करिए और पूरी मेहनत व समर्पण भाव के साथ करेगें तो सफलता आपके कदम चूमेगी। अपने व्याख्यान में दिलीप कुमार बैंक ऑफ बरोदा जगदीशपुर अमेठी, ने कहा कि मैनेज संस्था द्वारा प्रदान किया जा रहा प्रषिक्षण बहुत ही उपयोगी हैं इसके माध्यम से आप कहीं भी अपनी इकाई की स्थापना कर सकते हैं। संस्थान के निदेशक इंजीनियर संजय सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण आपको दिशा देने के लिए पर्याप्त हैं इससे आप में आत्मविष्वास आ गया हैं अब आप अपनी इकाई को स्थापित करने में सहूलियत मिल सकेगी। उन्होने आगे कहा कि इस प्रषिक्षण का मुख्य उददेष्य आपके अन्दर उद्यमिता का विकास करना है जो कि संस्थान ने किया है अब इसे आत्मसात करने की जिम्मेदारी आपकी है। कृषि विज्ञानं केंद्र कठोरा डॉ नवनीत मिश्रा हेड ने युवावो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा की आप कृषि के क्षेत्र में उद्योग लगाए यहाँ पर अपर सम्भावनाये है। संस्थान के नोडल आफीसर राकेश शुक्ला ने कहा कि आप लोग सबसे पहले बैंको में संपर्क करे और हमें बताये जिससे की हम बैंको को फाइल भेज सके।

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

सुलतानपुर (वीओएल)। माई भारत/नेहरू युवा केंद्र की ओर से दो दिवसीय जिलास्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता कराई गई। राणाप्रताप पी.जी. कॉलेज के मैदान पर पांच क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के खिलाड़ियों व टीमों ने प्रतिभाग किया। समूह खेल में कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई। विधायक प्रतिनिधि पुलकित सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। बालिका वर्ग की कबड्डी में शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स की टीम विजेता व राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज की टीम उपविजेता रही। वहीं, बालक वर्ग की वॉलीबॉल में दूबेपुर टीम विजेता और मोतिगरपुर टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में धम्मौर के प्रभात ने प्रथम, बभनगवां के हरिकेश त्यागी द्वितीय व मोतिगरपुर के अभिनाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में लोनियापुर की उजाला पाल ने प्रथम, जयसिंहपुर की सेजल पाल द्वितीय व जयसिंहपुर की दिली यादव ने तृतीय स्थान पाया। बालक वर्ग 1600 मी. दौड़वर्ग में मोतिगरपुर के अमन कुमार चैबे प्रथम, बल्दीराय के अंकित कुमार द्वितीय व मोतिगरपुर के चंचल तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग बैडमिंटन में निधि प्रथम, संध्या द्वितीय व अंशू तृतीय स्थान पर रहीं। विधायक प्रतिनिधि पुलकित सिंह व राणाप्रताप पी.जी कॉलेज के प्राचार्य डी. के त्रिपाठी ने विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। रेफरी के रूप में ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह, विशाल पाण्डेय, यश यादव, दिनेश तिवारी रहे। संचालन एनवाईवी अंकित मिश्र ने किया, जबकि विशेष सहयोग लेखा एवं कार्यक्रम सहायक विनय मिश्र का रहा। इस मौके पर राधेश्याम तिवारी, सचिन पाण्डेय, दीपक सिंह, मुकेश यादव, सगीर अहमद, अंजलि दुबे, मानसी यादव, अंजू पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

आगरा। बरहन थाना क्षेत्र में एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सनी यादव को पुलिस ने वास केसो मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। विगत 27 जनवरी को पीड़िता ने इस मामले में थाना बरहन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस उसी समय से आरोपी सनी यादव की तलाश में थी। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सनी वास केसो मोड़ पर खड़ा है। पुलिस ने वहां पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सनी यादव मूल रूप से फिरोजाबाद के दक्षिण थानांतर्गत प्रेमपुर, रहपुरा का निवासी है और वर्तमान में वास केसो में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

कोटवन से अवैध कब्जे हटाये जायें : सीडीओ

मथुरा। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने कलेक्ट्रेट सभागार में इनवेस्टर्स समिट की समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कोटवन से अवैध कब्जे हटाए जाएं। इन्वेस्टर्स द्वारा कोटवन में अवैध कब्जे करने से अवगत कराया गया था। क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी सीडा को तिथि निर्धारित करते हुए कब्जे को हटवाए जाने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त संबंधित विभागों को इन्वेस्टर की समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित करते हुए आगामी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास जिला उद्योग बन्धु समिति बेदक अधिकारी द्वारा उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करते हुए कोसी कोटवन में सफाई कार्य नहर पर पुल बनाने का कार्य गौर उद्योग केंद्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए।

कांग्रेसियों ने महाकुंभ में मृतकों की आत्मशांति की प्रार्थना की

मथुरा। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय जी पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के द्वारा इलाहाबाद में महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ में हादसे हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए तथा घायलों के स्वास्थ्य लाभ के लिए, गऊघाट यमुना मैया से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा निवर्तमान जिला अध्यक्ष चैधरी भगवान सिंह वर्मा के आवश्यक कार्य से बाहर होने के कारण से कार्यवाहक जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में कैण्डल मार्च किया तथा यमुना मैया से मृतकों की आत्मा की शांति की कामना की गई तथा घायलों के शीर्ष स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई महाकुंभ के दौरान हुई घटना के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया गया और प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार से मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड रुपए आर्थिक सहायता व एक परिजन को नौकरी व घायलों को 50-50 लाख रुपए दिए जाने की मांग की गई यह घटना योगी व केन्द्र सरकार की नाकामियों का नतीजा है अगर योगी सरकार का सही इंतजाम करती तो यह दुर्घटना नहीं होती राष्ट्रपति को योगी सरकार को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। इस अवसर पर ने वर्तमान ठा नरेश पाल सिंह जसावत महासचिव मुकेश सिसोदिया दीपक शर्मा मनोज कुमार शर्मा राजू अब्बासी विनोद आर्य अशोक शर्मा दीपक पाठक गिर्राज सिंह छोकर बनवारी लाल बंटी सिद्दकी सलमान अखलाक चैधरी लोकेश शर्मा विनोद आर्य राजकुमार तिवारी ठाकुर साहब सिंह रामभरोशी आदि सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

डीएम व एसएसपी ने धार्मिक स्थलों का किया निरीक्षण

मथुरा। महाकुंभ में भगदड़ मचने की घटना के बाद समूचे यूपी में शासन ने धार्मिक क्षेत्र वाले जनपदों के अधिकारियों को दौड़ा दिया। इसी के चलते मौनी अमावस्या पर बुधवार वार को ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शन के लिए भारी भीड़ रही। सुबह पट खुलने के साथ ही मंदिर परिसर ठाकुर श्रीबांकेबिहारी के जयकारों से गूंज उठा। जिलाधिकारी सीपी सिंह एसएसपी शैलेश पांडेय के साथ व्यवस्था संभालने वृंदावन पहुंच गए। मौनी अमावस्या पर देश के कोने-कोने और ग्रामीण अंचल से श्रद्धालु मंदिर आए। यमुना में स्नान के बाद भक्तों ने बांके बिहारी महाराज के दर्शन कर भक्त निहाल हुए। मौनी अमावस्या पर मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ी भीड़ के चलते पुलिस की व्यवस्था चरमरा गई। मंदिर प्रांगण के साथ-साथ मंदिर को पहुंचने वाली गलियां भक्तों से भरी हुई थीं। इधर, ठाकुर राधावल्लभ मंदिर, राधारमण मंदिर, राधा-श्याम सुंदर, इस्कॉन और प्रेम मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने यमुना स्नान कर वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा दी। परिक्रमा मार्ग राधे-राधे और ठाकुर बांकेबिहारी के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था।

प्रयागराज में कुंभ में हुयी भगदड़ के बाद शासन के निर्देश पर तीर्थ स्थल क्षेत्र पर अधिकारियों ने दौड़ लगा दी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देख जिलाधिकारी सीपी सिंह और डीआईजी/एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने पुलिस अधिकारियों के साथ वृन्दावन पहुंचकर बिहारी जी मंदिर और आस-पास के क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर व्यवस्था को परखा और यातायात-भीड़ को नियंत्रण करने के लिये ड्यूटी पर लगे पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

- जिला कारागार के बैरक, रसोईघर, चिकित्सालय आदि को चैक कर बंदियों हेतु व्यवस्थाओं की जानकारी ली

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए बंदियों की संख्या की जानकारी ली, जिसपर अवगत कराया गया है कारागार में 1465 बंदी है।

अधिकारियों ने रसोई घर / पाकशाला का निरीक्षण किया, जहां पर खाना बन चुका था तथा किचेन की पूरी साफ सफाई की जा चुकी थी। जिलाधिकारी रसोई घर में साफ-सफाई से संतुष्ट नजर आए। इसके बाद जेल चिकित्सालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सभी बंदी मरीजों से अलग अलग बातचीत भी की गई और उनसे स्वास्थ्य व इलाज के बारे में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने समस्त मूल भूत सुविधाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए। खाने-पीने, रहने अथवा अन्य कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। बैरकों व जेल परिसर में साफ-सफाई अच्छी पाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल कूद जैसे टेबल टेनिस, वॉली बॉल आदि कराते रहे। जेल में उपस्थित बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करे, जिसपर अवगत कराया गए कि बीएसए के माध्यम से शिक्षक पढ़ाने आते है।

जिलाधिकारी ने महिलाओं हेतु हाइजीन किट की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों तथा जैमर की भी जानकारी ली।

अभाविप की सील यात्रा के प्रतिनिधियों का किया स्वागत

टूंडला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की सील यात्रा अंतराज्यीय छात्र जीवन दर्शन ब्रज की पावन धरा में पधारने पर भव्य स्वागत का आयोजन टूंडला स्टेशन पर भाजपा फिरोजाबाद व अभाविपके कार्यकताओं द्वारा किया गया। सील विद्यार्थी परिषद का प्रकल्प है यह यात्रा एक अंतरराज्यीय छात्र जीवन दर्शन की राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा है, जिसका उद्देश्य भिन्न-भिन्न राज्यों की संस्कृति शिक्षा व्यवस्था चिकित्सा व्यापार एवं भाषा शैली आदि समझना है। बुधवार को यात्रा में आए मेघालय असम मिजोरम मणिपुर अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नागालैंड एवं सिक्किम ऐसे 8 राज्यों से कुल 30 प्रतिनिधि विद्यार्थी टूंडला जंक्शन पर पधारे जहां समस्त फिरोजाबाद टूंडला एवं आगरा के कार्यकताओं सहित समाज के गणमान्य जनों द्वारा अतिथि विद्यार्थियों का ढोल नगाड़ों के साथ मालाएं पटका एवं साफा पहना कर एवं पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। टूंडला जंक्शन पर मुख्य रूप से अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल श्रीवास्तव, विभाग संगठन मंत्री आकाश राठौड़, प्रांत उपाध्यक्ष तेजवंत पूर्व में अभाविप के विभाग संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रहे भाजपा जिला फिरोजाबाद के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन टूंडला रेलवे हेरिटेज कोच प्रतिष्ठान के मालिक एवं टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह, पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री रहे पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता दीपक ठैनुआ प्रदीप जैन टाइगर, गिरवर निषाद विकास वाल्मीकि, विनोद कुमार विष्णु तिवारी गौरव सिसोदिया जिला प्रमुख अनिल सागर राज पलिया आगरा महानगर संगठन मंत्री गौरव यादव मनमोहन सिंह प्रियंका तिवारी पंकज मिश्रा अर्जुन बघेल महिमा सपना, तान्या आदि लोग उपस्थित रहे।

मुठभेड़ में दो अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दो शातिर लुटेरे अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, दोनों घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना शिकोहाबाद प्रदीप कुमार को चेकिंग के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि स्प्लेन्डर मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट पर तीन संदिग्ध लडके रात्रि के समय में सर्राफ बाजार में मुँह पर कपडा बाँधे घूम रहे है, सर्राफा बाजार में वो कई बार घूम कर निकल कर गये है, वो किसी घटना करने की फिराक में हैं और उनके पास अवैध असलाह भी हो सकते हैं। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद ने उ0नि0 विजय गोस्वामी के नेतृत्व में एक टीम को सर्राफा बाजार में चैकिंग हेतु भेजा गया तो उ0नि0 विजय गोस्वामी की पार्टी को देखकर मोटर साईकिल सवार तीन लडके सर्राफा मार्केट से नौशेरा की तरफ भागे और जिनका पीछा पुलिस पार्टी द्वारा किया गया। साथ ही प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद ने चैकिंग हेतु कन्ट्रोल रूम को बताया और स्वयं प्र0नि0 शिकोहाबाद ने भी बदमाशों की मोटर साइकिल का पीछा किया और असुआ मोड पर मोटर साईकिल सवारों ने पुलिस पार्टी के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में अभियुक्तगण के पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायलों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल भेजा गया व एक युवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया है, फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार दोनों घायल अभियुक्तों की पहचान अभिषेक पुत्र रामफल सिंह यादव निवासी नगला वैध थाना मटसैना जनपद फिरोजाबाद, आकाश पुत्र चन्द्रप्रकाश यादव निवासी सारंगपुर थाना फतेहाबाद जनपद आगरा के रूप में हुई। जिनसे अभियुक्त आकाश के कब्जे से एक तमंचा दो खोखा कारतूस एक जिंदा कारतूस व अभियुक्त अभिषेक के कब्जे से एक तमंचा तीन खोखा कारतूस एक जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन व एक बिना नम्बर की स्प्लेंडर मोटर साइकिल बरामद की गई है। थाना पुलिस ने गिरफ्तार बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की हैं।

सांसद सहित कई दिग्गजों ने किया अमृत स्नान

मथुरा। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने भाजपा सांसद हेमा मालिनी, जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी, भागवताचार्य देवकीनंदन ठाकुरजी पहुंचे, यहां उन्होंने आस्था की डुबकी लगाते हुए अमृत स्नान किया और पूजा अर्चना की। सांसद हेमामालिनी ने यह स्नान जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज व योग गुरु बाबा रामदेव के संतों के साथ किया। सांसद हेमा का अमृत स्नान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी अन्य दिग्गजों ने भगदड़ की घटना पर कहा घायल लोगों के लिए प्रार्थना करते हुए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ पावन स्नान किया है, सभी दैवीय शक्तियों से प्रार्थना की है।

सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस शुभ दिन पर स्नान करने का अवसर मिला। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी अमृत स्नान किया। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी संगम में बुधवार सुबह पवित्र स्नान किया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं, मुझे ऐसा अनुभव पहले कभी नहीं हुआ। आज का दिन बहुत खास है, मैं आज पवित्र स्नान कर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। वहीं त्रिवेणी संगम में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी आस्था के साथ अमृत स्नान करने के बाद कहा कि आज हमने गंगा पूजन किया और लोगों की शांति और समृद्धि के लिए पूजा की, मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को स्नान के लिए किए गए सभी इंतजामों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मौनी अमावस्या के अवसर पर आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर ने भी डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि आज वह संगम घाट पर नहीं गया क्योंकि वहां भीड़ बहुत ज्यादा है, पूरी गंगा और यमुना की धारा में अमृतबह रहा है, अगर आप कहीं भी गंगा या यमुना में स्नान करेंगे तो अमृतआपको प्राप्त होगा। ये आवश्यक नहीं है कि संगम में ही आपको डुबकी लगानी है।

सपा नेताओं ने पीडीए चौपाल लगा सुनीं लोगों की समस्याएं, दिया भरोसा

आगरा। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने मंगलवार को पीडीए चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान भाजपा सरकार पर कई आरोप भी लगाए। साथ ही लोगों को उनकी समस्याओं को दूर करने का उनको भरोसा भी दिया। समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा छावनी स्थित मुस्तफा क्वार्टर में सपा प्रदेश सचिव नितिन कोहली के नेतृत्व में पीडीए चौपाल लगाई गयी। जिसमें लोगों की समस्याओं को सुना और हर संभव दूर करने का भरोसा भी दिया गया। सपा प्रदेश सचिव नितिन कोहली ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान सरकार अल्पसंख्यकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इस सरकार में लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है और हर कोई अपने आप को छला महसूस कर रहा है। वहीं वरिष्ठ सपा नेत्री ममता टपलू ने कहा कि भाजपा सरकार में अल्पसंख्यक ही नहीं महिलाओं की भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं को घर से निकलने में भी डर लगने लगा है और ऐसी सरकार को आने वाले समय में जनता मुंह तोड़ जवाब देगी। पीडीए चौपाल के दौरान प्रमुख रूप से खेमचंद, दीपक यादव, सागर यादव, मनीष कुमार, रामनरेश यादव, राजेश दिवाकर, नासिर खान, पूर्व पार्षद श्याम भोजवानी, सपा व्यापार सभा जिलाध्यक्ष राजीव पोद्दार, सुनील यादव, मनोज राठौर, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

दो गैंगस्टरों की 97 लाख की संपत्ति कुर्क

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों पर लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही के अंतर्गत बुधवार को अलग अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो गैंगलीडर गैंगरस्टर अभियुक्तों की 97 लाख 58 हजार रुपए की चल अचल संपत्ति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। थाना एका पुलिस ने बल्वा हत्या एवं मारपीट तथा आपराधिक अभित्रास जैसे अपराध कारित करने वाले गैंगलीडर अभियुक्त प्रवीन यादव की गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरोहबंद अधिनियम के अन्तर्गत 16 लाख 30 हजार रुपए की अचल सम्पत्ति को मौके पर जाकर कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। गैंगलीडर अभियुक्त प्रवीन यादव द्वारा लगातार अपराध कारित कर अवैध चल अचल सम्पत्ति अर्जित की गयी थी, गैंगलीडर अभियुक्त प्रवीन यादव पर जनपद के विभिन्न थानों में गम्भीर धाराओं में आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। वहीं थाना उत्तर पुलिस ने चौथ वसूली अपहरण हत्या का प्रयास षड़यंत्र, धोखाधड़ी, हेराफेरी, छल कपट व कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी बैनामा कराने वाले गैंगलीडर हिस्ट्रीशीटर अपराध माफिया अभियुक्त साजिद खान की गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत 81 लाख 28 हजार दो सौ चालीस रुपए की अचल सम्पत्ति को मौके पर जाकर कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त साजिद खान द्वारा लगातार अपराध कारित कर अवैध चल अचल सम्पत्ति अर्जित की गयी थी। जिस पर जनपद के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक अभियोग हैं पंजीकृत हैं। पूर्व में अभियुक्त साजिद खान की गैंगस्टर एक्ट में गिरोहबंद अधिनियम की अन्तर्गत तीन बार में 03 करोड़ 25 लाख 51 हजार नौ सौ बीस रुपए की चल अचल सम्पत्ति को कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है। गैंगलीडर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त साजिद खान को पुलिस ने अपराध माफिया के रूप में घोषित किया है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री की भर्ती प्रक्रिया, चयन समिति ने किया सत्यापन कार्य

मथुरा। जनपद में माह मार्च 2024 में 315 आंगनबाडी कार्यकत्री के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। जिसमें से बाद में न्यायालय के आदेश के क्रम में 08 पदों पर प्रतिचयन होने के फलस्वरूप 307 पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही निर्धारित की गयी। माह अप्रैल 2024 में आचार संहित प्रभावी होने के कारण प्राप्त आवेदनों पर चयन की कार्यवाही पर रोक लगा दी गयी थी। गतमाह निदेशालय द्वारा पोर्टल पर प्राप्त हुए आवेदनों पर अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु पोर्टल खोला गया। जिसके उपरान्त पोर्टल पर प्राप्त हुए समस्त आवेदनों को डाउनलोड कर सत्यापन करने तथा मेरिट बनाने का कार्य चयन समिति द्वारा प्रारम्भ किया गया है। जिसका प्रथम चरण 22 जनवरी25 को सम्पन्न हुआ था।

इसी क्रम में बुधवार द्वितीय चरण में 7 परियोजनाओं क्रमशः शहर ,नौहझील ,गोवर्धन ,नंदगांव ,बलदेव ,छाता एवं फरह के कुल 65 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वरीयता सूची में आने वाले 144 आवेदकों के आय, जाति,निवास एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन का कार्य जनपद स्तरीय चयन समिति एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा राजीव भवन सभागार में किया गया। समिति ने निर्धारित किया कि जिन अभ्यार्थियों का चयन बी0पी0एल0 श्रेणी में वरीयता के आधार पर हो रहा है, वह 15 दिवस के भीतर स्वंय के नाम का आय प्रमाण पत्र निर्गत कराते हुए प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिन्होंने अपना ई0डब्ल्यू0एस0 प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया है, वह भी 15 दिवस के भीतर अपना प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे। यदि किसी अभ्यर्थी ने आनलाइन आवेदन पत्र में शैक्षणिक प्राप्तांक अलग लिखा है तथा अभिलेखों में अलग हैं, तो गलत सूचना के आधार पर उनका चयन निरस्त माना जायेगा। आवेदकों द्वारा आवेदन फॉर्म भरते समय जो अभिलेख अपलोड किए गए हैं, चयन समिति द्वारा केवल उन्हीं का सत्यापन किया जाएगा और निर्णय उसी के आधार पर लिया जाएगा। किसी भी प्रकार का ऑफलाइन अभिलेख या दस्तावेज अब स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उक्त के अतिरिक्त समिति के समक्ष अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आगामी 27.01.2025 को उपस्थित होने हेतु अवसर प्रदान किया गया है। जनपद स्तरीय चयन समिति में जिला विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा खरे ,अवर अभियंता ,माइनर इरीगेशन- श्री विकास कुमार ,जिला पंचायत राज अधिकारी किरण चैधरी और सदस्य सचिव- जिला कार्यक्रम अधिकारी ,श्रीमती बुद्धि मिश्रा एवं सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रत्येक अभ्यर्थी के अभिलेखों का बारीकी से सत्यापन किया तथा अगले चरण में पुनः 10-10 केन्द्र प्रति परियोजना के अनुसार दिनांक-05.02.2025 को समिति के समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। आज 36 आवेदक अनुपस्थित रहें। अनुपस्थित आवेदक यदि आगामी बुधवार को जनपद स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा और द्वितीय वरियता वाले अभ्यर्थी को अवसर दिया जाएगा।

अ.भा. जाट महासभा की बैठक संपन्न

मथुरा। आज अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक का आयोजन राजेश चैधरी अध्यक्ष अखिल भारतीय जाट महासभा की अध्यक्षता में उनके निवास नरसीपुरम पर किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चै. प्रताप सिंह पूर्व विधायक उपस्थित रहे। अखिल भारतीय जाट महासभा के युवा जिला अध्यक्ष कृष्णा चाहर, सैनिक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष कैप्टन विक्रम सिंह, विधि प्रकोष्ठ का अध्यक्ष देवेंद्र सिंह वर्मा एडवोकेट को मनोनीत किया गया। सभा का संचालन मुख्य महासचिव राजवीर सिंह नौहवार ने किया। मुख्य अतिथि चै. प्रताप सिंह ने जाट महासभा को गाँव गाँव तक मजबूत करने और पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष राजेश चैधरी ने जाट आरक्षण को केंद्रीय सेवाओं में दिलवाने के लिए आंदोलन करने सुझाव दिया। चौ. रामवीर सिंह बल्टिकारी ने जाटों के इतिहास और बलिदान पर प्रकाश डाला।

तीर्थयात्रियों के आगरा आगमन पर किया स्वागत महाकुंभ के लिए आवागमन निरंतर जारी

आगरा। मंगलवार को जोधपुर (राजस्थान) से तीर्थ यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश को आए तीर्थ यात्रियों (कुम्भट परिवार) का आगरा आगमन पर समाजसेवी संगीता-संदेश सकलेचा एवं अन्य लोगों ने उनका स्वागत सत्कार किया। वहीं जैन सोशल ग्रुप के संस्थापक/अध्यक्ष समाजसेवी संदेश जैन ने बताया कि उल्लेखनीय है कि महाकुंभ, श्रीराम लला मंदिर दर्शन अयोध्या, वाराणसी आदि के लिए दर्शनार्थियों का आवागमन निरंतर जारी है। जोधपुर राजस्थान से तीर्थ यात्रा के लिए आए कुम्भट परिवार के आगरा आगमन कर पर उनका प्रेम भाव से स्वागत सत्कार किया गया। यह तीर्थ यात्रियों के आगमन तक जारी रहेगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

फिरोजाबाद। जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन और डाइट प्राचार्य बिजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को ए.आर.पी.की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन डाइट परिसर में किया गया। जिसमें, डाइट प्राचार्य ने सभी ए.आर.पी. से उनके संबंधित ब्लॉक की निपुण विद्यालय की स्थति की जानकारी ली और आगामी निपुण विद्यालय बनाने की रणनीति पर चर्चा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय ने जनपद के समस्त विद्यालयों में संदर्शिका आधारित शिक्षण व सभी शिक्षकों को रीड अलॉग एप,दीक्षा एप व निपुण लक्ष्य ऐप के नियमित रूप से प्रयोग करने की बात कही। डाइट प्रवक्ता निशांत ने कक्षा कक्ष के रूपांतरण पर जोर दिया और एसआरजी जया शर्मा ने प्री प्राइमरी के बारह सप्ताह के कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

मथुरा। संस्कृति विवि में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के रूप में उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विवि के संतोष मेमोरियल ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेकर साहसी बनकर देश हित में जुटने का आह्वान किया गया।

पराक्रम दिवस पर संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अंदर नेतृत्व क्षमता और कौशल का सृजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपके अंदर ये गुण आपके सुदृढ़ भविष्य का आधार बनेंगे। इसके लिए विद्यार्थी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा ले सकते हैं जिन्होंने अनेक विपरीत परिस्थियों और बड़ी चुनौतियों का सामना कर देश हित में लंबी लड़ाई लड़ी। इससे पूर्व विवि के कुलपति प्रो.बीएम चेट्टी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. रजनीश त्यागी ने नेताजी की उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदानों पर प्रकाश डाला। विभाग प्रचारक अरुण कुमार ने नेताजी के जीवन से प्रेरणादायक बातें साझा कीं और उनकी अटूट संकल्पशक्ति और देशभक्ति को रेखांकित किया। कार्यक्रम में डीन छात्र कल्याण डॉ. डी.एस. तोमर और कुश कुमार, जिला प्रचारक, आरएसएस, कोसी, बीसीए एआईएमएल की सुश्री नंदिनी चतुर्वेदी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री ज्योति यादव द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में संस्कृति विवि के स्टूडेंट काउंसिल के पदाधिकारियों अध्यक्ष यश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष देवांश गुप्ता, अनामका बेनीवाल, महासचिव लव सिकरवार, संयुक्त सचिव महरीन फारुख को बैच लगाकर उन्हें कर्तव्य बोध के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। विवि के एनसीसी कैडेट्स द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरे सभागार में एकता और राष्ट्र प्रेम की भावना व्याप्त हो गई। कार्यक्रम का समापन डीन छात्र कल्याण डॉ. डी.एस. तोमर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियों, संकाय सदस्यों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. के के पाराशर, रतीश शर्मा, डॉ. रीना रानी, डॉ. गौरव सरवांग, डॉ. अशीष चौहान, डॉ.दुर्गेश वाधवा, डॉ.धीजेन्द, जगदीश और डॉ. मोनिका एवराल, राहुल सिंह, सहित स्टूडेंट काउंसिल, सभी क्लब प्रतिनिधि और शिक्षक-समन्वयक, एनसीसी व एनएसएस के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

नगर निगम कर्मचारी समन्वय समिति ने सौंपा सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन

आगरा। मंगलवार को नगर निगम कर्मचारी समन्वय समिति ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम में लगे संभव दिवस में अपर नगर आयुक्त सुरेन्द्र प्रसाद यादव से मिला और मिलकर सात सूत्रीय मांगों पर विस्तृत चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से क्रम संख्या एक पर अंकित सभी संवर्गों के स्थाई कर्मचारियों के लंबित पड़े एसीपी के एरियर के भुगतान पर थी। संभव दिवस में बैठे अधिकारियों से चर्चा उपरांत फैसला हुआ कि उनका भुगतान 28 फरवरी तक हो जाएगा। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद इलाहाबादी ने कहा कि लेखा विभाग आडिट विभाग और स्वास्थ्य विभाग के बीच एसीपी की पत्रावलियों को फुटबॉल बना रखा है इसलिए तीनों विभाग के अधिकारियों और लिपिकों की एक कार्यशाला लगाई जाए। जिसमें किस तरह से पत्रावलियों को तैयार करना है यह सभी लिपिकों को सिखाया जाए। जिससे बार बार आपत्ति नहीं लगे और पत्रावलियों को फुटबॉल नहीं बनना पड़े। इसपर अपर नगर आयुक्त ने कार्यशाला का आयोजन के आदेश जारी किए क्योंकि 973 पत्रावलियों को एक महीने में निपटाया जाएं संविदा सफाई कर्मचारियों के पीएफ काटने के लिए शासनादेश की मांग की सेवा निवृत्त कर्मचारियों के उसी दिन भुगतान के लिए सख्ती से निर्देश जारी किए। आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को हर हाल में 7 तारीख को वेतन भुगतान कराने के निर्देश जारी किए। वरिष्ठ एवं शिक्षित कर्मचारियों के पदोन्नति के लिए एक चयन समिति बनाने का फैसला हुआ। बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। मुलाकात के समय विनोद इलाहाबादी, श्याम कुमार करूणेश, सुन्दर बाबू, चंचल, चौधरी संतोष डागौर, मोहन गुलजार, राजकुमार विद्यार्थी, चौधरी धर्मराज, दिलीप खरे आदि मौजूद थे।

संक्षेप

सैमसंग की बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी रेंज लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज अपनी नई 2025बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स की सीरीज लॉन्च की। यह सीरीज अत्याधुनिक एआई तकनीक और प्रीमियम डिजाइन का बेहतरीन मेल है। 19मॉडलों की यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है, जो न केवल भीषण गर्मियों का समाधान प्रदान करती है, बल्कि आराम, सुविधा और ऊर्जा दक्षता का वादा भी करती है। यह सीरीज एआई-संचालित इनोवेशंस के साथ बदलते मौसम के हिसाब से खुद को ढालने में सक्षम है। विंडफ्री कूलिंग तकनीक कमरे में ठंडी हवा को सीधे शरीर पर पड़ने से रोकते हुए 23,000माइक्रो होल्स के जरिए धीरे-धीरे हवा फैलाती है। इसके एआई फास्ट और कम्फर्ट कूलिंग फीचर से कमरा तेजी से ठंडा होता है और फिर बिजली बचाने के लिए ऊर्जा-कुशल सेटिंग्स पर शिफ्ट हो जाता है।

स्कोडा काइलैक लॉन्च

नई दिल्ली। स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी पहली सब-4-मीटर एसयूवी, काइलैक को भारत में आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह लॉन्च कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और तेजी से बढ़ते भारतीय एसयूवी बाजार में स्कोडा के लिए नए रास्ते खोलता है। काइलैक स्कोडा की पहली पेशकश है, जो लोकप्रिय सब-4 मीटर सेगमेंट में उतारी गई है। यह गाड़ी भारत में स्कोडा के नए मॉडर्न सॉलिड डिजाइन लैंग्वेज का उदाहरण है, जिसमें मजबूती, कार्यक्षमता और प्रामाणिकता को प्राथमिकता दी गई है। ग्राहकों के लिए गाड़ी की टेस्ट ड्राइव और डिलीवरी आज से शुरू हो चुकी है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने काइलैक के लॉन्च पर कहा कि यह एसयूवी भारतीय बाजार में स्कोडा के विकास को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

शार्क टैंक इंडिया 4 में दिखा आरबीडी मशीन टूल्स का प्रेरणादायक सफर

बंगलुरू । खेती अगर ज्यादा आसान, अधिक कुशल एवं फायदेमंद हो जाए तो आरबीडी मशीन टूल्स को लाने के पीछे यही सोच है। यह नई पहल करने वाला एक स्टार्टअप है, जो भारत में खेती में बड़ा बदलाव ला रहा है। राजस्थान के एक छोटे-से गांव के देवेन्द्र कुमार टेलर और भूपेन्द्र कुमार टेलर द्वारा स्थापित इस कंपनी का लक्ष्य किसानों को नये-नये टूल्स तथा टेक्नोलॉजी से सशक्त करना है। ग्राहक को सबसे अधिक महत्व देने के नजरिये के साथ, आरबीडी मशीन टूल्स गुणवत्ता एवं किफायत के साथ ही किसानों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। आरबीडी मशीन टूल्स भारत के सबसे तेजी से बढ़ रहे एग्री-मशीनरी ब्रैंड्स में से एक है।

रीति स्पोर्ट्स की एमओएस यूटिलिटी से साझेदारी

नई दिल्ली। रिति स्पोर्ट्स ने भारत के लॉटरी उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए 2023 में सूचीबद्ध तेजी से बढ़ती फिनटेक कंपनी एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड एक तेजी से बढ़ती फिनटेक कंपनी है, जिसे 2023 में सूचीबद्ध किया गया था। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत के लॉटरी उद्योग को पुनर्परिभाषित करना है। यह सहयोग उन राज्यों में, जहां ऑनलाइन लॉटरी संचालन की अनुमति है, पारदर्शिता, डिजिटल परिवर्तन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड के 1.92 लाख एजेंट नेटवर्क का उपयोग करेगा।

अकादमिक विशेषज्ञों ने की डिजिटल नवप्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित

नई दिल्ली। नीति निमार्ताओं, उद्योगपतियों और अकादमिक विशेषज्ञों ने ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) के एजुकेशन वर्टिकल द्वारा From Chalkboards to Chatbots: The Evolution of Digital Education and EdTech in Bridging Educational Gapsविषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में यह बात रेखांकित की कि कैसे डिजिटल नवप्रवर्तन शैक्षणिक अंतर पाट सकता है और सभी के लिए समावेशी सीख सुनिश्चित कर सकता है। इस आयोजन में नई दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के उच्चायोग के प्रथम सचिव पीटर महाफा और बोलिविया दूतावास के सिविल अटैच क्रिस्टियन डब्लू विलैरियल दुरान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

सेंसेक्स में 631 अंकों की उछाल

मुंबई। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में लिवाली आने से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 631 अंक और निफ्टी करीब 206 अंक चढ़कर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से पहले विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 631.55 अंक यानी 0.83 प्रतिशत उछलकर 76,532.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.32 अंक चढ़कर 76,599.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 205.85 अंक यानी 0.90 प्रतिशत बढ़कर 23,163.10 पर पहुंच गया। भारतीय बाजार ने खपत और रोजगार बढ़ाने के लिए कुछ नीतिगत उपायों की उम्मीद में बजट के पहले जुझारू रवैया दिखाया है। निवेशकों की नजरें अब फेडरल रिजर्व समिति की आगामी बैठक पर टिकी हैं। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने लगभग सात प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। इसके उलट, आईटीसी होटल, भारती एयरटेल, मारुति, एशियन पेंट्स और आईटीसी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। छोटी कंपनियों के बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 3.28 प्रतिशत और मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 2.54 प्रतिशत की जोरदार तेजी दर्ज की गई। इस तरह बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से कुल 2,978 के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,011 कंपनियों में गिरावट रही और 93 अन्य अपरिवर्तित रहीं। अधिकांश प्रमुख क्षेत्रों ने बाजार की रौनक लौटाने में योगदान दिया। छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांकों में आई तगड़ी बढ़त इस कारोबारी सत्र की खासियत रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में रोजमर्रा के उत्पाद बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों के खंड को छोड़कर बाकी सभी खंडों में तेजी रही। रियल्टी खंड में सर्वाधिक 3.10 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 2.94 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त पर रहे। शंघाई और हांगकांग के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी का माहौल रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 4,920.69 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

6.4 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि के लिए राजकोषीय और मौद्रिक नीति में बदलाव की जरूरतः मूडीज

नयी दिल्ली। मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि रुपये में गिरावट, घटते विदेशी निवेश और अस्थिर मुद्रास्फीति के बीच भारत को वर्ष 2025 में 6.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि हासिल करने के लिए अपनी राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति में बदलाव करने होंगे।

विश्लेषक फर्म मूडीज एनालिटिक्स ने उम्मीद जताई कि वित्त वर्ष 2025-26 का एक फरवरी को आने वाला बजट घरेलू मांग खासकर निवेश का समर्थन करेगा जबकि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से कम रखने का लक्ष्य रखा जायेगा। वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.6 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर 4.9 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है। मूडीज एनालिटिक्स में सह-अर्थशास्त्री अदिति रमण ने कहा कि भारत 2025 में मुश्किल हालात का सामना कर रहा है। रुपये में आ रही कमजोरी, घटता विदेशी निवेश और अस्थिर मुद्रास्फीति सबसे बड़े आर्थिक जोखिम वाले क्षेत्र हैं। अगर भारत को 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करनी है, तो राजकोषीय और मौद्रिक नीति में बदलाव की जरूरत है, जो साल की पहली छमाही में हो सकते हैं। रेटिंग एजेंसी मूडीज की सहयोगी इकाई ने कहा कि 2024 में भारत एशिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक था लेकिन पहली तीन तिमाहियों में इसकी जीडीपी वृद्धि कम हुई है। दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि में तेजी आने से कैलेंडर वर्ष 2024 में कुल मिलाकर 6.8 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। इसके मुताबिक, इसकी तुलना 2023 की 7.8 प्रतिशत वृद्धि से की जाए तो अर्थव्यवस्था की नरमी वर्ष 2025 के लिए सतर्क रुख अपनाने का संकेत दे रही है। ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची रहने से घरेलू मांग कम होगी। इसके अलावा अमेरिका में भारतीय आयातों पर शुल्क बढ़ने से निर्यात परिवेश चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

सरकार ने कुछ प्रकार की नौकाओं और वाहनों के आयात पर लगा प्रतिबंध हटाया

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कुछ प्रकार की गश्ती नौकाओं और वाहनों पर आयात प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय ने बयान में कहा है कि गश्ती या निगरानी नौकाओं, एयर-कुशन वाहनों और रिमोट से संचालित वाहनों की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित से मुक्त में संशोधित किया गया है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान इन वस्तुओं का आयात 4.6 लाख डॉलर रहा। इनका आयात मुख्य रूप से फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग और ब्रिटेन से किया जाता है। डीजीएफटी ने एक अलग नोटिस में कहा कि उसने वार्षिक निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट रिटर्न दाखिल करने के लिए एक ऑनलाइन मॉड्यूल शुरू किया है। आरओडीटीईपी के तहत, कच्चे माल उत्पादों पर लगाए गए विभिन्न केंद्रीय और राज्य शुल्क, कर और शुल्क, निर्यातकों को वापस कर दिए जाते हैं। वर्तमान आरओडीटीईपी दरें 0.3 प्रतिशत से 4.3 प्रतिशत के बीच हैं।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे बढ़कर बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 86.55 प्रति डॉलर के भाव (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सकारात्मक घरेलू बाजारों से रुपये को समर्थन मिला, जबकि मजबूत अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार ने इसकी बढ़त को सीमित कर दिया।

कारोबारियों के मुताबिक, फेडरल रिजर्व के नीतिगत ब्याज दरों में कटौती नहीं करने की उम्मीदें बढ़ने से अमेरिकी डॉलर में तेजी आई। इसके साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने की धमकियों ने भी वैश्विक जोखिम धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.58 पर कमजोर रुख के साथ खुला और कारोबार के दौरान 86.49 के उच्चतम स्तर और 86.61 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया सकारात्मक रुख के साथ 86.55 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से एक पैसे अधिक है। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे कमजोर होकर 86.57 पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के कारण रुपये में नकारात्मक रुख के साथ कारोबार होने की आशंका है। महीने के अंत में आयातकों की डॉलर मांग आने और अमेरिकी प्रशासन द्वारा शुल्क को लेकर अनिश्चितता के कारण रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। हालांकि रिजर्व बैंक के किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को सहारा मिल सकता है। फेडरलरिजर्व की बैठक के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 108.11 पर रहा।

ग्लोब टेक्सटाइल्स का राइट्स इश्यू 14.69 प्रतिशत हुआ सब्सक्राइब

अहमदाबाद। ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69प्रतिशत का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है। यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा।

शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1:2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक पारिख ने कहा पहले ही दिन लगभग 15प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिलना हमारी कंपनी में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इस राइट्स इश्यू के माध्यम से हम स्ट्रेटेजिक एक्सपान्शन और एक्विजिशन के लिए जरूरी फंड जुटाना चाहते हैं, जिससे लोन्ग टर्म ग्रोथ संभव होगा। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का नेट प्रोफिट 380 लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 134 लाख रुपये था।

सोना 910 रुपये और चांदी एक हजार रुपये उछली

नयी दिल्ली। आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की भारी लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 910 रुपये चढ़कर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एक जनवरी से देखा जाए तो सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4,360 रुपये बढ़कर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। दो दिनों की गिरावट के बाद, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी बुधवार को 910 रुपये बढ़कर 83,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 82,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत 1,000 रुपए के उछाल के साथ 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो पिछले कारोबारी दिन 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वैश्विक स्तर पर जिंस बाजार में सोना वायदा 2,794.70 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, बुधवार को सोने में तेजी आई। इसका कारण कारोबारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड की अपेक्षित टैरिफ योजना को देखते हुए सुरक्षित निवेश को तरजीह दी। हालांकि, एशियाई जिंस बाजार चांदी वायदा 30.99 डॉलर प्रति औंस पर रहा। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा), जतीन त्रिवेदी ने कहा, बाजार प्रतिभागी अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) की ब्याज दर नीति के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि तत्काल ब्याज दर में कटौती की संभावना नहीं दिखती, लेकिन आगे का मार्गदर्शन, सोने की अगली दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होगा।

महाकुंभ भीड़ : प्रहलाद जोशी ने प्रयागराज के लिए हवाई किराये में वृद्धि पर डीजीसीए को लिखा पत्र

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने प्रयागराज के लिए अत्यधिक हवाई किराये को लेकर डीजीसीए को पत्र लिखा है।

उन्होंने पत्र में किराये को तर्कसंगत बनाने को कहा है। प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन से हवाई किराये में अच्छी-खासी वृद्धि हुई है। मंत्री ने अत्यधिक हवाई किराये पर चिंता व्यक्त की, जिससे श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक समागम में हिस्सा लेना मुश्किल हो रहा है। जोशी ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, हवाई किराया अत्यधिक महंगा होने से लोगों का महाकुंभ में आने के लिए योजना बनाना मुश्किल हो गया है। इस महीने की शुरुआत में यात्रा मंच इक्सिगो ने कहा था कि प्रयागराज के लिए उड़ानों की बुकिंग के साथ-साथ हवाई किराये भी कई गुना बढ़ गए हैं, क्योंकि काफी अधिक लोग महाकुंभ के लिए यात्रा कर रहे हैं। दिल्ली-प्रयागराज उड़ानों के लिए हवाई टिकट की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। हवाई किराये को तर्कसंगत बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। डीजीसीए अधिकारियों ने पिछले सप्ताह विमानन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

आई-क्यू ने किया 1 करोड़ से ज्यादा मरीजों का इलाज

नईदिल्ली। भारत के सुपर-स्पेशियलिटी आईकेयर हॉस्पिटल्स में से एक आई-क्यू को आंखों की देखभाल के क्षेत्र में सेवा करते हुए 18 साल पूरे हो गए हैं। आई-क्यू ने निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए साल 2025 के अंत तक 80,000 सर्जरी करने और अपनी नेटवर्क के जरिए 6,00,000 ज्यादा आंखों की जांच करने का बड़ा लक्ष्य रखा है। आई-क्यू ने साल 2024 में 25,000 सफल सर्जरी कीं और 2 लाख से अधिक ओपीडी मरीजों कंसल्टेंट दिया। यह दर्शाता है कि वंचित समुदायों को आंखों की देखभाल सुलभ बनाने के अपने मिशन पर आईक्यू लगातार और बेहतर तरीके से आगे बढ़ रहा है। आई-क्यू 2007 में स्थापना के बाद से ही सस्ती और विश्वस्तरीय आंखों की देखभाल दे रहा है। आईक्यू ने तब से अब तक 1 करोड़ से अधिक आंखों की जांच और 6 लाख से अधिक सर्जरी जैसे बड़े लक्ष्य को पार कर लिया है।

पेज एक का शेष

महाकुम्भ में

पहुंचे। हादसे के बाद रात करीब दो बजे कुंभ मेला क्षेत्र में लाउडस्पीकरों से लगातार मंत्रोच्चारण और श्लोकों की गूंज पर संगम की ओर जाने वाली एंबुलेंस और पुलिस वाहनों के सायरन के बजने की आवाज भारी पड़ने लगी। घायलों को मेला क्षेत्र में स्थापित केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई घायलों के रिश्तेदार और कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी वहां पहुंच गए। सुरक्षाकर्मी और बचावकर्मी कई घायलों को स्ट्रेचर पर ले जाते देखे गए। लोगों के कंबल और बैग सहित अन्य सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। कर्नाटक की एक श्रद्धालु सरोजिनी ने कहा, हम दो बसों में 60 लोग आए थे। अचानक भीड़ में धक्का-मुक्की होने लगी और हम फंस गए। हममें से बहुत से लोग गिर गए और भीड़ बेकाबू हो गई। महिला ने बताया, भागने का कोई मौका नहीं था, हर तरफ से धक्का-मुक्की हो रही थी।

दर्दनाक हादस

थीं। सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित घर पहुंचाया जा रहा है। सभी शंकराचार्य, महामंडलेश्वर और अखाड़ों ने सहयोग किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घटना दिल दहला देने वाली है। हम उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। हम कल रात से लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं। मेला प्राधिकरण, पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य जो भी व्यवस्थाएं की जा सकती थीं, उन्हें वहां तैनात कर दिया गया है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी। इसके लिए हमने जस्टिस हर्ष कुमार, पूर्व डीजी वीके गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस डीके सिंह की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। पूरे घटनाक्रम पर हम पूरे दिन मुख्यमंत्री के कंट्रोल रूम, मुख्य सचिव के कंट्रोल रूम और डीजीपी के कंट्रोल रूम से नजर रखते रहे और सुबह से ही प्रशासन से इस संबंध में लगातार संवाद होता रहा है। डीआइजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने कहा कि ब्रह्म मुहूर्त से पहले रात 1 से 2 बजे के बीच अखाड़ा मार्ग पर भारी भीड़ जमा हो गई।

मौनी अमावस्या

4 बजे तक छह करोड़ लोगों के स्नान ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह कुंभ मेले के इतिहास में किसी भी एक दिन श्रद्धालुओं के स्नान की सबसे बड़ी संख्या है। इससे पहले मकर संक्रांति को 3.5 करोड़ और मौनी अमावस्या के एक दिन पहले 28 जनवरी को 5 करोड़ लोगों ने संगम स्नान किया था। मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में संगम स्नान का रिकॉर्ड भी टूट गया है। मगंलवार रात मौनी अमावस्या के स्नान से पहले महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना के बाद अब स्थिति नियंत्रण में हैं और प्रशासन ने पहले से ज्यादा सख्ती बढ़ा दी है।

सभी अखाड़ों

में पवित्र डुबकी लगाते हैं। पुरी ने भगदड़ के बाद की स्थिति की तरफ इशारा करते हुए कहा, मैं समझता हूं कि आज का स्नान करना बहुत मुश्किल हो चुका था। उन्होंने हालांकि यह भी कहा, चाहे सुबह हो या शाम क्योंकि आज अमावस का स्नान है। आज रात का स्नान बहुत अच्छा स्नान है। पुरी ने महाकुम्भ के प्रबंधन की बागडोर सेना को सौंपने की समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की मांग के बारे में कहा, मैं समझता हूं कि यह विपक्ष की साजिश होगी। यह जांच का विषय है कि कहीं विपक्ष ने ही तो नहीं कुछ ऐसा किया जिसके कारण यह सब कुछ हुआ।

साधु संत और श्रद्धालु बोले, योगी सरकार की सक्रियता ने टाला बड़ा हादसा

महाकुम्भ नगर। मौनी अमावस्या पर्व पर बुधवार को महाकुम्भ में और भी बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन योगी सरकार की प्री प्लान्ड तैयारियों और अधिकारियों की सक्रियता ने इसे सीमित कर दिया। महाकुम्भ में विभिन्न साधु संतों और श्रद्धालुओं ने योगी सरकार की व्यवस्थाओं और सुविधाओं को लेकर यह प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है कि महाकुम्भ में योगी सरकार ने बहुत बेहतर व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन बुधवार को जिस तरह मेले में भीड़ बढ़ी, यह बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, योगी सरकार और मेला प्रशासन, मेला पुलिस की सजगता और सक्रियता से इस बड़े हादसे को सीमित कर दिया गया। खुद सीएम योगी इस घटना की पल-पल की रिपोर्ट लेते रहे। सुबह घटना की सूचना मिलते ही सीएम योगी ने अधिकारियों से अपडेट लिया और तड़के ही अपने सरकारी आवास पर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर के साथ उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद ने कहा कि महाकुम्भ में अफवाह की वजह से यह घटना घटी है, लेकिन योगी की सरकार ने, उनकी पुलिस ने इस घटना पर तुरंत एक्शन लिया जिससे बहुत से लोगों की जान बच गई। जिस तरह की भीड़ थी, ये हादसा बहुत बड़ा हो सकता था। ये योगी सरकार की व्यवस्था ही थी, यूपी पुलिस का क्विक रिस्पांस ही था, जो बड़ी घटना को सीमित कर दिया गया। इसके लिए योगी सरकार को साधुवाद। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि मौनी अमावस्या पर्व पर देश और दुनिया से करोड़ो श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी है।

महाकुंभ में भगदड़ : धनखड़ ने लोगों के हताहत होने पर शोक जताया

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान बुधवार को हुई भगदड़ की घटना पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में महाकुंभ के संगम क्षेत्र में बुधवार तड़के पवित्र स्नान करने बड़ी संख्या में पहुंचे तीर्थयात्रियों के बीच भगदड़ मचने से कई लोग हताहत हुए। धनखड़ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में हुए दुखद हादसे से अत्यंत व्यथित हूं। मैं हादसे में अपने परिजनों को खोने वाले श्रद्धालुओं के शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि ईश्वर दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करे।

राष्ट्रीय महत्वपूर्ण

बी श्रेणी के भारी शीरा और गन्ना रसाचीनीशीरा से उत्पादित एथनॉल की कीमतें क्रमशः 60.73 रुपये प्रति लीटर और 65.61 रुपये प्रति लीटर पर यथावत रखी गईं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह मिशन शुरू करने का फैसला किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि एनसीएमएम का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना और इस मामले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा इस मिशन के तहत 24 महत्वपूर्ण खनिजों को चिह्नित किया गया है। इसके लिए 16,300 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत महत्वपूर्ण खनिजों के अन्वेषण, खनन, प्रसंस्करण और उत्पादन बंद हो चुके उत्पादों से इन खनिजों की वसूली जैसे मूल्य शृंखला से जुड़े सभी चरण शामिल होंगे।

घाटी में 25

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जवान भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर के पास टुंडी तरार में इफ्तिखार हुसैन और उसके भाई मोहम्मद परवाज के घरों पर सुबह लगभग नौ बजकर 50 मिनट पर छापेमारी की गई, लेकिन एक घंटे से अधिक समय तक चली छापेमारी के दौरान कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने बताया कि दोनों का एक और भाई मोहम्मद असगर उर्फ बिल्ला उर्फ काका एक आतंकवादी है, जो नियंत्रण रेखा के पार से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।

नेविगेशन उपग्रह

23 मिनट पर प्रक्षेपित हुआ। यान ने लगभग 19 मिनट की यात्रा के बाद अपने पेलोड- एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को वांछित भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। यह नेविगेशन उपग्रह नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (नाविक) श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है, जिसका उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे के क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति, गति और समय की जानकारी प्रदान करना है।

यूपी की

दूसरा स्थान प्राप्त किया। त्रिपुरा की झांकी का विषय सनातन श्रद्धा था। आंध्र प्रदेश की झांकी ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। आंध्र प्रदेश की झांकी में पर्यावरण-अनुकूल लकड़ी के खिलौनों को प्रदर्शित किया गया था। केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की श्रेणी में जनजातीय कार्य मंत्रालय की झांकी को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य सहायक बलों की श्रेणी में दिल्ली पुलिस को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल घोषित किया गया। मंत्रालय ने कहा कि मार्चिंग दलों और विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, मंत्रालयों और केंद्र सरकार के विभागों की झांकियों का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायकों के तीन पैनल का गठन किया गया था। इसके अतिरिक्त, 26 से 28 जनवरी तक माई गोव पोर्टल पर नागरिकों से उनकी पसंदीदा झांकी और मार्चिंग टुकड़ियों को पसंदीदा श्रेणी के रूप में वोट देने के लिए एक ऑनलाइन मतदान कराया गया। इस पोल में, गुजरात की झांकी (स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास) पहले स्थान पर रही जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश (महाकुंभ 2025) और उत्तराखंड (सांस्कृतिक धरोहर और साहसिक खेल) की झांकी रही। सिग्नल्स दल को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल घोषित किया गया।

उत्तराखण्ड को

की पसंद के आधार पर देश में तीसरा स्थान मिला है जबकि गुजरात की झांकी को प्रथम व उत्तर प्रदेश की झांकी को द्वितीय स्थान मिला है। बता दें कि वर्ष 2023 में उत्तराखंड की झांकी मानस खंड को प्रथम स्थान हासिल हो चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि पर कहा है कि उत्तराखण्ड की झांकी ने कर्तव्य पथ पर सभी का ध्यान आकर्षित किया। स्वयं प्रधानमंत्री जी ने परेड के दौरान हाथ हिलाकर उत्तराखंड की झांकी को सराहा था। उत्तराखण्ड की झांकी में समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और यहां के साहसिक खेलों को बखूबी प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार द्वारा पर्यटकों को सुरक्षित और सुखद यात्रा के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य किये जा रहे हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

टी-20 : तिलक आईसीसी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई। भारत के प्रतिभाशाली बल्लेबाज तिलक वर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी की गई पुरुष टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 25 स्थान की लंबी छलांग लगाकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वर्मा अब बल्लेबाजों की सूची में ट्रैविस हेड के ठीक पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ने वर्मा पर 23 अंक की बढ़त बना रखी है। बाएं हाथ के बल्लेबाज वर्मा इस समय शानदार फॉर्म में है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की मौजूदा टी20 श्रृंखला में नाबाद 19, नाबाद 72 और 18 रन बनाए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच वर्तमान श्रृंखला में अभी दो मैच खेले जाने बाकी हैं तथा वर्मा के पास हेड से आगे निकलने और रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का मौका है। यह रिकॉर्ड वर्तमान में पाकिस्तान के बाबर आजम के नाम पर दर्ज है, जो 23 साल और 105 दिन की उम्र में नंबर एक पर पहुंचे थे। वर्मा की 832 अंकों की वर्तमान रेटिंग टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा हासिल की गई चौथी सबसे बड़ी रेटिंग है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत की तरफ से केवल सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली और केएल राहुल ही उनसे अधिक रेटिंग अंक हासिल कर पाए। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 59 स्थान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन (पांच पायदान ऊपर 32वें स्थान पर) और बेन डकेट (28 पायदान ऊपर 68वें स्थान पर) को भी अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच में 24 रन देकर पांच क्रिकेट लेने वाले चक्रवर्ती अपने इस करिश्माई प्रदर्शन से गेंदबाजों की रैंकिंग में चोटी के पांच गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं। उनके साथी स्पिनर अक्षर पटेल पांच पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन वर्मा उर्फ रामु वर्मा
इंडिका प्लाईवुड
बिसवां खुर्द तम्बौर-सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जावेद खान पूर्व (सभासद)
नगर अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी तम्बौर-सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
असलम गौरी
हिंदुस्तान टेबुलताप प्लाईवुड
गांजर चौराहा तम्बौर-सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राज किशोर कनोजिया (पूर्व प्रधान)
रचना प्लाईवुड
रेउसा रोड तम्बौर-सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह
थाना प्रभारी
तम्बौर-सीतापुर

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
रामबाबू-टी.ए.
ब्लाक महोली सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इस्राईल अंसारी, अब्दुल हक अंसारी
हिंदुस्तान प्लाईवुड
छतांगुर रोड तम्बौर-सीतापुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हजी फारूक अंसारी
ग्राम प्रधान
ड्योढ़ेडीह विकास क्षेत्र बेहटा तंबौर-सीतापुर

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धार्थ सिंहू-टी.ए.
ब्लाक महोली सीतापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बलराम नाग — प्रधान
नरेन्द्र — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बहम्नावों

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शफीकुन निशा — प्रधान
शिवेन्द्र प्रताप — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तरसेउरा

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मनोज कुमार
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
तंबौर-सीतापुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रम्ह प्रकाश — प्रधान
दिलीप सिंह — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बभिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम प्रसाद — प्रधान
बृजेश वर्मा — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत असईपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप गिरी
लेखपाल
तहसील महोली
सीतापुर

विश्वास हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी सेन्टर
पता- भुड़कुड़ा उरदौली निकट नहरपुल के आगे, सीतापुर 261141
सुविधायें:-
जिसमें डा. बंगाली बड़े दादा और योग्य डाक्टरों की टीम के द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन उचित दर पर किये जाते हैं, जैसे- आंत पित्ताशय, गुर्दे, बच्चेदानी तथा नार्मल डिलेवरी व ऑपरेशन कम खर्चे में संतोषजनक किये जाते है। इसके अलावा बवासीर, भगन्दर, नासूर, हाइड्रोसील, हार्निया (आंत) उतरना आदि का गारंटी के साथ इलाज किया जाता है।
सर्प कांटने, जहर खाये हुये और चर्म रोगों का शर्तिया इलाज होता है।
डा० एस. के. विश्वास 8933909038, 8840047849
डा० राजीव विश्वास (एम.डी.) 6386151863, 9415931294
डा० सम्राट विश्वास 9838612036
सम्बन्धित प्रतिष्ठान
ऑल इण्डिया इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइंस
पैरामेडिकल के अन्तर्गत सभी प्रकार के प्रैक्टिकल व ट्रेनिंग के साथ कोर्स पढ़ाये जाते हैं
डायग्नोस्टिक सेन्टर, विश्वास मेडिकल स्टोर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आराधना सिंह — प्रधान
राजेश सिंह — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत चन्द्रसेनी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेश कुमार — प्रधान
जगदेव प्रसाद — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश भार्गव — प्रधान
सन्त लाल — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खुरवलिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीसा — प्रधान
अवनीश शुक्ला — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जटपुरवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरस्वती देवी — प्रधान
विकास शुक्ला — प्रधान प्रतिनिधि
मनबहार बाजपेयी-ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत थानगाँव

कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद, खैराबाद नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए निवेदन करती है कि

अपील

1. यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने में अपना सार्थक योगदान दें।
2. जन्म - मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
3. पॉलिथिन का प्रयोग निषिद्ध है। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
4. नाला-नालियों व सड़क की पटरियों तथा सरकारी/नजूल भूमि पर अतिक्रमण न करें।
5. पथ प्रकाश बिन्दुओं व जलकल की टोटियों को क्षतिग्रस्त होने से बचायें।
6. नाली, सड़क, जलापूर्ति, जलजमाव व साफ-सफाई संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 1533 पर या पालिका स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में करें।
7. अपने भवन के गृहकर-जलकर, दुकान किराया व लाइसेन्स शुल्क आदि का भुगतान समय से करें। गृहकर जलकर का भुगतान ऑनलाईन नगर पालिका परिषद खैराबाद की वेबसाइट https://www.khairabadnpp.in या https://ulbapp.in पर भी कर सकते हैं।
8. सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र की स्वीकृति के उपरान्त ही भवन का निर्माण करायें।
9. निरोगी काया हेतु अपने जीवन में योग, प्राणायाम व ध्यान को नियमित रूप से शामिल करें।
10. अपने भवन व प्लाट के खाली स्थानों पर पौधारोपण करें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।
11. फास्ट फूड बीमारियों की जड़ है अतएव फास्ट फूड के सेवन से परहेज करें।

(प्रेम शंकर गुप्ता)	समस्त	(बेबी अभिषेक गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी	सभासदगण	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद	नगर पालिका परिषद खैराबाद	नगर पालिका परिषद खैराबाद

पत्रांकः- 71/न.पा.प.खैराबाद/2024-25, दिनांकः- 24 जनवरी, 2025

दूरभाष संख्या-05862244858 ई-मेल-nodelnpp2011@gmail.com वेबसाइट-www.nagarpalikaparishadsitapur.org.in

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर

नगर पालिका परिषद, सीतापुर अपने नगर निवासियों से 26 जनवरी 2025 गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में अपील करती है कि

01. नागरिकों से अपील है, कि घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया में समस्त जनता अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें एवं घर मे सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग किया जाय, सूखा कचरा नीले में व गीला कचरा हरे कचरे पात्र में ही डालें इसी प्रकार नगर पालिका की गाड़ियों में प्रतिदिन सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रिसाइकल करें।
02. आप अपने घर मे एक कूड़ेदान में गीला कूड़ा हरा डिब्बे व सूखा कूड़ा नीला डिब्बे में अवश्य रखें।
03. नगर में निर्मित सामुदायिक शौचालय सार्वजनिक शौचालय/यूनिरल निर्मित पिंक शौचालयो का सदैव प्रयोग करे, खुले में शौच तथा पेशाब न करे स्वच्छता में सहयोग करें।
04. सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक युक्त सामग्री का प्रयोग न करें और न ही दूसरो को करने दे, पॉलीथिन पर्यावरण के लिये हानिकारक है, पालीथिन का प्रयोग/विक्रय करते हुये पाये जाने पर मु0-50,000.00 तक जुमार्ना का प्राविधान है।
05. अपने जानवरों को खुला न छोड़े, तथा सड़कों व सार्वजनिक स्थान पर न बाधें।
06. चाय की बिक्री में कॉच के ग्लास व कुल्हड़ का प्रयोग करें, प्लास्टिक के ग्लास का प्रयोग न करें।
07. मार्गों एवं गलियों में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।
08. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के अन्दर कराकर नि:शुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
09. बकाया करों के सरचार्ज में छूट का लाभ उठाए जाने हेतु करों की अदायगी करें।
10. जल का दुरूपयोग रोके जाने हेतु नलों की टंकी खुली न छोड़ें।

(वैभव त्रिपाठी)	(नेहा अवस्थी)
अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सीतापुर	नगर पालिका परिषद सीतापुर

समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद सीतापुर

पत्रांकः- 1399/सा0प्र0/न0पा0प0सी0/2024-25, दिनांकः- जनवरी, 2025

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशील कुमार
एसके ट्रेडर्स भगवंत नगर
विकासखंड सुमेरपुर उन्नाव

गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

बम्बालाल दिवाकर
भाजपा विधायक
विधानसभा सफीपुर
उन्नाव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. राजेश वर्मा
सीएचसी अधीक्षक
सफीपुर
उन्नाव

गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शालिनी गौड़
प्रधान
अभिनव गौड़
एडवोकेट
ग्राम देवगांव सफीपुर, उन्नाव
अशोक विश्वकर्मा
प्रधान
उत्तम अवस्थी
ग्रा.पं. अधिकारी
ग्राम मवईलाल, सफीपुर उन्नाव

गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

उत्तम चन्द्र उर्फ राकेश लोधी
एडवोकेट/भाजपा नेता
167 पुरवा विधानसभा जनपद उन्नाव

समस्त जनपदवासियों को 76 वें
गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं !!

गौरांग राठी — जिलाधिकारी उन्नाव
प्रेमप्रकाश मीणा — मुख्य विकास अधिकारी उन्नाव
श्रीकान्त कटियार — विधायक, बाँगरमऊ
मनोज निषाद — ब्लाक प्रमुख फतेहपुर चौरासी
हेमन्त कुमार — सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) फतेहपुर चौरासी
श्वेता त्रिपाठी — खण्ड विकास अधिकारी फतेहपुर चौरासी

सम्मानित ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड– फतेहपुर चौरासी, जनपद– उन्नाव

राम-दुलारे-यादव — ग्राम विकास अधिकारी
विवेक-कुमार — ग्राम पंचायत अधिकारी
शैलेन्द्र-त्रिपाठी — ग्राम पंचायत अधिकारी
विभय-श्रीवास्तव — ग्राम विकास अधिकारी
अभिनव-अवस्थी — ग्राम विकास अधिकारी
सुशील-कुमार — ग्राम पंचायत अधिकारी
रजत-अवस्थी — ग्राम पंचायत अधिकारी
महेन्द्र-शाहू — ग्राम पंचायत अधिकारी
गरिमा-शुक्ला — ग्राम विकास अधिकारी
गंगा-बक्स-भारती — ग्राम विकास अधिकारी
प्रशांत-शुक्ला — ग्राम पंचायत अधिकारी
अजय-विमल — ग्राम पंचायत अधिकारी

सम्मानित ग्राम प्रधान, विकास खण्ड– फतेहपुर चौरासी, जनपद– उन्नाव

संध्या देवी — गंगादासपुर
श्रीमती शालू — शकूराबाद
रंजना पाण्डेय — गौरीमऊ
बीनू सिंह — फिरोजपुर खुर्द
किरन शुक्ला — मझेरिया कला
प्रियंका भारती — रुस्तमपुर
श्रीमती रेशमा — बरौंकी
जानकी देवी — कुड़ीना
अलीकुन निशा — टिकाना
माया देवी — फतेहपुर चौरासी ग्रा.
सोनू शुक्ला — प्रतितिधि पट्टी उस्मान
राधेश्याम पाल — खैरी गुरदासपुर
मो. रफीक — पट्टी हमीद
विकास निषाद — प्रधान पुत्र जाजामऊ गै.ए.
मोहन — खेवरई
राजनारायण — तालिबपुर रहली
जितेन्द्र — सादुल्लापुर
अजय सिंह — प्रतिनिधि मोहिद्दीनपुर
रामखेलावन — पतौली

क्रमांक	ग्राम पंचायत	ग्राम प्रधान	क्रमांक	ग्राम पंचायत	ग्राम प्रधान	क्रमांक	ग्राम पंचायत	ग्राम प्रधान	क्रमांक	ग्राम पंचायत	ग्राम प्रधान
1	अहमदाबाद माथर	श्रीमती सरजू देई	18	गौरीमऊ	श्रीमती रंजना पाण्डेय	36	हफीजाबाद	आशीष कुमार	55	मतलबपुर	दिलीप कुमार सिंह
2	फतेहपुर चौरासी ग्रामीण	श्रीमती माया	19	झूलूमऊ	श्रीमती आरती	37	हरदासपुर	श्रीमती अनीता	56	पट्टी उस्मान	मनीष शुक्ला
3	रूस्तमपुर	प्रियंका भारती	20	शाहपुर बुजुर्ग	जहूर अली	38	जैतपुर	श्रीमती मंजू देवी	57	सादुल्लापुर	जीतेन्द्र कुमार राजपूत
4	उम्मरपुर प्रीतम	श्रीमती मधुरी बाजपेयी	21	शाहपुर खुर्द	श्रीमती सुशीला देवी	39	पेसारी	कमल किशोर	58	ऊन्नू देहात	सत्य ज्ञान प्रकाश
5	बारीवाना	श्रीमती टिकाना	22	खेवरई	मोहन	40	राजेपुरखण्ट	श्रीमती मैशूबन	59	बरौंकी	श्रीमती रेशमा
6	उदशाह	रामनरायण	23	मोहिउद्दीपुर	श्रीमती विभा सिंह	41	तकिया निगोही	घनश्याम	60	जसरामरूफपुर	श्रीमती संगीता
7	बरूवाघाट	कंचन देवी	24	पतौली	श्रीमती कान्ती देवी	42	जाजामऊ ऐहतमाली	रोशन कुमार	61	रज्जाकपुर	हरिकरन
8	लखनापुर	विजय पाल यादव	25	शकूराबाद	श्रीमती शालू	43	जाजमऊ गैर ऐहतमाली	श्रीमती सोनेश्वरी	62	सराय अख्त्यारपुर	श्रीमती निखत आस्मा
9	राजेपुर	शंकरदयाल	26	दबौली	विजय शंकर	44	मझरिया कला	श्रीमती किरन	63	टिकाना	श्रीमती अलीकुन निशा
10	अहमदाबाद सेननगर	सर्वेश कुमार	27	गडाई	लक्ष्मी नारायण	45	हुसैननगर पट्टी परशुरामपुर	अनुज कुमार	64	गजफ्फरपुर पैसरा	अवधेश कुमार
11	भड़सर नौसहरा	रामरतन पाल	28	इस्माइलपुर नौगवा	श्रीमती माया देवी	46	पट्टी हमीद	मो0 रफीक	65	शेरपुर अधिरछा	संजय कश्यप
12	दोस्तपुर सिवली	पवन पाल	29	खैरीगुरूदासपुर	राधेश्याम 'लाला पाल'	47	सैता	------------	66	खानपुर कुरौली	जिज्ञासू पाण्डेय
13	कठिघरा	कुलदीप कुमार 'दीपक भइया'	30	खानपुर बिचौली	सोहनलाल	48	गंगादासपुर	श्रीमती संध्या देवी	67	शिवपुरी	श्रीमती कलावती
14	पिचनहार	श्रीमती तारा	31	समसमपुर अटिया कबूलपुर	श्रीमती अनुराधा सिंह	49	हयासपुर	श्रीमती रामदेवी	68	शाहनगर	श्रीमती लक्ष्मी
15	सेलापुर	संजय कुमार	32	सरहासकतपुर	शिव गोपाल	50	जमरूद्दीनपुर	श्रीमती मुन्नी देवी	69	सूसूमऊ	देवेन्द्र कुमार 'राकेश'
16	टांडा सातन	श्रीमती रामखुशी	33	दशहरी	जय किशन	51	लवानी	सोहन	66	खानपुर कुरौली	जिज्ञासू पाण्डेय
17	बूलापुर हसनापुर	देवी सहाय	34	दौलतपुर	इशरत अली 'गुनारे प्रधान'	52	तालिबपुर रहली	राजनारायण	67	शिवपुरी	श्रीमती कलावती
			35	फखरापुर	श्रीमती श्यामावती	53	फिरोजपुर खुर्द	श्रीमती बीनू सिंह	68	शाहनगर	श्रीमती लक्ष्मी
						54	कुड़ीना	श्रीमती जानकी	69	सूसूमऊ	देवेन्द्र कुमार 'राकेश'

रमा शंकर तिवारी (पत्रकार) विकास खण्ड फतेहपुर चौरासी-उन्नाव 6307539727

गौरांग राठी — जिलाधिकारी, उन्नाव
प्रेम प्रकाश मीणा — मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव
शकुन सिंह — अध्यक्ष, जिला पंचायत, उन्नाव
साक्षी महाराज — सांसद, उन्नाव
बृजेश रावत — विधायक, मोहान
HAPPY REPUBLIC DAY
मुनीश चन्द्र — खण्ड विकास अधिकारी/ डीसी मनरेगा, उन्नाव
रोशनी रावत — ब्लाक प्रमुख नवाबगंज, उन्नाव
रवि सिंह — ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नवाबगंज, उन्नाव
गणतन्त्र दिवस 2025 के पावन पर्व की आप सभी क्षेत्र, ग्राम व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.से - विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद उन्नाव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वरित चौधरी

प्रदेश सचिव
समाजवादी पार्टी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गरिमा बाजपेई
नगर पंचायत अध्यक्षा

सौरभ बाजपेई
उर्फ राजा बेटा
सफीपुर, उन्नाव (चेयरमैन प्रतिनिधि)
भाजपा नेता एवं समाजसेवी

कार्यालय नगर पालिका परिषद–हाटा, जनपद– कुशीनगर

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों एवं नगरवासियों को नगर पालिका परिषद हाटा की तरफ से हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।

मा. नरेन्द्र मोदी — प्रधानमंत्री, भारत सरकार
मा. योगी आदित्यनाथ — मुख्यमंत्री उ.प्र.सरकार
मा. विजय कुमार दूबे — सांसद, कुशीनगर
मा. रतनपाल सिंह — मा. सदस्य विधान परिषद
मोहन वर्मा — मा. विधायक, हाटा
अरविन्द कुमार शर्मा — मा. नगर विकास मंत्री, उ.प्र. सरकार

" न रहे गंदगी , न खुले में शौच, स्वच्छ होगा भारत, स्वस्थ होगें सब लोग "
"मेरा नगर साफ हो, इसमें हम सब का हाथ हो" मिलकर स्वच्छ नगर, स्वच्छ भारत बनाने में सहयोग करें:-
स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

1. नगर के समस्त दुकानदार भाईयों, ठेला, फेरी विक्रेता एवं सभी हाटा में निवास कर रहे सम्मानित जनता से अनुरोध है कि नगर को स्वच्छता अभियान के अर्न्तगत नगर में कूड़े हेतु कूड़ादान एवं नगर पालिका परिषद हाटा की गाड़ी का प्रयोग करें।
2. सभी प्रकार के प्लास्टिक, थर्माकोल के बैग, गिलास, प्लेट, थाली आदि प्रतिबंधित कर दिये गये हैं, इसका विक्रय व उपयोग वर्जित हैं।
3. बिना नक्शा स्वीकृत कराये भवन निर्माण न करायें तथा किसी भी दशा में सड़क की पटरी/नाली/सड़क अथवा अन्य सार्वजनिक स्थल पर अतिक्रमण न करें। यह संज्ञेय अपराध है।
4. नगर के सभी बुजुर्गों, भाईयों, माताओं एवं बहनों से अनुरोध है कि शौचालय का प्रयोग करें।
5. नगर पालिका के डोर टू डोर कूड़ा संग्रह कार्यक्रम में पूरा सहयोग करें।

74 लाख की लागत से रजही पोखरे का सौन्दीयकरण कार्य।
19 करोड़ लागत से सभी वार्डों में सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य।
4 करोड़ की लागत से 60 प्राथमिक विद्यालयों में टाईलीकरण
80 लाख की लागत से सफाई व्यवस्था हेतु 10 अदद ट्रिपर क्रय
10 करोड़ की लागत से सभी वार्डों में जल निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य।
1.5 करोड़ की लागत से सभी वार्डों में सेमी हाईमास्ट व बड़ा हाईमास्ट स्थापना।

(मनोज कुमार यादव) — अवर अभियंता हाटा
(मीनू सिंह) — अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद- हाटा
(वैभव मिश्रा) — अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुशीनगर
(विशाल भारद्वाज) — जिलाधिकारी कुशीनगर

-:: सम्मानित सभासदगण ::-
पत्रांक:–मेमो/न0पा0प0 हाटा/2024–25 दिनांक: 24 जनवरी 2025

1. श्रीमती देवन्ता देवी
2. विनय सिंह
3. विजय कुमार वर्नवाल
4. श्रीमती खेदनी देवी
5. श्रीमती संजू देवी
6. विश्राम प्रसाद
7. श्रीमती बदामी देवी
8. श्रीमती निधि मिश्रा
9. श्रीमती मुन्नी देवी
10. श्रीमती सुनीता मौर्या
11. अमित मणि
12. मनीष चौरसिया
13. रणजीत सिंह
14. मिठाई सिंह
15. श्रीमती प्रतिमा मल्ल
16. श्रीमती अनीता सिंह
17. हरेराम सिंह
18. विनय प्रताप सिंह
19. जयप्रकाश जायसवाल
20. श्रीमती चन्द्रावती देवी
21. मनीष कुमार रूंगटा
22. प्रमोद गुप्ता
23. सैफुद्दीन आलम
24. छांगुर रौनियार
25. टीपू खान

रामानन्द सिंह
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद हाटा, जनपद- कुशीनगर